@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
वीरवार, 12 सितंबर 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 307 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## घुसपैठ की ताक में था शख्स, खदेड़ा: मुख्यमंत्री सरमा

गुवाहाटी, 11 सितंबर। असम में घुसपैठ की कोशिश नाकाम करने का दावा करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, अवैध तरीके से घुसने की ताक में लगे एक बांग्लादेशी को असम पुलिस ने वापस खदेड़ दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में घुसपैठ के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो रही है। सीएम सरमा के



मुताबिक इस महीने अब तक 18 घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजा जा चुका है। एक्स पर कार्रवाई की जानकारी देते हुए सीएम ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक तोयू शेख को करीब 1.45 बजे वापस भेज दिया गया। सुरक्षाबल मुस्तैद हैं और भारतीय सीमा में घुसपैठ की हर कोशिश का माकूल जवाब दिया जा रहा है। सरमा ने बताया कि रविवार को भी दो बांग्लादेशी नागरिकों को वापस खदेड़ा गया था। इसके अलावा सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस ने चार सितंबर के बाद से 17 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस उनके देश भेज दिया। मुख्यमंत्री के दावे के मुताबिक बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरने, राजनीतिक उथल-पुथल और जनाक्रोश के बीच अगस्त के अंत तक कई बांग्लादेशी नागरिकों ने घुसपैठ का प्रयास किया। अगस्त के अंत तक 50 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस खदेड़ा गया। सीएम हिमंत के मुताबिक कपड़ा उद्योग में काम करने और दक्षिणी शहरों तक पहुंचने के लिए घुसपैठिए असम के रास्ते भारत में दाखिल होने की ताक में रहते हैं। गौरतलब है कि बांग्लादेश की अशांति के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पूर्वोत्तर की 1885 किलोमीटर लंबी सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है।

# राष्ट्र विरोधी बातें करना और देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े होना राहुल की आदत: अमित शाह

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 11 सितंबर। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फिर अपनी टिप्पणी के कारण घिर गए। अमेरिका में उन्होंने आरक्षण को लेकर बयान दिया था, जिस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे को सामने ला दिया है। उन्होंने कांग्रेस सांसद पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक भाजपा है तब तक न तो कोई आरक्षण खत्म कर सकता है और न ही कोई देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकता है। बता दें कि राहुल गांधी ने अमेरिका के जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि जब भारत निष्पक्ष देश होगा, तब कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जो अभी नहीं है। अमित शाह ने कहा, देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जेकेएनसी के देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है। भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गाँधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर



आ ही जाते हैं। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूँ कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। राहुल गांधी की टिप्पणी पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पलटवार किया। उन्होंने कहा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी अपने विदेश दौरे के दौरान जिस तरह की भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं, वह बेहद शर्मनाक और भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने कहा है कि भारत में सिख समाज को गुरुद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बात एकदम बेबुनियाद और सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने आगे कहा, भारत की संस्कृति की रक्षा करने में सिख समाज की जो बड़ी भूमिका रही है, उसको पूरा देश मानता है और उनका सम्मान करता है। उनके बारे में इस तरह की मनगढ़न्त बातें करना, विपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता। राहुल जी का यह दावा कि एनडीए सरकार आरक्षण को समाप्त कर देना चाहती है, भी एकदम निराधार है। हमारे प्रधानमंत्रीजी ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के कल्याण और विकास के लिए आरक्षण की व्यवस्था को मज़बूत किया है। इसी तरह भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर भी जिस तरह के दावे उन्होंने अमरीका की धरती पर किए हैं, वे भी भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। लगता है कि मुहब्बत की दुकान चलाते- चलाते राहुलजी झूठ की दुकान खोल कर बैठ गये हैं। इस तरह की गलतबयानी से राहुलजी को परहेज करना चाहिए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि आरक्षण को लेकर राहुल गांधी का रुख नया नहीं है। उन्होंने कहा, यह गांधी परिवार के लंबे समय से चले आ रहे विचारों को दर्शाता है।

## चंडीगढ़ में बम अटैक: सेक्टर-10 की कोठी पर हैंड ग्रेनेड फेंका

चंडीगढ़, 11 सितंबर। चंडीगढ़ के सेक्टर-10 में बम अटैक हुआ है। यहां कोठी नंबर-575 में बम ब्लास्ट हुआ है। शहर के सबसे पॉश एरिया में इस घटना के बाद पुलिस सहित अन्य एजेंसियों के हाथ-पांव फूल गए हैं। घटना की सचूना मिलते ही पुलिस सहित क्राइम ब्रांच और अन्य कई जांच टीमें मौके पर पहुंची हैं। वहीं, चंडीगढ़ पुलिस विभाग के महानिदेशक सुरेंद्र सिंह यादव, आईजी राजकुमार, एसएसपी कंवरदीप कौर, एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा ले रहे हैं। इसके अलावा बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड टीम के अलावा फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार एक ऑटो में तीन युवक आए थे, जो कोठी में हैंड ग्रेनेड फेंक कर फरार हो गए। आरोपी जिस ऑटो से आए थे उसी में सवार होकर भागे हैं। आरोपियों के भागते हुए का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। हैंड ग्रेनेड के फेंकते ही घर में बम ब्लास्ट हुआ। धमाके से घर की खिड़कियों के शीशे टूट गए। सेक्टर-10 शहर का सबसे पॉश एरिया है। बताया जा रहा है कि शाम लगभग 6־03 बजे कोठी नंबर-575 में धमाके की तेज आवाज आई। धमाके की गूंज आधा किलोमीटर से भी ज्यादा एरिया तक सुनाई दी। इस घटना में अभी तक किसी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। वहीं, घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने के लिए तैयार हुए प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर

**सौरभ शर्मा**

कोलकाता, 11 सितंबर। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में राज्य में अभी भी प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस चिट्ठी में राज्य में जारी गतिरोध को रोकने के लिए सीएम के साथ बैठक की मांग की। इससे पहले सीएम ममता बनर्जी ने गतिरोध सुलझाने के लिए आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों को राज्य सचिवालय में बैठक के लिए बुलाया था। इस पर डॉक्टरों ने कहा था कि बंगाल के जिस स्वास्थ्य सचिव का हम इस्तीफा चाहते हैं, बैठक के लिए उनका मेल करना अपमानजनक है। डॉक्टरों ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक के लिए प्रतिनिधियों की संख्या को 10 तक सीमित करना भी उनके लिए अपमानजनक है। इस पर बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल के बैठक में आने का अपने कमरे में इंतजार करती रहीं, लेकिन उन्हें डॉक्टरों की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना नौ अगस्त की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में



चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। आठ अगस्त को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। घटना के दूसरे दिन सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में ह ?कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया। पोस्टमॉर्टम की शुरुआती रिपोर्ट से पता चला है कि महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। जूनियर महिला डॉक्टर का शव गद्दे पर पड़ा हुआ था और गद्दे पर खून के धब्बे मिले। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि मृतक महिला डॉक्टर के मुंह और दोनों आंखों पर था। गुप्तांगों पर खून के निशान और चेहरे पर नाखून के निशान पाए गए। होठ, गर्दन, पेट, बाएं टखने और दाहिने हाथ की उंगली पर चोट के निशान थे। बता दें कि मामले की जांच के लिए आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने 51डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है। उन्हें 11 सितंबर को जांच समिति के सामने पेश होने को कहा गया है। उन पर संस्थान के लोकतांत्रिक माहौल को खतरे में डालने, डराने-धमकाने की संस्कृति को बढ़ावा देने और काम करने वाले माहौल को खराब करने का आरोप है।

## सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी ढेर

**कौमी संवाददाता**

जम्मू, 11 सितंबर। जम्मू और कश्मीर के उधमपुर और कठुआ जिलों के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। मुठभेड़ के दौरान सेना के जवानों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ की शुरुआत के बाद से सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी थी। अभी ऑपरेशन जारी है। उधमपुर और कठुआ जिलों के इन संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने गहन तलाशी अभियान शुरू किया है। इलाके में भारी बारिश और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षाबल आतंकवादियों को ढूंढने में सफल रहे हैं। इलाके में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है और नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकियों के पास से एक एम 4 राइफल, एके राइफल और पिस्टल समेत विभिन्न हथियार बरामद किए हैं।

## हमें एनडीए-इंडिया से मतलब नहीं, लोगों ने पीएम मोदी को नकारा

जम्मू, 11 सितंबर। जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला निर्वाचन क्षेत्र से सांसद इंजीनियर राशिद बुधवार को जेल से रिहा हुए। रिहाई के बाद इंजीनियर राशिद ने कहा कि उनका किसी से कोई लेना-देना नहीं। एनडीए-इंडिया से उन्हें मतलब नहीं है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पीएम मोदी को नकार दिया है। जम्मू-कश्मीर के मसले हल करना हमारा मुद्दा है। पीएम मोदी की नया कश्मीर की कहानी जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह से विफल रही है। इंजीनियर राशिद ने कहा कि मैं अपने लोगों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम डरने वाले नहीं हैं। उमर अब्दुल्ला जो कहते हैं, मेरी लड़ाई उससे भी बड़ी है। इंजीनियर राशिद को 2 अक्तूबर तक अंतरिम जमानत प्रदान की गई है। रशीद ने 18, 25 सितंबर और 1 अक्तूबर को होने वाले आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। 18 सितंबर को कश्मीर में पहले चरण के मतदान से कुछ दिन पहले जमानत मिली है। राशिद के भाई चुनाव लड़ रहे हैं। इंजीनियर राशिद बारामुल्ला निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं। उनके भाई खुर्शीद अहमद अवामी इत्तिहाद पार्टी (एआईपी) के उम्मीदवार के रूप में उत्तरी कश्मीर की लंगेट सीट से जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 लड़ रहे हैं। उमर अब्दुल्ला के खिलाफ लोकसभा चुनाव जीतने से पहले राशिद इस सीट से दो बार विधायक रह चुके हैं।

## देश को गृह युद्ध की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे राहुल गांधी

लखनऊ, 11 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त राज्य अमेरिका में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दिए गए बयानों और उनकी हाल की गतिविधियों पर काफी नाराजगी जताई। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखकर आरोप लगाया कि राहुल गांधी का लक्ष्य देश को गृह युद्ध की तरफ धकेलना है। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की ओर अग्रसर हैं। इनका एकमात्र लक्ष्य भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करके देश को गृह युद्ध की ओर धकेलना है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि राष्ट्र विरोधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करने वाली और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी कर उसका बड़ा हिस्सा मुसलमानों को सौंपने वाली कांग्रेस के युवराज अब देश से आरक्षण को समाप्त करने का कुचक्र रच रहे हैं, किंतु राहुल गांधी को समझ लेना चाहिए

# हमारी सरकार बनने पर मुफ्त में देंगे 200 यूनिट बिजली: तेजस्वी यादव

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

समस्तीपुर, 11 सितंबर। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा है कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम बिहार वासियों को 200 यूनिट बिजली फ्री में देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता बिजली के महंगे बल देते देते थक चुकी है। इसलिए हमलोगों ने यह तय किया है कि जनता को 200 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाएगी ताकि उनको परेशानी का सामना न करना पड़े। समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन भाजपा और एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। बिहार की जनता महंगी बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त है। हमारी सरकार आने पर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार बिहार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है उसने साफ कह दिया है कि बिहार को वह कोई मदद नहीं कर सकते विशेष राज्य का दर्जा नहीं दे सकते



हैं। उन्होंने कहा कि गत लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने घोषणा की थी कि अगर महा गठबंधन की सरकार बनती है तो सभी लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री में दी जाएगी। वह अपनी पुरानी बात पर अडिग है आगामी विधानसभा चुनाव में अगर बिहार में सरकार बनती है तो वह 200 यूनिट बिजली फ्री में लोगों को उपलब्ध कराएंगे। तेजस्वी यादव ने हाल के दिनों में सत्ता संरक्षित व संपोषित अपराधियों द्वारा अनेक नेताओं सहित सैंकड़ों लोगों की निर्मम हत्या की गयी है और तीन सांसदों को धमकी' मिली है। मुख्यमंत्री अपराध और बदहाल विधि व्यवस्था को लेकर बिल्कुल ही बेखबर और बेफिक्र है। अपराधियों के तांडव पर सरकार और ह्ष्ठ के नेताओं की चुप्पी उनके द्वारा गुंडों/बदमाशों को दिए जा रहे संरक्षण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बिहार की डबल इंजन सरकार अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए आखिर और कितनी नरबलि लेती रहेगी?

## मैंने साबित कर दिया, ज्यादा वजन रखता है पार्टी कार्यकर्ता

मुंबई, 11 सितंबर। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने बुधवार को कहा कि उन्होंने साबित कर दिया है कि पार्टी में एक साधारण कार्यकर्ता का वजन उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पार्टी के राज्य प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले से ज्याादा होना चाहिए। एक दिन पहले सोमैया ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की ओर से सौंपी जा रही जिम्मेदारी लेने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं और किसी भी पद का लालच नहीं रखते हैं। सोमैया ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए संचार प्रमुख के पद की जिम्मेदारी लेने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि इस पद की जिम्मेदारी पर विचार किए बिना उन्हें यह पद सौंपा गया, जो अपमानजनक है। उन्होंने पार्टी के राज्य चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष राव साहेब दानवे को पत्र लिखकर इस व्यवहार पर अपनी आपत्ति जताई। एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से बातचीत में सोमैया ने कहा, मैं किसी भी पद का लालच नहीं रखता हूं। बावनकुले और फडणवीस जानते हैं कि मैंने पार्टी के लिए कैसे काम किया है। मैंने एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में काम किया है। मैंने साबित किया है कि पार्टी में एक साधारण कार्यकर्ता का वजन फडणवीस और बावनकुले से ज्यादा होना चाहिए। उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनावों के दौरान शिवसेना और भाजपा की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की एक घटना को याद किया। उन्होंने कहा, प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले उद्धव ठाकरे ने अमित शाह को बताया कि अगर मैं वहां रहूंगा तो वे उसमें शामिल नहीं होंगे।

# संजौली में हिंदू संगठनों का उग्र प्रदर्शन

**नरेश मल्होत्रा**

शिमला, 11 सितंबर। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली स्थित मस्जिद में अवैध निर्माण के विरोध में बुधवार को हिंदूवादी संगठनों की ओर से उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी ढली टनल पर बैरिकेड्स तोड़कर संजौली बाजार पहुंचे। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुए लाठीचार्ज में पुलिस के पांच जवानों समेत कुल दस लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में मस्जिद में हुए अवैध निर्माण के विरोध में बुधवार को हिंदू संगठनों ने उग्र प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के धारा 163 लागू करने के बावजूद संजौली में हजारों की भीड़ जुटी और मस्जिद गिराने की मांग को लेकर अड़ी रही। इस दौरान लोगों की भीड़ ने पुलिस के बैरिकेड भी तोड़ डाले। इसके बाद जब भीड़ मस्जिद से महज 50 मीटर दूरी पर पहुंची तो दूसरे बैरिकेड तोड़ने की कोशिश करने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठीचार्ज किया। इस दौरान दमकल वाहनों की मदद से पानी की तेज बौछारों से भी भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की गई। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई धक्कामुक्की व लाठीचार्ज में पुलिस के पांच जवानों समेत कुल दस लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। इसमें विधानसभा चुनाव में शिमला शहरी सीट से भाजपा के प्रत्याशी संजीव सूद भी शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बल प्रयोग करना और वाटर कैनन का इस्तेमाल करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस पूरे प्रकरण में सरकार की ओर से पहले दिन से ही पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। जब यह स्पष्ट है कि मस्जिद कानूनी नहीं है तो न्यायोचित कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय मुख्यमंत्री प्रदर्शन करने वाले लोगों को ही धमकाते रहे। सख्ती से निपटने की बात करके जनभावना को आहत करने का प्रयास किया गया। यह सरकार की नाकामी है। सरकार इस मुद्दे को डील करने में, जनभावनाओं को समझने और उसका सम्मान करने में सफल हो गई। जो काम कानून के हिसाब से किया जा सकता था, वह आलाकमान के दबाव में नहीं कर रही है। उधर, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान ने कहा कि बाहरी राज्यों से प्रदेश में काम करने के लिए आने वाले



लोगों के पंजीकरण के लिए सरकार ने फैसला लिया है। कानून को अपने अधिकार में लेने का हक किसी को नहीं है। कानून के दायरे में रहकर प्रदर्शनकारियों को अपना विरोध जताना चाहिए था। प्रदर्शनकारियों में अधिकांश लोग भाजपा के थे। राजनीतिक स्वार्थ के चलते भाजपा नेता इस मामले को जबरन तूल दे रहे हैं। अवैध निर्माण का मामला नगर निगम आयुक्त के कोर्ट में विचाराधीन है। इस निर्माण के लिए क्या विधायक, सांसद निधि से धनराशि जारी हुई है। नक्शा पास किए बिना निर्माण कैसे हुआ। इन मामलों पर भी सरकार जांच कर रही है। हिंदू-मुस्लिम से इस मामले को नहीं जोड़ना चाहिए। देश में बीते दस वर्ष से इस प्रकार की राजनीति करने का क्रम बढ़ा है। संजौली में हुए मस्जिद के अवैध निर्माण मामले पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से अवैध रूप से निर्माण हुआ और अवैध रूप से लोगों ने आधार कार्ड बनवाकर लाभ लिए, यह सब प्रदेश सरकार की नाक के नीचे राजधानी शिमला में हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है और राज्य सरकार को इस बारे कार्रवाई करनी चाहिए। ठाकुर ने कहा कि दुख है कि सदन में कांग्रेस के मंत्री बोल रहे थे और मुख्यमंत्री सो रहे थे। शिमला के संजौली स्थित मस्जिद में अवैध निर्माण के विरोध में हुए हिंदूवादी संगठनों के उग्र प्रदर्शन में दर्जनों लोगों को चोटें आई हैं। लाठीचार्ज और धक्कामुक्की में 10 घायल अस्पताल पहुंचे है। पांच पुलिस कर्मियों को भी चोटे आई हैं।

## अपने विवादित बयान पर सुशील कुमार शिंदे ने दी सफाई

नई दिल्ली, 11 सितंबर। अपने विवादत बयान के कारण सुर्खियों में आए कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने अब सफाई भी पेश की है। उन्होंने कहा, यह हल्की-फुल्की टिप्पणी थी। भाजपा बयान के संदर्भ को नहीं समझ रही है और इस पर टिप्पणी कर रही है। बता दें कि एक दिन पहले उन्होंने अपनी एक किताब के विमोचन के दौरान कहा था गृहमंत्री रहते हुए उन्हें जम्मू-कश्मीर के लाल चौक जाने पर अंदर से डर लग रहा था। बता दें कि पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे के इस बयान से कांग्रेस पार्टी की जमकर फजीहत हुई है। भाजपा ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए यूपीए सरकार के दौरान उनके दावे पर करारा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि गृह मंत्री बनने से पहले मैं शिक्षाविद् विजय धर मिलने गया था। इस दौरान वो मुझे सलाह भी देते थे। उन्होंने मुझे सलाह दी कि मैं इधर-उधर न घूमूं, बल्कि लाल चौक जाऊं, लोगों से मिलूं और डल झील घूमू। हालांकि उस सलाह से मुझे प्रसिद्धि मिली और लोगों को



लगा कि यहां एक गृह मंत्री है जो बिना किसी डर के वहां जाता है, लेकिन मैं किसे बताऊं कि मैं अंदर से बहुत डर गया था। कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे ने ये बातें अपने ऊपर लिखी एक किताब के विमोचन के मौके पर कहीं, इस कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और दिग्विजय सिंह जैसे दिग्गज कांग्रेस नेता भी मौजूद थे। यह किताब रशीद किदवई ने लिखी है।

## पाकिस्तान में 5.7 तीव्रता का भूकंप, इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा तक हिली धरती

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत और संघीय राजधानी इस्लामाबाद के कई हिस्सों में आज दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.7 तीव्रता मापी गई। पाकिस्तान के मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि देश में यह भू-गर्भीय हलचल दोपहर 12:28 बजे महसूस हुई। जियो न्यूज की खबर में मौसम विज्ञान विभाग के हवाले से कहा गया है कि भूकंप का केंद्र पंजाब प्रांत के दक्षिण पश्चिम में डेरा गाजी खान क्षेत्र के पास 10 किलोमीटर की गहराई में था। जियो न्यूज के अनुसार हालांकि संयुक्त राज्य भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा है कि भूकंप की तीव्रता 5.4 दर्ज की गई। इससे भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान प्रभावित हुए। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के इस्लामाबाद, लाहौर, मुल्तान, फैसलाबाद, मियांवाली, भक्कर, कमालिया, खानेवाल, भलवाल, चिनियट, हफीजाबाद, टोबा टेक सिंह, गुजरात, सरगोधा और झांग में भूकंप के झटके महसूस किए गए। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर, स्वात, उत्तरी वजीरिस्तान, डीआई खान, लक्की मारवत, बुनेर, शांगला और चित्राल आदि में भी भूकंप का प्रभाव देखा गया।

## न्यूजीलैंड ने दी मंकी पॉक्स वैक्सीन को मंजूरी

**एजेंसी**

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की सरकार ने मंकी पॉक्स के दो नए पुष्ट मामलों पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए इसके वैक्सीन के उपयोग को मंजूरी प्रदान कर दी है। न्यूजीलैंड के चिकित्सा सुरक्षा प्राधिकरण 'मेडसेफ' ने मंकी पॉक्स वैक्सीन जिनियोस को अनंतिम मंजूरी प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री शेन रेती ने बुधवार को बताया कि औषधि अधिनियम में एक विशिष्ट प्रावधान के अंतर्गत, सबसे ज्यादा जोखिम वाले लोगों में मंकी पॉक्स को रोकने के लिए 2023 से न्यूजीलैंड में जिनियोस का उपयोग किया जा रहा है। शोधकर्ताओं ने बताया कि न्यूजीलैंड ने मंकी पॉक्स के दो नए मामलों की पुष्टि हुई है, जिनके अगस्त में क्वीन्सटाउन विंटर प्राइड कार्यक्रम से जुड़े होने का अनुमान है। ये क्लेड II मंकी पॉक्स के मामले हैं, जो ज्यादा गंभीर क्लेड ढ्ढ के मुकाबले सामान्य संस्करण है। श्री रेती ने बताया कि जांच चल रही है जिसके कारण अन्य मामले सामने आ सकते हैं, लेकिन न्यूजीलैंड में मंकी पॉक्स का समग्र जोखिम कम है। उन्होंने कहा कि मंकी पॉक्स स्पष्ट रूप से वर्तमान में एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है और यह महत्वपूर्ण है कि न्यूजीलैंड में इसकी निगरानी हो। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, विश्व में अब तक मंकी पॉक्स के एक लाख से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, न्यूजीलैंड में 2022 से अब तक 54 मामले सामने आए हैं, जिनमें से इस वर्ष के कम से कम पांच मामले शामिल हैं। मंकी पॉक्स बहुत हद तक शारीरिक संपर्क से फैलता है और इसे कोविड-19 की तरह हवा से फैलने वाला संक्रमण नहीं माना जाता है।

## नेपाल में डिप्टी स्पीकर के खिलाफ महाभियोग लाने का रास्ता साफ

**काठमांडू।** सत्तारूढ़ गठबंधन को प्रतिनिधि सभा के डिप्टी स्पीकर इन्दिरा राना मगर के खिलाफ महाभियोग लाने का रास्ता साफ हो गया।गठबंधन ने इसके लिए दो तिहाई सांसदों के हस्ताक्षर जुटा लिए हैं। विपक्ष भी एकजुट होकर इसका सामना करने की तैयारी कर रहा है एक दिन पहले मंगलवार को सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक में डिप्टी स्पीकर को हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्णय के साथ संसद में नेपाली कांग्रेस और एमाले पार्टी के सांसदों ने डिप्टी स्पीकर से इस्तीफे की मांग की। इस पर न सिर्फ इंदिरा राना मगर की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने विरोध किया बल्कि उनके बचाव में माओवादी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने भी सत्तारूढ़ दल पर सवाल खड़े किए। सत्तारूढ़ दल ने इस्तीफा न देने पर महाभियोग की चेतावनी दी थी। एमाले पार्टी के प्रमुख सचेतक महेश बरतौला ने कहा कि महाभियोग के लिए जरूरी समर्थन हासिल कर लिया गया है। जो सांसद काठमांडू में नहीं हैं, उन्हें तत्काल पहुंचने को कहा गया है। सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस के सांसद एन पी साउद ने कहा कि आज किसी भी समय महाभियोग प्रस्ताव लाया जाया जा सकता है। इसी बीच काठमांडू लौटे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछा ने बुधवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात कर अपने पार्टी के नेता को डिप्टी स्पीकर पद से हटाने के कारणों के बारे में पूछा। इस मुलाकात के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है।

## हॉलीवुड अभिनेता जेम्स अर्ल जोन्स का 93 वर्ष की आयु में निधन

**वाशिंगटन।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जेम्स अर्ल जोन्स का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने नौ सिंतबर की सुबह पावलिंग में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके प्रवक्ता बैरी मैकफरसन ने इसकी पुष्टि की है पर मृत्यु का कोई कारण नहीं बताया। दिवंगत अभिनेता के पुत्र मार्क हैमिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है, पापा आपकी बहुत याद आएगी। द वाशिंगटन टाइम्स की खबर के अनुसार जोन्स को खनकती और जोरदार आवाज के रूप में ख्याति मिली। छह फुट दो इंच लंबे इस अभिनेता ने आधी सदी से अधिक समय तक लाखों प्रशंसकों के दिलों में राज किया। जेम्स अर्ल जोन्स को टोनी, एमी, ग्रैमी और अकादमी पुरस्कार से अलंकृत किया गया। 2011 में मानद ऑस्कर पुरस्कार मिला।

## जापान में तूफान बेबिनका मचा सकता है तबाही, मौसम एजेंसी ने जारी की चेतावनी

**एजेंसी**

**टोक्यो ।** जापान की मौसम एजेंसी ने बुधवार को तूफान बेबिनका को लेकर चेतावनी दी है। एजेंसी ने कहा है कि तूफान के जापान के द्वीपों के पास पहुंचने की संभावना है, जिसमें ओकिनावा और अमामी क्षेत्र शामिल हैं। जिसके कारण गंभीर मौसम की स्थिति पैदा हो सकती है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि इस साल का 13वां तूफान, जो मंगलवार रात मारियाना द्वीपों के पास बना, 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 9 बजे, उष्णकटिबंधीय तूफान का केंद्रीय दबाव 990 एचपीए (हेक्टोपास्कल) था और अधिकतम हवा की रफ्तार 25 मीटर प्रति सेकंड थी। जेएमए ने कहा कि तूफान का मजबूत हवा वाला क्षेत्र, जहां हवा की गति कम से कम 15 मीटर प्रति सेकंड है, केंद्र से 220 किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है।जेएमए ने चेतावनी दी है कि शनिवार और रविवार के बीच आने वाले इस तूफान के कारण प्रभावित क्षेत्रों में



भारी बारिश, तेज हवाएं और ऊंची लहरें आ सकती हैं। एजेंसी ने निवासियों और विजिटर्स से सावधानी बरतने का आग्रह किया है। बता दें कि उष्णकटिबंधीय तूफान बेबिनका 2018 में भी आया था। यह चक्रवात उस समय लंबे समय तक चला था। चक्रवात ने अगस्त 2018 के मध्य में चीन और वियतनाम को प्रभावित किया था। बेबिनका 9 अगस्त को चीन सागर के ऊपर एक उष्णकटिबंधीय अवसाद से उत्पन्न हुआ था। ग्वांगडोंग तट के पास कुछ दिनों तक इस तीव्रता को बनाए रखने के बाद, यह 13 अगस्त को जियांगमिन के दक्षिण में एक उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गई। तूफान धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ा और फिर अगले दिन वापस लौट आया तथा 15 अगस्त को लीझोउ प्रायद्वीप पर पहुंचा। बेबिनका टोंकिन की खाड़ी को पार कर 16 अगस्त को वियतनाम पहुंचा और अगले दिन समाप्त हो गया।

## इजरायल ने हमास के ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक, तीन आतंकियों की मौत

**एजेंसी**

**यरूशलम ।** इजरायल ने एक बार फिर हमास के ठिकानों को निशाना बनाया है। इस हमले में हमास के तीन आतंकी मारे गए हैं। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने दक्षिणी गाजा में एक हमला किया, जिसमें तीन आतंकियों की मौत हुई है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायल ने खान यूनिस के मावासी इलाके में विस्थापित फिलिस्तीनियों के एक शिविर को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है।

इन हमलों से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें दर्जनों टेंट आग की चपेट में दिखाई दे रहे हैं।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना ने मंगलवार को एक बयान में पुष्टि की है कि उसने उन स्थानों पर एयर स्ट्राइक की है, जो हमास के नियंत्रण में थे। ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए। इजरायली सेना के अनुसार, इन हमलों में गाजा पट्टी में



हमास की हवाई इकाई के प्रमुख समीर इस्माइल खादर अबू दक्का, हमास के सैन्य खुफिया मुख्यालय में निगरानी और लक्ष्य विभाग के प्रमुख ओसामा ताबेश और हमास के एक वरिष्ठ आतंकवादी अयमान की मौत हो गई है। सेना ने कहा कि तीनों आतंकवादी 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हुए हमास के हमले में शामिल थे। वह हाल ही में इजरायल रक्षा बलों और इजरायल के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इसके अलावा इजरायली सेना ने मध्य गाजा में बुरेज शरणार्थी शिविर में अल-फारूक मस्जिद पर हमला किया। सेना ने कहा कि हमले का उद्देश्य मस्जिद के भीतर स्थित एक और हमास कमांड और नियंत्रण केंद्र को नष्ट करना था।

## वियतनाम में तूफान 'यागी' से 59 लोगों की मौत, कई लापता

**एजेंसी**

**हनोई ।** वियतनाम में तूफान 'यागी' और इसके कारण आये बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है। कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, आपदा की चपेट में आने से देश के उत्तरी क्षेत्र में 59 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं।

समाचार एजेंसी ने वियतनाम की एक समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण 247 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 157 क्वांग मिन्ह प्रांत से और 40 लोग हाई फोंग शहर से हैं। आपदा में 25 मानव रहित नौकाएं और जहाज डूब गए, जिनमें से ज्यादातर मछली पकड़ने वाली नावें थीं। इस आपदा से 1,13,000 हेक्टेयर चावल के खेत और 22,000 हेक्टेयर से अधिक अन्य फसलों के खेतों को



नुकसान पहुंचा। इसके अलावा 1,90,000 पक्षी मारे गए और लगभग 1,21,700 पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए। वियतनाम के उत्तरी फू थो प्रांत में सोमवार सुबह एक स्टील पुल ढह गया, जिसके कारण 10 गाड़ियां और दो मोटरसाइकिलें रेड नदी में गिर गईं तथा 13 लोग लापता हो गए।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, काओ बांग प्रांत में भूस्खलन के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और कई लापता हो गए। वहीं, लाओ कै प्रांत में 15 लोगों की मौत हो गई।

मंत्रालय के अनुसार, टाइफून यागी पिछले 30 साल में उत्तरी वियतनाम में आया सबसे भयंकर तूफान था। यागी का जापानी में अर्थ बकरी या मकर राशि होता है। यह चीन सागर में आये चार श्रेणी 5 सुपर टाइफून में से एक है।

यागी की उत्पत्ति 30 अगस्त को बने कम दबाव वाले क्षेत्र में हुई थी, जो लगभग 540 किलोमीटर की दूरी पर था। इस सिस्टम को 1 सितंबर को उष्णकटिबंधीय तूफान के रूप में वर्गीकृत किया गया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) द्वारा यागी नाम दिया गया।

## इराक ने अमेरिकी सांसदों के तेल तस्करी के आरोपों को नकारा

**एजेंसी**

**बगदाद ।** इराक ने अमेरिका के कुछ सांसदों के उस आरोप को नकार दिया है, जिसमें कहा गया था कि ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों का बावजूद इराक उसकी मदद करने के लिए अवैध तरीके से कच्चे तेल की तस्करी कर रहा है। इराक के तेल मंत्रालय ने अमेरिकी सांसदों के इस आरोप को बेवजह का मनगढ़ंत आरोप बताया।

समाचार एजेंसी के मुताबिक, बुधवार को पांच अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को पत्र लिखकर कई इराकी दलों और अधिकारियों पर ईरान को अवैध तरीके से कच्चा तेल तस्करी करने का आरोप लगाया था। उन्होंने पत्र में इराकी तेल मंत्री हयान अब्दुल गनी पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। हयान अब्दुल गनी जल्द ही अमेरिका की यात्रा करने वाले हैं। इन अमेरिकी सांसदों ने रविवार को राष्ट्रपति बाइडेन से आग्रह किया कि वह इस मामले की जांच पूरी होने तक गनी को वाशिंगटन आने से रोकें।

इसके बाद इराक के तेल मंत्रालय ने अमेरिकी सांसदों द्वारा राष्ट्रपति को



लिखे गए पत्र पर आश्चर्य प्रकट करते हुए इसकी निंदा की। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इराक की कच्चे तेल से जुड़ी गतिविधियों पर अंतर्राष्ट्रीय निरीक्षक निगरानी रखते हैं और इराक के समुद्री क्षेत्र पर देश के नौसैनिक बलों का कड़ा नियंत्रण रहता है।

## कनाडा ने इजरायल के लिए 30 हथियार बिक्री परमिट निलंबित किए

**एजेंसी**

**ओटावा ।** कनाडा ने इजरायल को हथियार बिक्री के लिए लगभग 30 मौजूदा परमिट निलंबित कर दिए हैं। स्थानीय मीडिया ने कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री मेलानी जोली ने मंगलवार को कहा कि ओटावा की नीति के अनुसार कनाडा निर्मित हथियारों और उनके कलपुर्जों का उपयोग गाजा पट्टी में नहीं किया जा सकता है। चाहे हथियारों को इजरायल में किसी भी तरह भेजा जाए। समाचार एजेंसी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि जनवरी में ओटावा ने इजरायल के लिए नए हथियार परमिट को मंजूरी देना बंद कर दिया था, हालांकि पिछले महीनों में स्वीकृत परमिट अभी भी सक्रिय थे। विदेश मंत्री के हवाले से कहा गया है कि हम किसी भी प्रकार का हथियार या उसके



पार्ट्स गाजा नहीं भेजेंगे। उन्हें कैसे और कहां भेजा जा रहा है, यह अप्रासंगिक है। रिपोर्टों के अनुसार, कनाडा अमेरिकी सरकार के साथ हुए उस अनुबंध को भी रोक रहा है जिसके तहत इजरायली रक्षा बलों को क्यूबेक में निर्मित गोला-बारूद भेजा जाना था, जिसकी घोषणा वाशिंगटन ने कुछ सप्ताह पहले की थी।

## ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर लगेगा प्रतिबंध

**एजेंसी**

**कैनबरा ।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मंगलवार को बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार 2024 में सोशल मीडिया और अन्य संबंधित डिजिटल प्लेटफार्मों तक पहुंच के लिए न्यूनतम आयु लागू करने का कानून पेश करेगी। प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा, हम जानते हैं कि सोशल मीडिया सामाजिक नुकसान पहुंचा रहा है। यह बच्चों को असली दोस्तों और असली अनुभवों से दूर कर रहा है। इस कानून को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार किया जाएगा, लेकिन उनकी प्राथमिकता न्यूनतम आयु 16 वर्ष निर्धारित करने की है अगस्त में ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग



कॉर्पोरेशन के एक सर्वे के अनुसार, 61 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने 17 साल से कम आयु के लोगों तक सोशल मीडिया की पहुंच को प्रतिबंधित करने का समर्थन किया। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियर पीटर मालिनौस्कास ने पूर्व संघीय न्यायाधीश रॉबर्ट फ्रेंच को 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से प्रतिबंधित करने के लिए कानूनी रास्ते तलाशने का काम सौंपा। प्रधानमंत्री ने कहा कि संघीय सरकार कानून का मसौदा तैयार करते समय रॉबर्ट फ्रेंच की समीक्षा पर विचार करेगी।

## दस साल में हुए कठोर हमलों से उबरने लगा है भारतीय लोकतंत्र : राहुल

**एजेंसी**

**वाशिंगटन-डीसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि पिछले दस वर्ष के दौरान भारतीय लोकतंत्र पर उसने जो हमले किए हैं उससे हमारा लोकतंत्र कमजोर हुआ है लेकिन अब धीरे धीरे उबरने लगा है। श्री गांधी ने यहां मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र पर पिछले 10 वर्षों के दौरान जो हमले हुए हैं उससे हमारा लोकतंत्र बहुत कमजोर हुआ है लेकिन अब स्थिति बदलने लगी है और लोकतंत्र फिर पहले की स्थिति में लौटने लगा है। उन्होंने कहा 'पिछले दस वर्षों में भारतीय लोकतंत्र




पर हमले हो रहे हैं और इसे बहुत कमजोर कर दिया गया है लेकिन अब यह पहले की स्थिति में लौट रहा है। मुझे विश्वास है कि लोकतंत्र पर हो रहे हमले पर भारत जवाबी कार्रवाई करेगा। मोदी सरकार पर अपने तथा कांग्रेस पार्टी के साथ कठोर व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा चुनाव से ठीक पहले हमारे बैंक खाते सील किए गए और हमने अपने बैंक खातों पर रोक लगने के बाद भी चुनाव लड़ा। मैं ऐसे किसी लोकतंत्र के बारे में नहीं जानता जहां ऐसा होता हो। चुनाव के दौरान, हमारे कोषाध्यक्ष ने कहा कि हमारे पास कोई पैसा नहीं है। भारतीय इतिहास में मानहानि के मामले में जेल की सजा पाने वाला मैं एकमात्र व्यक्ति हूं, मेरे खिलाफ 20 मामले हैं। हमारे पास एक मुख्यमंत्री हैं जो अभी जेल में हैं।' श्री गांधी ने महिलाओं को लेकर कहा 'मैं सोचता हूं कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं नेतृत्व के लिए ज्यादा उपयुक्त हैं। वे अधिक संवेदनशील होती हैं और उनका दीर्घकालिक दृष्टिकोण होता है। महिलाओं का राजनीति और व्यवसाय में अधिक संख्या में आना एक सकारात्मक कदम है। हम कांग्रेस के भीतर और अपनी राजनीतिक व्यवस्था में इस पर जोर दे रहे हैं। महिलाओं को आरक्षण देते हुए हमने पूरा पंचायती राज अधिनियम बनाया और विधानसभा तथा लोकसभा में महिला आरक्षण की वकालत करते रहे हैं और इसीलिए मैं इस पर दृढ़ विश्वास रखता हूं।'

## कतर, यमन के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर हुई चर्चा

**एजेंसी**

**दोहा ।** कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी ने यमन के प्रधानमंत्री अहमद अवद बिन मुबारक के साथ बैठक की। बैठक के दौरान यमन की ताजा स्थिति पर चर्चा हुई। साथ ही द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कतर के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पोस्ट में कहा, 'रविवार को हुई वार्ता के दौरान कतर पीएम अल थानी (जो विदेश मंत्री भी हैं) और अहमद अवद बिन मुबारक ने द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की।

समाचार एजेंसी के अनुसार, बयान में अल थानी ने कहा कि उनका देश हमेशा यमन की मदद को तैयार रहेगा। जिससे यहां के लोग सुरक्षा, स्थिरता और विकास संबंधित अपनी आकांक्षाओं को पूरा करें। इस बीच, मुबारक की ओर से आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट से कहा गया कि दोनों देशों के बीच



द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर बात हुई। बयान के मुताबिक, पीएम मुबारक ने अपने समकक्ष अल थानी को यमन के बारे में ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से भी अवगत कराया। गाजा पट्टी पर 'इजरायली हमले' को लेकर भी मंथन।

**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300
**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in
**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**
**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## अमेरिका की प्रेसिडेंशियल डिबेट में रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास की गूंज, हैरिस ने ट्रंप को टोका-बाइडेन के खिलाफ नहीं लड़ रहे चुनाव

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप ने बहुप्रतीक्षित प्रेसिडेंशियल डिबेट (बहस) में मंगलवार रात एक-दूसरे पर आरोपों के तीखे वार चलाए। दोनों का पहली बार आमना-सामना हुआ। दोनों ने देश के सामने विदेश नीति, अर्थव्यवस्था, सीमा सुरक्षा और गर्भपात जैसे गंभीर विषयों पर अपनी बात रखी। घरेलू मद्दों से गुजरती हुई यह बहस रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष पर जा टिकी। दोनों में तीखी तकरार हुई। ट्रंप ने कमला के सवाल पर बाइडेन प्रशासन की विफलता पर बोलना शुरू कर दिया। इस पर कमला हैरिस ने टोका, आप बाइडेन के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।इस बहस में कभी कमला भारी पड़ती दिखीं तो कभी ट्रंप। मंच पर आते ही उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप से हाथ मिलाया। और फिर अगले 90 मिनट तक आपराधिक दोषसिद्धि और कोविड से निपटने के तरीके को लेकर उनकी आलोचना की। दिलचस्प यह है कि अमेरिका के इतिहास में पिछले आठ साल से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की तरफ से हाथ नहीं मिलाया गया। सुश्री हैरिस ने कहा, यह पन्ना पलटने का समय है।मतदान से ठीक आठ सप्ताह पहले हुई इस बहस में कमला हैरिस ने प्रतिद्वंद्वी ट्रंप की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर आप राष्ट्रपति होते तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब तक कीव में होते। आपको यह समझना होगा कि पुतिन किसी के सगे नहीं। मौका मिलने पर वह आपको धोखा देने से नहीं चूकेंगे। उन्होंने कहा कि आप यह बताएं कि रूस युद्ध जीत जाए? इस अप्रत्याशित सवाल पर ट्रंप कुछ सकपका गए। संभलते हुए बोले- युद्ध रुकना चाहिए। यह जंग रुकना अमेरिका के हित में सबसे ज्यादा जरूरी है। कमला ने ट्रंप से सवाल किया कि आपने उनकी नस्लीय पहचान पर सवाल क्यों उठाया? पूर्व राष्ट्रपति ने जवाब दिया कि मुझे परवाह नहीं है कि आप क्या हैं। ट्रंप ने कहा कि मैंने कहीं पढ़ा था कि आप अश्वेत नहीं हैं। हैरिस ने कहा यह उनका अपमान है। आप नस्लीय मुद्दों के जरिए अमेरिकियों को विभाजित कर रहे हैं। मैं न बाइडेन हूं और न ही ट्रंप। मैं नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हूं। इस पर ट्रंप बोले-वर्तमान सरकार विभाजनकारी है। बहस की शुरुआत के बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप शुरू कर दिए। डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस ने ट्रंप पर आरोप लगाया कि वह हमारे लिए सबसे खराब अर्थव्यवस्था छोड़कर गए थे। कमला ने कहा कि वह मध्यम वर्ग परिवार से हैं। सिर्फ उनके पास ही अमेरिका के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की योजना है।

## जरायली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी**

**रामल्लाह।** वेस्ट बैंक के शहर टुबास में इजरायली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गये। फिलिस्तीनी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इजरायली सैन्य बलों ने वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए बड़े पैमाने पर छापे मारे , जिन पर सशस्त्र फिलिस्तीनी गुटों के सदस्य होने का आरोप है। हमले में पांच फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गयी। टुबास के गवर्नर अहमद अल-असद ने कहा कि इजरायली सेना ने टुबास और पड़ोसी शहर तमून में बड़ी संख्या में सैनिकों को भेजकर फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई जारी रहने की चेतावनी दी है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक के टुबास और तमून में रात भर सैन्य अभियान जारी रखा और फिलिस्तीनी सशस्त्र गुटों के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया।

## क्लब में फायरिंग मामले में दो और आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सीमापुरी के झिलमिल कालोनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित कांच क्लब में फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव निठोरा, गाजियाबाद निवासी तनिश उर्फ शिवम (22) और गांव भैडापुर, बागपत, (उ.प्र.) निवासी संगम चाहर (22) के रूप में हुई है। मामले में गाजियाबाद निवासी शाहरुख (30) नामक आरोपित को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दरअसल 22 अगस्त को संगम का जन्मदिन था। सभी दोस्तों ने कांच क्लब में पार्टी की थी। पार्टी का बिल 1.70 लाख रुपये आया था। रुपये देने से आरोपी तनिशने मना कर दिया था। इसके अलावा उसने कांच क्लब के मालिक उमेश से झगड़ा कर आइंदा के लिए क्लब में उनके लिए अलग से टेबल बुक करने के लिए कहा था। बहस होने पर सबक सिखाने की नीयत से आरोपियों ने पांच सितंबर की रात को क्लब के बाहर 10 राउंड से ज्यादा गोलियां चलाई थीं। पुलिस बाकी आरोपितों की तलाश कर रही है। शाहदरा जिला के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि ने पांच सितंबर को आरोपितों ने कांच क्लब के बाहर ताबड़तोड़ दस से अधिक राउंड गोलियां चलाई थीं। आरोपितों ने क्लब के बाउंसर व एक लड़की के सामने वारदात को अंजाम दिया। कई गोलियां हवा में चलीं जबकि बाकी गोली क्लब के दरवाजे पर मारी गई।

## महिला के साथ दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** ज्योति नगर इलाके में पीएसी का जवान पिछले करीब तीन सालों से महिला को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म कर रहा था। महिला का आरोप है कि पहली बार आरोपित ने चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में इसकी वीडियो भी बना ली। उसके आधार पर आरोपित वारदात को अंजाम देता रहा।यही ही नहीं आरोपित ने दुष्कर्म करने के अलावा महिला की पोल खोलने का डर दिखाकर उससे धीरे-धीरे सात लाख रुपये भी वसूल लिए। महिला गर्भवती हुई तो जबरन उसका गर्भपात भी करवा दिया गया। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। छानबीन के बाद पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी देने, गर्भपात कराने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। छानबीन के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात की जा रही है।

## शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** 25 साल की उम्र में 15 वारदात को अंजाम दे चुके एक शातिर आरोपित को आम्बेडकर नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही दो नाबालिग को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनके पास से तीन बटनदार चाकू जब्त किए गए हैं। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश गोपाल उर्फ काकू पहले से लूट, सेंधमारी, चोरी, आर्म्स एक्ट इत्यादि में शामिल था। यह आम्बेडकर नगर थाना का घोषित बदमाश भी है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गोपाल उर्फ काकू के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान अलग अलग जगह से इन सभी को पकड़ा है। जंगल के पास संदेहजनक हालत में घूम रहे गोपाल को पकड़ा गया और तलाशी में बटनदार चाकू मिला। दूसरे मामले में शाम के समय मदनगीर के पास एक नाबालिग को पकड़ा गया, जिसके पास से भी चाकू मिला और दूसरे नाबालिग को मदनगीर के एमसीडी पार्किंग के पास से पकड़ा गया। इन दोनों के खिलाफ जुवनाइल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## ब्रिक्स देशों ने दिया श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा पर जोर

**नयी दिल्ल।** ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के संगठन- ब्रिक्स ने श्रमिकों के लिए आजीवन सीखने की व्यवस्था करने, व्यवसायिक मार्गदर्शन, व्यावसायिक शिक्षा, सेवाओं के आधुनिकीकरण, कार्यस्थल पर सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर जोर दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने यहां बताया कि रूस के सोची में ब्रिक्स देशों की मंत्रिस्तरीय बैठक हुई जिसमें भारत का नेतृत्व केंद्रीय श्रम और रोजगार सचिव सुमिता डावरा ने किया। दो दिन की बैठक का समापन आज हुआ। बैठक में एक घोषणा पत्र स्वीकार किया गया जिसमें कहा गया कि श्रमिकों के लिए आजीवन सीखने की व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। इसके अलावा व्यावसायिक मार्गदर्शन, सतत व्यावसायिक शिक्षा के लिए व्यापक रणनीतियां बनाई जानी चाहिए और रोजगार सेवाओं का आधुनिकीकरण? किया जाना चाहिए।

## रिजिजू संसदीय कार्य मंत्रालय से जुड़े छह पोर्टल का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू मंत्रालय की सौ दिनों की उपलब्धियों के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन 2.0, अधीनस्थ विधान, सलाहकार समिति, एनवाईपीएस पोर्टल और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) से संबंधित छह पहल एवं पोर्टल का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन 2.0 के तहत कागज रहित विधायी कार्य प्रणाली हासिल करने और वास्तविक समय में कार्यों को पूरा करने को बढ़ावा देने के लिए सॉफ्टवेयर को और बेहतर बनाया जायेगा।

# एक हफ्ते में भाजपा ने बनाए 2 करोड़ सदस्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान के तहत महज एक हफ्ते में दो करोड़ सदस्य बना लिए हैं। यह जानकारी भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े ने दी।

तावड़े ने पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष की मौजूदगी में नौ राज्यों के पदाधिकारियों और सदस्यता अभियान से जुड़ी टीम के साथ सदस्यता अभियान पर हुई समीक्षा बैठक की।

बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए विनोद तावड़े ने कहा कि अब तक सदस्यता अभियान काफी अच्छा चला है, पहले चरण में नौ राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग चर्चा की गई कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए। आने वाले दिनों में अन्य राज्यों के साथ भी इसी



तरह की बैठकें होंगी। सदस्यता अभियान का लक्ष्य बताते हुए विनोद तावड़े ने कहा कि चुनाव में पार्टी को मिले वोटों में से 75 से 80 प्रतिशत वोट पाने वाले लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सांसद से लेकर सरपंच तक भाजपा के हर जनप्रतिनिधि को हर दिन दिए गए लक्ष्य का हिसाब रखना है कि उनका लक्ष्य क्या है और कितने लोगों तक वे पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना है। उन जगहों पर जाना है जहां पार्टी को चुनाव में वोट की उम्मीद थी लेकिन वोट नहीं मिले।

## राष्ट्रपति ने दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की मांग वाला ज्ञापन केन्द्रीय गृह सचिव को भेजा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में बंद होने के कारण उत्पन्न संवैधानिक संकट के मद्देनजर आम आदमी पार्टी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करने वाले भारतीय जनता पार्टी के ज्ञापन को केन्द्रीय गृह सचिव के पास भेज दिया है।

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता विजेन्द्र गुप्ता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में लगातार हो रहे संवैधानिक उल्लंघनों और शासन की विफलताओं के चलते मेरे साथ सभी भाजपा विधायकों ने 30 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलकर दिल्ली सरकार की नाकामियों का ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रपति ने इसे उचित कार्यवाही के लिए केन्द्रीय गृह सचिव को भेज दिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी आम आदमी पार्टी के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। ÷

ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में हो पा रहा है और कई विषयों को लेकर संवैधानिक संकट पैदा हो गया है। इस ज्ञापन पर भाजपा के सभी आठ विधायकों ने हस्ताक्षर किये हैं।





पिछले पांच महीने से जेल में बंद होने के कारण राजधानी में कामकाज नहीं पत्र में राष्ट्रपति से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गयी है।

## मोदी को लेकर राहुल ने सच बोला : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो बात कही है वह सत्य है और इस सच को देखकर भाजपा में हड़कंप मचा हुआ है। कांग्रेस सम्मान और विनम्रता लाना और इस विचार को बढ़ावा देना है कि भारत एक ऐसा देश है जहां कई विचार और पहचान सह-अस्तित्व में हैं। भाजपा-आरएसएस इस समावेशिता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। भाजपा के लिए अमेरिका में राहुल



महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि भाजपा का तंत्र इससे घबराया हुआ और परेशान है क्योंकि श्री गांधी ने बिल्कुल सच बोला है। मोदी बुलबुला सच में फूट गया है। डर की उनकी राजनीति विफल हो गई है और कोई भी उन्हें या उनके चीयरलीडर्स के बैंड को गंभीरता से नहीं लेता है। उन्होंने कहा राहुल गांधी ने बार-बार भाजपा-आरएसएस की नफरत और विभाजन की खतरनाक राजनीति के बारे में चेतावनी दी है। उनका पूरा मिशन सार्वजनिक बातचीत में प्यार, के बयानों के बारे में शिकायत करना और बड़ा पाखंड है, जब प्रधानमंत्री अपनी घिसी-पिटी बात '2014 से पहले 60 वर्षों में कुछ नहीं हुआ वाली पंक्ति को दोहराने का एक भी मौका नहीं चूकते - जो वास्तव में एक अपमान है यह भारतीयों की कई पीढ़ियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है जिन्होंने देश को महान बनाया। श्री गांधी ने कहा भाजपा के लिए अच्छा होगा कि वह आलोचना को रचनात्मक ढंग से ले, बजाय इसके कि जब उसे आईना दिखाया जाए तो वह निरर्थक आक्रोश व्यक्त करे।

# राहुल गांधी पर भाजपा हमलावर, कहा– हंगामा करना ही उनका मकसद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका में एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि जब हालात होंगे तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। राहुल गांधी के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधते हुए उन पर हंगामा करने का आरोप लगाया। कहा कि सिर्फ हंगामा करना ही उनका मकसद है।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आरक्षण के प्रति राहुल गांधी का जो पूर्वाग्रह है, वो अमेरिका में प्रचुर मात्रा में दिखाई दिया है। वे आरक्षण विरोधी हैं। आरक्षण का विरोध करना उनकी विरासत है। भाजपा ने कहा कि जिस संविधान की कॉपी लेकर वो घूम रहे



हैं और संविधान को बचाने की बातें करते हैं, वह सबसे बड़ा छलावा और धोखा है। रविशंकर प्रसाद ने पूछा कि क्या अखिलेश यादव, डीएमके राहुल गांधी के बयान से इत्तेफाक रखते हैं। जिस संविधान को बचाने के लिए राहुल गांधी हाथ में लाल किताब लेकर घूम रहे हैं, वे दरअसल आरक्षण के विरोधी हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए इस टिप्पणी का क्या मतलब है। यह उनका सोचा समझा षड़यंत्र हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलितों, आदिवासी के हितों का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तो वो देश को बदनाम करने का काम मिशन मोड में करते हैं। उनका चाइना प्रेम वहां दिखाई देता है।

रविशंकर ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पार्टी परिवारवाद में डूबी हुई है। कांग्रेस का नेता कौन होगा, यह पहले से ही आरक्षित है। वहां पर आदिवासी को स्थान नहीं मिल सकता। आपका कुछ भी परफॉरमेंस हो नेता वही ही रहेंगे।

## मध्य, उत्तर–पश्चिम क्षेत्रों में भारी वर्षा के आसार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के मध्य और उत्तर-पश्चिम क्षेत्रों में बुधवार को भारी वर्षा होने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने कहा, मध्य प्रदेश में बुधवार को को भारी वर्षा होने का अनुमान है। मध्य प्रदेश में अगले सात दिनों के दौरान, मंगलवार तथा बुधवार को विदर्भ, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र के घाटी क्षेत्र और गुजरात क्षेत्र में, 14-16 सितंबर को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा के आसार हैं।÷ इसके अलावा, त्रिपुरा, मिजोरम और दक्षिण मणिपुर के अलग-अलग स्थानों पर 13 सितंबर को अत्यधिक भारी वर्षा होने का अनुमान है। देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में पूरे सप्ताह में व्यापक रूप से हल्की और मध्यम बारिश होने के आसार हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर 11 से 13 सितंबर और हरियाणा में गुरुवार को बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में उत्तराखंड और हरियाणा में 10-14 सितंबर, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में 10-15 सितंबर को अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा का अनुमान है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 16 सितंबर तक आमतौर पर बादल छाए रहने, हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं।

# प्रधानमंत्री ने शोध पारिस्थितिकी तंत्र की बाधाओं को दूर करने पर बल दिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के शोध पारिस्थितिकी तंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर नवगठित अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) की पहली गवर्निंग बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को पुनः डिजाइन करने पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज एनआरएफ की शासी निकाय की पहली बैठक के साथ एक नई शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री ने बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, उन्हें प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने और पथ-प्रदर्शक अनुसंधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनुसंधान को मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती



हैं, लेकिन उनका समाधान भारतीय आवश्यकताओं के अनुसार स्थानीय होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने विशेषज्ञता के आधार पर डोमेन विशेषज्ञों की सूची तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने की भी बात की, जहां देश में हो रहे शोध और विकास से जुड़ी जानकारी को आसानी से ट्रैक किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने अनुसंधान और नवाचार के लिए संसाधनों के उपयोग की वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वाकांक्षी शुरुआत है, उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक समुदाय को यह विश्वास होना चाहिए कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। अटल टिंकरिंग लैब्स के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन प्रयोगशालाओं की ग्रेडिंग की जा सकती है। उन्होंने पर्यावरण परिवर्तन के लिए नए समाधान, ईवी के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान, शासी निकाय ने हब और स्पोक मोड में एक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया, जिसमें उन विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाएगा, जहां अनुसंधान प्रारंभिक अवस्था में है तथा उन्हें मेंटरशिप मोड में शीर्ष स्तरीय स्थापित संस्थानों के साथ जोड़ा जाएगा।

शासी निकाय ने एएनआरएफ के रणनीतिक हस्तक्षेप के कई क्षेत्रों पर भी चर्चा की, जिसमें प्रमुख क्षेत्रों में भारत की वैश्विक स्थिति, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ अनुसंधान एवं विकास को संरेखित करना, समावेशी विकास को बढ़ावा देना, क्षमता निर्माण, वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाना। साथ ही उद्योग-संरेखित अनुवादात्मक अनुसंधान के माध्यम से शैक्षणिक अनुसंधान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटना शामिल है।

## जम्मू–कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला की 'सुरक्षा बलों के बिना शांति' की मांग की आलोचना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के 'सुरक्षा बलों के बिना कश्मीर घाटी में शांति लाने' के आह्वान की आलोचना की, और ऐसे समय में कोई भी 'विघटनकारी' बयान देने के प्रति आगाह किया, जब केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति की वापसी देखी जा रही है। भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने आईएएनएस से बात करते हुए कश्मीर घाटी से सेना हटाने के आह्वान पर कड़ी आपत्ति जताई और नेकां प्रमुख को 2019 के बाद हरियाली वाले क्षेत्रों पर ध्यान देने की सलाह दी।इल्मी ने कहा, फारूक अब्दुल्ला का बयान समझ से बाहर है। हम सभी जानते हैं कि उनके शासन के दौरान क्या हुआ था। आम कश्मीरियों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया और उनकी आजीविका नष्ट हो गई। अब जब शांति कायम हो गई है, तो वह सेना को हटाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷इतने सालों के बाद आखिरकार जम्मू में शांति है। लोग अब लाल चौक पर शांति से घूम सकते हैं।


**Name Change**
I, Jugal Kishore S/o Rajesh Kumar R/o VPO Nandrampur Bass (304), Rewari, Haryana-123106, Have Changed My Name To Jugal Kishor For All Future Purpose

**Name Change**
I,Anam Sufiyan w/o. Mohd SUFIYAN R/o. 2332, Gali Mohd Salim Shah Kucha Chellan Darya Ganj New Delhi-110002 have changed my name to ANAM permanently

**Name Change**
I,Mohd Sufyan S/o. Mohd Farook R/o. 2332, Gali Mohd Salim Shah, Kucha Chellan, Darya Ganj, New Delhi-110002 have changed my name to MOHD SUFIYAN permanently

**Name Change**
I Burhan Arshad S/O Arshad Hassan R/O C -126 -A Second floor chattarpur EXTN charttarpur Near JVTS GARDAN chattarpur south delhi Delhi-110074 Have Changed my name to Burhaan Hassan for all future purposes.

**Name Change**
I Dinesh Sapra S/o Sh. Khem Chand Sapra, R/o 120-B, Lal Quarter West Punjabi Bagh, Punjabi bagh, West Delhi-110026, I have changed my Name Dinesh Kumar Sapra to Dinesh Sapra , for all Future Purpose,

**Name Change**
I, AARTI wife of AAYUSH AGGARWAL residing at H NO-5566, SHORA KOTHI, PAHAR GANJ, DELHI-110055 have changed my name to AARTI MITTAL for all future purposes.

**Name Change**
I, RAKESH Resident of G-227,PALAM VIHAR, GURUGRAM HARYANA-122017 have changed my name from RAKESH to RAKESH KAUSHIK vide Affidavit IN-DL52452119899520W dated 11/09/2024 at New Delhi

**Name Change**
I, Anurag Kishor S/o Son Kishor R/o Plot-1355, Flat No-303, Rathi Steel Gali, Laxman Vihar, Gurgaon-122001, Haryana, Have Changed My Name To Anurag Kishore S/o Son Kishore For All Future Purpose

**Name Change**
I, Kanika Bhutani Anand W/o Dhawal Anand R/o L-4, First Floor, Kirti Nagar, New Delhi-110015, have changed my name from Kanika Bhutani @ Kanika Anand to Kanika Bhutani Anand for all purposes.

**Name Change**
I, Rajni Bala Singhal W/o Vijay Kumar Singhal R/o D-15, 2nd Floor, Front Side, D-Block, Kiran Garden, Dwarka, Delhi-110059, Have Changed My Name To Rajni Singhal For All Future Purpose

**Name Change**
I Amit Giri Goswami S/O Devi Sharan Giri, R/O A-162 west vinod nagar, Shakar Pur Baramad, East Delhi, Delhi 110092 have changed the name of my minor son Gauransh Giri alias Siddharth Giri aged13 years and He shall hereafter be known as SIDDHARTH GIRI.

**Name Change**
I, JAYSHREE DEVI wife of NO-15432339F Rank-L/NK Name- SASHI KUMAR R/O VILL-BABHANGAMA, PO-KALGIGANJ, TEH-KAHALGAON, DIST-BHAGALPUR, BIHAR-813203 have changed my name from JAYSHREE DEVI to JAYSHREE KUMARI for all future purposes vide affidavit dated 11/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, NO-16019357N Rank-HAV Name-SANDEEP KUMAR R/o VPO-SHIMLANA, TEH-DEOBAND, DIST-SAHARANPUR, UTTAR PRADESH-247453 have changed my Minor son's name from ARYAVEER to ARYAVEER RANA for all future purposes vide affidavit dated 11/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, JULLIUS TOPPO father of NO-16117409P Rank-NK Name-POLERANC TOPPO R/o WARD NO-4, VPO-KALIGHAT, TEH-DIGLIPUR, DIST-NORTH AND MIDDLE ANDAMAN, ANDAMAN AND NICOBAR ISLAND-744202 have changed my name from JULLIUS TOPPO to JULIUS TOPPO for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1962 instead of my correct date of birth as 01/01/1965 vide affidavit dated 11/09/2024 before Notary Public Delhi.

**Name Change**
It is for general information that I, MANOJ SAKLANI S/o SH. ROSHAN LAL SAKLANI R/o L-115, CHANAKYA PLACE PART-2, UTTAM NAGAR, DELHI-110059 declare that name of mine and my wife has been wrongly written as MANOJ and SONI in my minor son RONAK SAKLANI aged 09 years in his birth certificate-MCDOLIR-0115-006579474. The actual name of mine and my wife are MANOJ SAKLANI and SONIYA, which may be amended accordingly.

**Name Change**
I, BABLEEN KAUR w/o MR. TEJESHWAR SINGH GILL and d/o SH. JOGINDER SINGH KHURANA r/o A-105, SOM VIHAR APARTMENTS, R.K. PURAM SEC-10, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110022 have changed my name to BABLEEN KAUR KHURANA for future purposes.

**Name Change**
I, SHIDDAMMA Mother of No. 16134614M, Rank-SPR, Name-RAMESHA GURIKARA Presently residing at VILL-BHATAPANAHALLI, PO-MANDALGERA, DISTT-KOPPAL, KARNATAKA-583232 have changed my name from SHIDDAMMA to SIDDAVVA for all future purposes vide Affidavit Dated 10/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, No-4202369M Rank-HAV Name-YOGENDRA YADAV Father of KUMARI ASHMA R/O VPO-SHUKLAWAS, TEHSIL-KOTPUTLI, DISTT-JAIPUR, RAJASTHAN-303105 have changed my minor daughter's name from KUMARI ASHMA to ASHMA YADAV for all future purposes vide affidavit dated 11/09/2024 Before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, NABAB SINGH father of NO-15711552M Rank-SIGMN Name-JITENDRA KUMAR residing at VILL-NANGAL KALAN, PO-KHANDEHA, TEH-KHAIR, DIST-ALIGARH, UTTAR PRADESH-202137 have changed my name from NABAB SINGH to NAWAB SINGH ATTRI for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1955 instead of my correct date of birth as 07/08/1956 vide affidavit dated 11/09/2024 before Notary Public Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
I, Kartik Pundir S/O Vikram Singh,H. No. 145, IIT Gate Police Colony,Hauz Khas,VTC: Hauz Khas,PO: Hauz Khas,District: South Delhi,State: Delhi,do hereby solemnly affirm and declare that I have embraced BUDDHISM and renounced HINDUISM with effect from 21-05-2023. I have change only my religion not my name

**Name Change**
I, ANANTASIA LAKRA mother of NO-16117409P Rank-NK Name-POLERANC TOPPO R/o WARD NO-4, VPO-KALIGHAT, TEH-DIGLIPUR, DIST-NORTH AND MIDDLE ANDAMAN, ANDAMAN AND NICOBAR ISLAND-744202 have changed my name from ANANTASIA LAKRA to ANASTASIA LAKRA for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1966 instead of my correct date of birth as 01/01/1971 vide affidavit dated 11/09/2024 before Notary Public Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
**To Whom so ever it may concern**
This declaration is executed on 10th day of September 2024 by my client Qaisar Jahan (the under-signed) W/o Late Sh. Iqbal Husain aged about 71 years R/o House No. A-1/2, Bhaskar Compound, Abul Fazal Enclave, Part-I, Okhla, Jamia Nagar, South Delhi, New Friends Colony having Aadhar Card No. 638161486075. This Declaration is being drafted on the instructions of my Client Qaisar Jahan on her free will and under no influence. That my Client Qaisar Jahan hereby declares that she is disowning Mr. Kashif Iqbal (son) & his family members from her legal heirs category. That after execution of this declaration Mr. Kashif Iqbal will not be having any rights or shares in the immoveable and moveable properties which belongs to or is in the ownership of my Client Qaisar Jahan. Any illegal acts or any commission of any offences as punishable under Law of the Land by Mr. Kashif Iqbal or his family members will have no effect on my Client ie. Qaisar Jahan (the under-signed) and will lead to no consequences/impediments for my Client. Whosoever if deals with Mr. Kashif Iqbal and his family members will deed on their own and at their own risk, responsibility and consequences.
**Saba Khan Advocate**
OFFICE: H-1/44 Zakir Nagar, New Delhi

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलों श्री बिजेन्द्र सिंह पुत्र श्री जगराम सिंह व श्रीमती शर्मिला देवी पत्नी श्री बिजेन्द्र सिंह पता मकान नं0 ई–567, पालम एक्सटेंशन, पालम गॉव, सेक्टर –07, द्वारका, नई दिल्ली–110045 ने अपने पुत्रों पवन कुमार व प्रदीप कुमार के अवज्ञाकारी व नियंत्रण में न होने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिये है और सारे संबंध विच्छेद कर लिये है । उपरोक्त पुत्रों से कोई व्यक्ति लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा इसमें मेरे मुविक्कलों व मुविक्कलों के परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी ।
**रविन्द्र शर्मा अधिवक्ता**
हॉल नं0 2, सीट नं0 46, जिला न्यायालय, द्वारका कोर्ट, द्वारका, नई दिल्ली 110075

**PUBLIC NOTICE**
**To Whom so ever it may concern**
This declaration is executed on 10th day of September 2024 by my clients Tanveer Ahmed (the under-signed) S/o Late Sh.Iqbal Ahmed aged about 50 years R/o House No. A-1/2, Bhaskar Compound, Abul Fazal Enclave, Part-1, Okhla, Jamia Nagar, South Delhi, New Friends Colony, having Aadhar Card No. 525755750022 and Mrs. Rifat Jamal (the under-signed) W/o Tanveer Ahmad aged about 48 years R/o House No. A-1/2, Bhaskar Compound, Abul Fazal Enclave, Part-I, Okhla, Jamia Nagar, South Delhi, New Friends Colony having Aadhar Card No. 528146506459.
This Declaration is being drafted on the instructions of my Clients Tanveer Ahmed and Rifat Jamal on their free will and under no influence. That my Clients Tanveer Ahmed and Rifat Jamal hereby declares that they are disowning Mr. Kashif Iqbal (brother & brother-in-law) & his family members from their legal heirs category. That after execution of this declaration Mr. Kashif Iqbal will not be having any rights or shares in the immoveable and moveable properties which belongs to or is in the ownership of my Clients Tanveer Ahmed and Rifat Jamal. Any illegal acts or any commission of any offences as punishable under Law of the Land by Mr. Kashif Iqbal or his family members will have no effect on my Clients ie. Tanveer Ahmed (the under-signed) and Rifat Jamal (the under-signed) and will lead to no consequences/impediments for my Clients. Whosoever if deals with Mr. Kashif Iqbal and his family members will deed on their own and at their own risk, responsibility and consequences.
**Saba Khan Advocate**
OFFICE: H-1/44 Zakir Nagar, New Delhi

**Name Change**
I, PRAMILA DEVI W/o JASWANT SINGH R/o LIG FLAT NUMBER-333/3RD FLOOR, GR-2, SECTOR-16-B PKT-3-C, DWARKA, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110075 have changed my name from PRAMILA DEVI to PARMILA DEVI for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform all concern that my client Saleem Ahmad, S/o Jarif Ahmad, R/o Sanpla Khatri, Saharanpur, Uttar Pradesh-247554, (Aadhar No. 5421 3398 1587) having disowned his son Mohammad Farad from all his existing and future property (both movable and immovable) and he is no more his legal heir. He has been disowned with free will and consent and my client is not responsible for any of his activities. Whosoever deal with the person will deal at their own risk and responsibility.
**Sahar Masroor Advocate**
Off:BUNGALOW NO 2 HAMDARD PUBLIC SCHOOL TALIMABAD, SANGAM VIHAR, NEW DELHI-110080

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक श्रीमती अनीता पत्नी स्वर्गीय श्री राकेश के फ्रीहोल्ड आवासीय बल्ट–अप संपत्ति संख्या 1/2245ए–3, पुरानी संख्या 1/2245ए, प्लॉट संख्या 3 और 1/2245–ए–4, प्लॉट संख्या 4 की मालिक हैं। खसरा संख्या 528 में से 127 वर्ग गज क्षेत्रफल, ग्राम चंद्रावली उर्फ शाहदरा, दिल्ली–110032 में स्थित है। रिलीज डीड दिनांक 31.10.2023 के आधार पर दस्तावेज़ संख्या 8709, खंड संख्या 4844 पृष्ठ संख्या 60–71 एसआर– IV–ए और त्याग विलेख दिनांक 25.10.2023 दस्तावेज़ संख्या 8476, खंड संख्या 4833 पृष्ठ संख्या 1–8 एसआर– IV के आधार पर –ए, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और ऊपरी भूतल बिना छत के अधिकार के श्री करण गुप्ता और श्रीमती कामिनी गुप्ता के नाम से बिकने जा रही है और इसे पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग द्वारा वित्तपोषित किया गया है। फाइनेंस लिमिटेड शाखा शाहदरा, दिल्ली। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**Name Change**
I Arshad Zarabi S/O Gulam Hassan R/O C-3/73 3rd Floor Phase-2 Ashok Vihar North West Delhi Delhi-110052 Have changed my name to Arshad Hassan for all future purposes.

**Name Change**
I, No. 2603854P Rank- HAV Name- K NAGARAJAN Father of PRAVEEN residing at 32 SRI ANDAL NAGAR, VILLANTHANGAL ROAD, MOUNT CARMEL BACK SIDE, KALLAKURICHI, TAMIL NADU-606202 have changed my minor son's name from PRAVEEN to PRAVEEN N for all future purposes vide affidavit dated 11/09/2024 Before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**
यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती शशि गोयल, दूसरी मंजिल के दाहिनी ओर का भाग (Right Side Portion), बिना छत के अधिकार के साथ, जो कि संपत्ति संख्याएँ एम.सी. संख्या 2424 और 2430, क्षेत्रफल 126.78 वर्ग मीटर, चिप्पीवाड़ा कलां, जामा मस्जिद, दिल्ली पर स्थित है, को श्री राज कपूर, श्रीमती नीना कपूर, श्री तरुण खन्ना और श्रीमती मधु खन्ना से खरीदने का इरादा रखती हैं। सम्पूर्ण संपत्ति श्री राम कुमार सिंघल और श्री रज्जू सिंघल ने श्री प्रेम चंद जैन से विक्रय विलेख के माध्यम से 15.05.1989 को खरीदी थी। इस विक्रय विलेख से पहले, श्री राम कुमार सिंघल ने 04.04.1985 को मास्टर रज्जू सिंघल के पक्ष में एक पंजीकृत वसीयत बनाई थी। इसके बाद, श्री राम कुमार सिंघल का निधन हो गया, और उनकी पत्नी श्रीमती सुशीला देवी सिंघल का भी निधन हो गया। वे केवल एक कानूनी वारिस, श्री रज्जू सिंघल, को छोड़ गए। इसके बाद, श्री रज्जू सिंघल ने संपत्ति के पूरे हिस्से में से प्रत्येक को 1/4 हिस्सा, श्री राज कपूर, श्रीमती नीना कपूर, श्री तरुण खन्ना और श्रीमती मधु खन्ना को व्यक्तिगत चार विक्रय विलेख के माध्यम से बेचा। उन्होंने इस संपत्ति पर एक भवन का निर्माण किया और अब दूसरी मंजिल को संयुक्त रूप से बेचने का इरादा है। उसी संपत्ति का वित्तपोषण आरबीएल बैंक लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो एएफ 19, 20, 21 एफएफ आदित्य मॉल, इंदिरापुरम, गाजियाबाद यूपी में स्थित है।. यदि किसी व्यक्ति को संबंधित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया नोटिस की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति को पंजीकृत डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर और ई–मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो उपर्युक्त के अनुसार दावा को संबंधित संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।
**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122, Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

# लाव लश्कर के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाड़वा से किया नामांकन

एजेंसी

**लाड़वा ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में लाड़वा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारी हुजूम के साथ अपना नामांकन किया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर नायब सैनी गदगद दिखे।

इस मौके पर नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाड़वा की इस ऐतिहासिक धरती पर उमड़े जनसमूह को देखकर मैं उत्साहित हूं। लाड़वा मेरा घर है और मुझे मेरे घर पर पूरा विश्वास है कि इस बार भाजपा की सरकार तीसरी बार बनाने में लाडवा के लोग कमल खिलाएंगे। सैनी ने कहा कि जनता की यह सम्मान की पगड़ी मूल्यवान है और यह सम्मान केवल मुख्यमंत्री नायब सैनी का नहीं, बल्कि लाड़वा के एक-एक नागरिक का है। सैनी ने वादा किया कि इस सम्मान को कभी कम नहीं होने दिया जाएगा और इसे बढ़ाने के लिए



मेहनत करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और कहा कि भाजपा हरियाणा एक, हरियाणवी एक के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है, लेकिन कांग्रेस प्रदेश के लोगों को टुकड़ों-टुकड़ों में बांटना चाहती है। कांग्रेस की मानसिकता छोटी है। आज लाड़वा की इस एतिहासिक धरती पर कहना चाहता हूं कि यह चुनाव राजनीतिक दलों का चुनाव नहीं, बल्कि न्याय और अन्याय का युद्ध है। उन युवाओं के लिए न्याय का युद्ध है, जिन्हें हमने नौकरी दी और कांग्रेस के भर्ती रोको गैंग ने रुकवा दी। इसका जवाब युवा 5 अक्टूबर को कांग्रेस को देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव उस अन्याय के खिलाफ युद्ध है, जो कांग्रेस राज में दलितों पर हुए हमले, दलितों के घर जलाए गए, उन्हें पलायन के लिए मजबूर किया गया। किसान अपने अपमान का बदला लेने के लिए कांग्रेस को सबक जरूर सिखाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह धरती न्याय और अन्याय की लड़ाई की गवाह रही है, और भगवान श्रीकृष्ण ने यहीं गीता का संदेश दिया था। मेरा आग्रह है कि आप सभी मिलकर चुनाव के दौरान हर घर में जाएं और एक-एक व्यक्ति से मिलें। हमारा लक्ष्य है कि लाड़वा विधानसभा क्षेत्र में कमल का फूल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा को नंबर एक बनाएं। कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि आज कई विधानसभाओं से लोग यह चाह रहे थे कि मुख्यमंत्री वहां से चुनाव लड़ें, लेकिन उन्होंने लाडवा की धरती को चुना। हरियाणा में वे कहीं से भी चुनाव लड़ें, जीत निश्चित है, लेकिन उन्होंने अपना प्यार लाडवा को दिया। जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री को लाडवा में बार-बार आने की जरूरत भी नहीं है, यहां चुनाव जनता संभालेगी। मुख्यमंत्री सैनी ने पांच महीने में ही कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की, अब हम उन्हें समर्थन देकर यहां से विजयी बनाएंगे।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री और थानेसर विधायक सुभाष सुधा, लाडवा के पूर्व विधायक पवन सैनी, सुमन सैनी, पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर सैनी, जिले के प्रवासी प्रभारी और पूर्व सांसद रघु लखन पाल, विधानसभा प्रभारी धर्मवीर सिंह, प्रदेश सचिव राहुल राणा, अध्यक्ष जय सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष साक्षी खुराना व महिला मोर्चा की अध्यक्ष परमजीत कौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## फरीदाबाद में पुलिस व अर्ध-सैनिक बल का फ्लैग मार्च

एजेंसी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिले में चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भय व स्वतंत्र रूप से मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने लोगों से चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। फ्लैग मार्च में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान सभी का अधिकार है, जिसमें सभी को शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर मतदान पुलिस सुरक्षा के बीच कराया जाएगा। अगर किसी ने चुनावी प्रकिया में कोई बाधा डाली, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चुनाव को लेकर फरीदाबाद पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए है। पुलिस टीम ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह किसी भी तरह की अफवाहों में आकर जनता में रोष फैलाने का काम न करें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें। अगर चुनाव में किसी भी प्रकार की कोई समस्या है, तो आप डायल 112 पर अपनी शिकायत दें ताकि पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके।

## गढ़ी सांपला किलोई हल्का मेरी कर्म भूमि, विकास में नहीं रहेगी कभी कोई कमीः मंजू हुड्डा

**रोहतक।** गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मंजू हुड्डा ने कहा कि यह विधानसभा क्षेत्र उनकी कर्म भूमि है और वे हल्के के मान सम्मान व विकास में कभी कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गढ़ी सांपला किलोई हलके के लोगों से उनका परिवार का रिश्ता है और जो सम्मान हल्के के लोगों से मिला रहा है, वह उसे कभी नहीं भूलेगी। भाजपा प्रत्याशी मंजू हुड्डा ने हल्का के गांव हसनगढ़, भैसरू कला, भैसरू खुर्द, नया बांस, सांपला, गढ़ी सांपला, कुलताना व गांव ईस्माइला में ग्रामीणों से जनसंवाद किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनहित में अनेक योजनाएं लागू ही नहीं की है, बल्कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया है, जिसके चलते आज हर वर्ग सरकार की नीतियों से पूरी तरह से खुश है। साथ ही उन्होंने कहा कि विकास के मामले में हरियाणा प्रदेश एक रोल मॉडल के रूप में बनकर उभरा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि हरियाणा सरकार द्वारा जनहित में लागू योजनाओं का आज दूसरे अन्य प्रदेश भी अनुसरण कर रहे है, जोकि अपने आप में एक मिशाल है।

## जंग का एलान हो गया है अभी नहीं तो कभी नहीं : दीपेन्द्र हुड्डा

**सोनीपत।** सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने गोहाना विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी जगबीर सिंह मलिक एवं बरोदा के मौजूदा विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी इंदुराज नरवाल की नामांकन जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जंग का एलान हो गया है। अभी नहीं तो कभी नहीं। दीपेंद्र ने कहा कि जनता जिस दिन का 10 साल से इंतजार कर रही थी वो दिन आ गया है। अब 36 बिरादरी एकजुट होकर भाजपा को हराए। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी इंदुराज नरवाल को भारी मतों के अंतर से विजयी बनाने कीअपील करते हुए कहा कि 10 साल बाद ये मौका आया है और इसे चूकना नहीं है। आज पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बना हुआ है और चारों तरफ से एक ही आवाज आ रही है कि बीजेपी जा रही है, कांग्रेस आ रही है। इस अवसर पर सोनीपत सांसद पं. सतपाल ब्रह्मचारी, गोहाना विधायक जगबीर सिंह मलिक, विधायक इंदुराज नरवाल मौजूद रहे। सांसद हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकारबनने पर बुजुर्गों को 6 हजार रुपया महीना बुढ़ापा पेंशन, हर परिवार को 300 यूनिट बिजली फ्री, महिलाओं के लिए 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम, 25 लाख रुपये तक का इलाज सरकारी खर्च पर देंगे। किसानों को एमएसपी व सर्वाधिक भाव की गारंटी, खाली पड़े 2 लाख सरकारी पदों पर योग्य हरियाणवी युवाओं की समयबद्ध भर्ती,गरीब परिवारों को 100 गज के मुफ़्त प्लॉट व 3.5 लाख रुपये की लागत से 2 कमरे का मकान, पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर आय सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये करेंगे, सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार, मनरेगा मेट को पक्का करेंगे। खिलाड़ियों के लिए पदक लाओ पद पाओ नीति दोबारा लागू होगी, जातिगत जनगणना कराएंगे, जनविरोधी पोर्टलों से मुक्ति, नशा मुक्त व अपराध मुक्त हरियाणा बनाकर विकास, निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य में हरियाणा को नंबर 1 बनाएंगे।

## भाजपा ने रोहतक से मनीष ग्रोवर को दी टिकट, बांटे लड्डू

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी ने अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। रोहतक से पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर को टिकट मिली है। ग्रोवर को टिकट मिलने पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई। हालांकि कुछ दिन पहले पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने पत्रकारवार्ता कर चुनाव न लड़कर संगठन के लिए पूरे प्रदेश में काम करने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन समर्थकों के बढ़ते दबाव के चलते उन्होंने कहा था कि रोहतक की जनता जो चाहती है, वह उसका सम्मान करते है। साथ हर पार्टी जो भी उन्हें जिम्मेदारी सौंपेगी, वह उसे निभाएंगे। रोहतक सीट से टिकट मिलने के बाद मनीष ग्रोवर ने कहा कि संगठन ने जो उन पर विश्वास जताकर जिम्मेदारी दी वह उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। दरअसल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गढ़ी सांपला किलोई से मंजू हुड्डा, कलानौर आरक्षीट सीट से रेणु डाबला, महम से दीपक हुड्डा व रोहतक सीट से मनीष ग्रोवर को चुनावी मैदान में उतारा है।

## जींद के वकीलों के समर्थन में कैथल के वकील, दूसरे दिन भी रही जारी

**कैथल।** जिला बार एसोसिएशन जींद के आह्वान पर डीएसपी गीतिका जाखड़ द्वारा कथित तौर पर किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में वकीलों ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल रखी। आज भी वकील अदालतों में पेश नहीं हुए और न ही कोर्ट का कोई काम किया। वकीलों की हड़ताल के कारण बाहर से आने वाले मुवक्किल परेशान होते रहे। हालांकि जिला बार एसोसिएशन की ओर से हर अदालत में एक एक परोक्सी कौंसल नियुक्त किया गया था लेकिन वे आज के केसों में केवल तारीख ले रहे थे। आप को बता दें कि हड़ताल के चलते 9 सितंबर तक सभी नोटरी पब्लिक और ओथ कमीश्नरों को हिदायत दी गई थी कि वे कोई भी शपथ पत्र या दस्तावेज अटेस्ट नहीं करेंगे, लेकिन आज से इन निर्देश में यह बदलाव किया गया है कि नोटरी पब्लिक और ओथ कमीश्नर केवल चुनाव में नामांकन भरने वाले उम्मीदवारों के दस्तावेज या शपथ पत्र अटेस्ट कर सकते हैं। जिला बार एसोसिशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने कहा कि कैथल के वकील तन, मन, धन से जींद के वकीलों के साथ हैं।

# हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कड़ी चौकसी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने आज हरियाणा विधानसभा के आम चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा पड़ोसी राज्यों के साथ चुनाव को लेकर अंतर-राज्यीय सीमा पर समन्वय के लिए बुलाई गई बैठक के दौरान राज्य में व्यापक चुनाव तैयारियों और कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी दी। बैठक के दौरान डॉ. प्रसाद ने बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक प्रदेश में कुल 14 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकदी व कीमती वस्तुएं जब्त की गई हैं। जब्त किए गए सामान में 10.45 लाख रुपये की नकदी, 2.44 लाख लीटर शराब, 436.55 लाख रुपये की 2,079 किलोग्राम ड्रग्स, 30.5 किलोग्राम कीमती धातु और 134.98 लाख रुपये मूल्य का अन्य कीमती सामान जब्त किया है मुख्य सचिव ने बताया कि कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पूरे राज्य में 435 उड़न दस्ते और 377



स्टेटिक सर्विलांस टीमें (एस.एस.टी.) गठित की गई हैं। इसके अतिरिक्त, अवैध पदार्थों, बिना लाइसेंस वाले हथियारों और आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों की आवाजाही को रोकने के लिए सीमा बिंदुओं पर 133 अंतर-राज्यीय नाके स्थापित किए गए हैं। हरियाणा में शराब, ड्रग्स और अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी को रोकने के लिए अतिरिक्त 140 अंतर-राज्यीय नाके भी लगाए गए हैं। डॉ. प्रसाद ने बताया कि हरियाणा में कानून व्यवस्था की स्थिति शांतिपूर्ण और पूरी तरह से नियंत्रण में है। सुरक्षा बलों के लिए रसद और आवास व्यवस्था के समन्वय के लिए प्रत्येक जिले में डीएसपी रैंक के नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस ने 96 बिना लाइसेंस वाले हथियार और 113 कारतूस जब्त किए हैं। इसके अलावा, चुनाव की घोषणा के बाद से 176 घोषित अपराधी, 129 बेल जंपर और 210 वारंट वाले व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। डॉ. प्रसाद ने कहा कि चुनाव से 48 घंटे पहले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को हरियाणा में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी, ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़ और पंजाब जैसे पड़ोसी राज्यों के साथ लगती अंतर-राज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और 133 अंतर-राज्यीय नाके लगाए गए हैं ताकि कोई भी आपराधिक तत्व या अनधिकृत सामग्री हरियाणा में प्रवेश न कर सके।

## डॉ. आशा सहरावत ने संभाला डिप्टी सीएमओ का पद

एजेंसी

**सोनीपत।** हाई कोर्ट के आदेश पर डॉ. आशा सहरावत को सोनीपत के डिप्टी सीएमओ के पद पर नियुक्त



किया गया है। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। उन्हें डीडीओ पावर, परिवार कल्याण चार्ज और मलेरिया विभाग सहित एचकेआरएन आरटीआई से संबंधित अतिरिक्त कार्य सौंपे गए हैं। डॉ. सहरावत को उनकी कार्यकुशलता के लिए ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। इससे पहले खरखौदा में एसएमओ के पद पर रहते हुए उन्होंने कई सुधार किए, जिनमें अस्पताल में रात्रि सेवाएं शुरू करना शामिल था।

हालांकि, कुछ स्वास्थ्य कर्मी उनके काम के तरीके से असंतुष्ट थे, जिसके चलते जुलाई में उनके खिलाफ हड़ताल की गई। इसके बाद उनका तबादला कर दिया गया था। डॉ. सहरावत ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से उन्हें न्याय मिला और अब उन्हें सोनीपत में डिप्टी सीएमओ का पदभार सौंपा गया है। इस मामले में कई अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर भी ट्रांसफर की कार्रवाई हो चुकी है।

## सोनीपत में विधानसभा चुनाव के लिए आठ ने दाखिल किया नामांकन

एजेंसी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव के तहत विभिन्न विधानसभाओं से उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। राई, खरखौदा, सोनीपत, गोहाना और बरोदा विधानसभा क्षेत्रों से कुल 8 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन जमा किए। राई विधानसभा से युग तुलसी पार्टी के संत धर्मबीर चोटी आला और राष्ट्रीय मजदूर विकास पार्टी के मुकेश ने नामांकन दाखिल किया। खरखौदा से भाजपा उम्मीदवार पवन कुमार और निर्दलीय सतनारायण ने अपने नामांकन सौंपे, साथ ही भाजपा के कवरिंग उम्मीदवार आजाद सिंह ने भी दस्तावेज प्रस्तुत किए। सोनीपत विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार मेयर निखिल मदान और कवरिंग उम्मीदवार निकिता मदान ने नामांकन दाखिल किया। गोहाना से कांग्रेस उम्मीदवार जगबीर सिंह मलिक और लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के जगबीर जुआं ने अपनी उम्मीदवारी दर्ज की। बरोदा विधानसभा से कांग्रेस के इंदुराज सिंह नरवाल ने नामांकन दाखिल किया, उनके





कवरिंग उम्मीदवार के रूप में सनजीत कुमारी ने भी नामांकन दाखिल किया। डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि गन्नौर विधानसभा से अभी तक किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। उम्मीदवार 12 सितंबर तक अपने नामांकन पत्र भर सकते हैं।

## जिला में छठे दिन 5 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

एजेंसी

**नारनौल।** हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन मंगलवार को जिला में 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 12 सितंबर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन सुबह 11 से दोपहर बाद तीन बजे तक किया जा सकता है। जिले में अब तक 18 नामांकन भरे गए हैं।

नामांकन के छठे दिन महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए एक, अटेली विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन तथा नारनौल विधानसभा क्षेत्र के लिए एक उम्मीदवार ने नामांकन किया। महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्दलीय प्रत्याशी भूप सिंह ने नामांकन भरा। नारनौल विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी कृष्ण कुमार ने तथा अटेली विधानसभा क्षेत्र के लिए इंडियन नेशनल लोकदल एवं बहुजन समाजवादी पार्टी के गठबंधन के प्रत्याशी अतर लाल, सोशलिस्ट यूनाइटेड कम्युनिस्ट ऑफ इंडिया पार्टी से ओमप्रकाश तथा निर्दलीय प्रत्याशी साधना ने नामांकन भरा ।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र गुरूवार 12 सितंबर तक भरे जा सकते हैं। शुक्रवार 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा करते हुए छंटनी की जाएगी। सोमवार 16 सितंबर तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में अपने साथ भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित संख्या में ही लोगों को लाने की अनुमति होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों के लिए विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये है। उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा 10 हजार रुपए से अधिक का चुनाव खर्च सभी स्थितियों में क्रॉस्ड अकाउंट पेयी चेक, ड्राफ्ट, आरटीजीएस/एनईएफटी या चुनाव के उद्देश्य से खोले गए उम्मीदवार के बैंक खाते से जुड़े किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा करना होगा।

## कुरुक्षेत्र से 14 को चुनावी अभियान शंखनाद करेंगे नरेन्द्र मोदी : बड़ौली

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 सितंबर को हरियाणा की पवित्र धरती धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र से चुनाव अभियान का औपचारिक शंखनाथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा ही हरियाणा को अपने दिल से लगाकर रखा है। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण हमेशा से ही हरियाणा के उज्जवल भविष्य पर केन्द्रित रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली कुरूक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां बड़ौली ने कांग्रेस को भी घेरा और कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऐसे लोगों को मैदान में उतारा है, जो या तो जेल में हैं या फिर जेल में जाने की तैयारी में हैं। हुड्डा के सार्वजनिक रूप से सिर में कंघी कराने पर चुटकी लेते हुए भाजपा नेता बड़ौली ने कहा कि हुड्डा की कंघी नीति यह दर्शाती है कि उनका ध्यान और प्रयास राज्य के विकास की बजाए व्यक्तिगत शाही जीवन शैली पर है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा प्रदेश मीडिया सहप्रभारी मीडिया अशोक छाबड़ा, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, धुम्मन सिंह किरमच व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरती न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है। इसी पावन धरा से प्रधानमंत्री मोदी 14 सितंबर को चुनाव अभियान को गति देंगे। पत्रकार के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो अपने संगठन को सबसे अधिक महत्व देती है, यदि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी सतह पर नाराजगी या असंतोष उत्पन्न होता है तो पार्टी का संगठन उसे दूर करने के लिए तत्पर है।बड़ौली ने कहा कि हमारा संगठन समर्पित और सक्षम है और किसी भी आंतरिक मुद्दे पर समाधान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए पंडित मोहन लाल ने कहा कि कांग्रेस के भीतर परिवारवाद और व्यक्तिगत सत्ता केंद्रित राजनीति का उदाहरण है। हुड्डा द्वारा करण सिंह दलाल का बिना पार्टी टिकट के नामांकन करवाना इंगित करता है कि वे कांग्रेस के भीतर अपने प्रभाव और वर्चस्व को स्थापित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

## तीसरी बार नायब सैनी के नेतृत्व में बनेगी भाजपा की सरकार : डा. सतीश पूनिया

एजेंसी

**हिसार।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने दावा किया है कि हरियाणा में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकान बनना तय है। उन्होंने कहा कि गुटों में बंटी कांग्रेस का कोई ठोर ठिकाना नहीं है और ऐसी पार्टी कभी जनता का भला नहीं कर सकती। डॉ. सतीश पूनिया जिले के हांसी हांसी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विनोद भयाना का नामांकन भरवाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हार के डर से कांग्रेस के नेता झूठ फैलाने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की हालत अली बाबा चालीस चोर जैसी है।

भाजपा अपने एजेंडा पर चुनाव लड़ रही है और भाजपा का एजेंडा विकास है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासन में हरियाणा का दृश्य हरियाणा के लोगों ने देखा है कि किस तरह से सड़कों पर अराजकता रहती थी। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था, पर्ची और खर्ची से युवाओं को नौकरियां मिलती थी। डा. पूनिया ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनी और युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिल रही है। युवाओं को योग्यता के आधार पर और बिना पर्ची और बिना खर्ची के जो नौकरियां



मिल रही है इसकी गूंज पूरे देश में गूंज रही है। हरियाणा देश में मॉडल बनकर उभरा है। हरियाणा में गरीब लोगों को चिरायु और आष्युमान कार्ड के जरिए फ्री में इलाज का लाभ मिल रहा है।

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हाइवे बनाने की शुरूआत की थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में मूर्त रूप दिया है। हरियाणा में नेशनल हाइवे, एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व और भाजपा का विकास का एजेंडा ही विधानसभा चुनाव में हमारा हथियार होगा।

I. सतीश पूनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सज्जनता और नायब सरकार के काम से हरियाणा में लोग तीसरी बार भाजपा की सरकार बना रहे हैं। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए डा. पूनिया ने कहा कि हरियाणा का जनमानस परम्परागत रूप से कांग्रेस के खिलाफ रहा है।

## कृषि विभाग की खेतों पर रहेगी पैनी नजर, किसी भी सूरत में नहीं जलने दिए जाएंगे फाने

एजेंसी

**जींद।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 2024 के दौरान धान की पराली जलाने की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए समीक्षा बैठक लेते हुए सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिए। पराली जलाने के मामले में अति संवेदनशील गांवों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसके अलावा कृषि विभाग, ग्राम सचिव तथा पटवारियों की ग्राम स्तर पर टीमें बनाई जाएं जो कि किसानों को फसल अवशेष नही जलाने तथा पराली प्रबंधन के फायदों के बारे में जागरूक करेंगे। किसान धान फसल की कटाई एसएमएस लगी कंबाईनों से अनिवार्य करवाएं ताकि पराली प्रबंधन आसानी से किया जा सके।वीडियो कान्फ्रैंस के उपरात उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी गांवों में पराली जलाने की घटना न हो, इसके लिए कृषि अधिकारी गांव स्तर पर गठित नोडल अधिकारी से तालमेल स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। इसके अलावा नम्बरदारों ग्राम सचिवों से मिलकर गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को पराली न जलाने के बारे में प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि किसान पराली का उपयोग पशुचारे के साथ-साथ अपनी




आमदनी बढ़ाने के लिए भी कर सकता है। जहां पराली का उपयोग बिजली बनाने के लिए किया जाता है वहीं पराली का उपयोग अन्य सामग्री बनाने में भी किया जाता है। उपायुक्त ने इस बताया कि जिला के जो 13 गांव रेड जोन में है उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिनमें गांव अलेवा, श्रीरागखेड़ा, दनौदाकलां, धमतान साहिब, चक उझाना, रसीदां, जयपुर, मुआना, अलिपुरा, बडनपुर, करसिंधु शामिल हैं। उन्होंने बताया कि फसल कटाई के सीजन के दौरान प्रतिवर्ष किसानों द्वारा फसल अवशेष जलाने से वातावरण में प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि पराली को जलाने से भूमि में मौजूद कई उपयोगी बैक्टीरिया व कीट नष्ट हो जाते हैं वहीं मिट्टी की जैविक गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेष प्रबंधन को अपनाएं, धान के फानों को जलाने की अपेक्षा उनका प्रबंधन करें।

## कलायत से रामपाल माजरा व गुहला से कुलवंत बाजीगर सहित सात उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

एजेंसी

**कैथल।** जिला कैथल में कलायत से इनेलो उम्मीदवार रामपाल माजरा व गुहला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कुलवंत बाजीगर सहित सात उम्मीदवारों ने नाम मांगकण पत्र दाखिल किया। जिला निवार्चन अधिकारी एवं डीसी डा. विवेक भारती ने बताया कि पूंडरी विधानसभा से प्रमोद कुमार, सुनीता, हरिपाल ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। वहीं गुहला विधानसभा से कुलवंत बाजीगर ने भारतीय जनता पार्टी से व अमरजीत ने आजाद उम्मीदवार के तौर अपना नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार कलायत विधानसभा से रामपाल माजरा ने इनेलो पार्टी से अपना पर्चा भरा। कैथल विधानसभा से सुरेश कुमार ने आजाद प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया। सभी विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा उम्मीदवारों के नामांकन प्राप्त किए गए। सभी नामांकन केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसके अतिरिक्त नामांकन स्थल की बैरिकेडिंग भी की गई है। जिला निवार्चन अधिकारी ने कहा 13



सितंबर, 2024 को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी। 16 सितंबर, 2024 तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मतदान 5 अक्तूबर और मतगणना 8 अक्तूबर, 2024 को होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होती है। साथ ही आरओ/एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाए जा सकते हैं। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

## वित्त मंत्री सीतारमण से मिले विश्व आर्थिक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. क्लॉस श्वाब

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. क्लॉस श्वाब ने यहां मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई मसलों पर बातचीत हुई। हालांकि, इसका पूरा ब्योरा अभी मिल पाया है। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. क्लॉस श्वाब ने नई दिल्ली स्थित नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की है। उल्लेखनीय है कि विश्व आर्थिक मंच एक गैर-लाभकारी एवं अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इस संगठन की स्थापना 1971 में हुई थी। इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित है। ये फोरम वैश्विक, क्षेत्रीय और औद्योगिक एजेंडों को आकार देने के लिए राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र के अग्रणी नेतृत्व को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है।

## सीएसईपी के मानद अध्यक्ष राकेश मोहन ने वित्त मंत्री सीतारमण से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) के मानद अध्यक्ष और प्रतिष्ठित फेलो राकेश मोहन ने यहां मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात का विस्तृत ब्यौरा अभी नहीं मिला है। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) के मानद अध्यक्ष और प्रतिष्ठित फेलो राकेश मोहन ने राजधानी नई दिल्ली स्थित नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की है। सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) एक स्वतंत्र भारतीय सार्वजनिक नीति थिंक टैंक है। उल्लेखनीय है कि राकेश मोहन सीएसईपी के मानद अध्यक्ष एवं विशिष्ट फेलो हैं। इससे पहले वे अक्टूबर 2020 से लेकर मई 2023 तक इसके अध्यक्ष और प्रतिष्ठित फेलो रह चुके हैं।

## सोना महंगा होने की आशंका से सितंबर में ही शुरू हुई शादियों की खरीदारी

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मार्केट में सोने के भाव में आए उछाल और घरेलू शेयर बाजार में भी सोने के नए शिखर पर पहुंचने की संभावनाओं की वजह से इस साल सितंबर में ही सोने की खरीदारी में तेजी आ गई है। नवंबर में शुरू होने वाले शादी के सीजन के लिए अभी से ही ज्वेलर्स के पास एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। दावा किया जा रहा है कि सितंबर के महीने में गोल्ड ज्वेलरी की बिक्री और एडवांस बुकिंग में 50 प्रतिशत तक की तेजी आ गई है। उल्लेखनीय है कि देश में फिलहाल 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है। मार्केट के एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि दीपावली और उसके बाद शादी का सीजन शुरू होने पर सोना 76 हजार रुपये के स्तर को भी पार कर सकता है। गणेश चतुर्थी के साथ ही देश में फेस्टिवल सीजन की शुरुआत भी हो गई है। हालांकि इस बीच श्राद्ध यानी पितृ पक्ष का पखवाड़ा भी आएगा। इस पखवाड़े में सोने की खरीदारी में कुछ कमी जरूर आती है, लेकिन इसके बाद नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही सोने की खरीदारी में भी तेजी आ जाएगी।

## दूरसंचार लाइसेंस और वायरलेस उपकरणों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया बनी सरल

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने प्रायोगिक लाइसेंस, प्रदर्शन लाइसेंस और उपकरण प्रकार अनुमोदन जारी करने की प्रक्रियाओं में बदलाव किए हैं जो दूरसंचार क्षेत्र में व्यापार करने में सरलता बढ़ाने के लिए इसके चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं।विभाग ने यहां जारी बयान में कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य देरी को कम करना और नियामक आवश्यकताओं को सरल बनाना, नवाचार को बढ़ावा देना और व्यवसायों और दूरसंचार ऑपरेटरों के लिए संचालन को सुव्यवस्थित करना है। प्रायोगिक लाइसेंस (रेडिएटिंग श्रेणी) के लिए, त्वरित अनुमोदन सुनिश्चित करने के लिए निश्चित समय सीमाएँ शुरू की गई हैं। प्रायोगिक लाइसेंस के मामलों में अंतर-मंत्रालयी परामर्श की आवश्यकता नहीं होने पर, यदि कोई निर्णय नहीं दिया जाता है तो लाइसेंस 30 दिनों के बाद जारी माना जाएगा।अंतर-मंत्रालयी परामर्श की आवश्यकता वाले मामलों में दूरसंचार विभाग पूरा आवेदन प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर टिप्पणियाँ मांगेगा। यदि कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं होती है, तो 60 दिनों के बाद एक अनंतिम लाइसेंस प्रदान किया जाएगा।

# भारत-फिनलैंड ने द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने पर किया विचार-विमर्श

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में सकारी पुइश्तो के नेतृत्व में वाणिज्य समिति के फिनिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के प्रतिनिमंडल ने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में सकारी पुइश?तो के नेतृत्व में भारत दौरे पर आए वाणिज्य समिति के फिनिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ मुलाकात की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित बैठक में इसके महत्व की सराहना की। मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों ने जलवायु कार्रवाई पर सहयोग बढ़ाने, व्यापार, निवेश और सहयोग के माध्यम से भारत-फिनलैंड द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही दोनों पक्षों ने आर्थिक नीतियों और पहलों, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना डीपीआई, राजकोषीय नीति और कर सुधारों पर भी चर्चा की।



# रिजर्व बैंक ने एक्सिस और एचडीएफसी बैंक पर लगाया 2.91 करोड़ रुपये का जुर्माना

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वैधानिक और नियामकीय अनुपालन में कुछ खामियों के लिए एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक पर सख्?त कार्रवाई करते हुए कुल 2.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने जारी एक बयान में कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम के कुछ प्रावधानों के उल्लंघन के मामले में निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक पर क्रमश 1.91 करोड़ रुपये और एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक के मुताबिक इस तरह दोनों बैंकों पर कुल मिलाकर 2.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा है। आरबीआई ने कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम के कुछ प्रावधानों और 'जमा पर ब्याज दर', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)' तथा 'कृषि ऋण प्रवाह-गिरवी मुक्त कृषि ऋण' पर कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए एक्सिस बैंक पर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, 'जमा पर ब्याज दर', 'बैंकों के वसूली एजेंटों' और 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए एचडीएफसी बैंक पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है रिजर्व बैंक ने कहा कि यह जुर्माना वैधानिक और विनियामक अनुपालन में कमियों से संबंधित है। इससे बैंकों के अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेन-देन या समझौते की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ेगा।




# नेचरविंग्स होलीडेज की शेयर बाजार में जोरदार एंट्री, 22 प्रतिशत के मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टूर एंड ट्रेवल सेक्टर की कंपनी नेचरविंग्स होलीडेज के शेयर की आज घरेलू शेयर बाजार में जोरदार एंट्री हुई। दिन के कारोबार में यह शेयर शुरुआती बढ़त के बाद बिकवाली का शिकार हो गया। इसके बावजूद पहले कारोबारी दिन की समाप्ति के बाद इस शेयर के आईपीओ निवेशक लगभग 22 प्रतिशत के मुनाफे में रहे।

नेचरविंग्स होलीडेज का 7.03 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 से 5 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 9,50,400 नए शेयरों को 74 रुपये के भाव पर जारी किया गया था। इस आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिससे ओवरऑल ये 383.48 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व हिस्से में 487.17 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इस शेयर की लिस्टिंग 95 रुपये के भाव पर हुई। यानी लिस्टिंग के साथ ही आईपीओ निवेशकों को 28 प्रतिशत से अधिक का मुनाफा मिल गया। दिन के कारोबार में ये शेयर खरीदारी के सपोर्ट से उछल कर 99.50 रुपये के स्तर तक पहुंचा लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली के दबाव में नेचरविंग्स होलीडेज के शेयर टूट कर 90.25 के स्तर पर बंद हुए। इस तरह आईपीओ निवेशकों का पहले दिन का मुनाफा 21.96 प्रतिशत रहा। कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने के साथ ही मार्केटिंग और बिजनेस प्रमोशन के काम में किया जाएगा। 2018 में बनी ये टूर कंपनी हिमालयन रेंज के लिए हॉलिडे पैकेज उपलब्ध कराती है।

2022 में कंपनी ने 19.89 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था, जबकि 2023 में इसका शुद्ध मुनाफा उछल कर 65.08 लाख रुपये और 2024 में 1.12 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू 219 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया।

## सीसीआई के अध्यक्ष रवनीत कौर से मिला फिनलैंड का संसदीय प्रतिनिधिमंडल




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** फिनलैंड की संसद की वाणिज्य समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के अध्यक्ष रवनीत कौर, सदस्यों और अधिकारियों के साथ मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों प्रतिनिधिमंडल ने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की।

सीसीआई ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि फिनलैंड की संसद की वाणिज्य समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी नई दिल्ली में सीसीआई के अध्यक्ष रवनीत कौर, सदस्यों और अधिकारियों के साथ मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात के दौरान हुई बातचीत का ब्यौरा नहीं मिला है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग भारत में मुख्य राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा नियामक है। सीसीआई कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है। ये प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने तथा भारत में प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली गतिविधियों को रोकने के लिए प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 को लागू करने के लिए जिम्मेदार है।

# 2030 तक एक करोड़ इकाई का होगा भारत का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार : गडकरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार वर्ष 2023 तक एक करोड़ इकाई सालाना बिक्री के आंकड़े को छू लेगा। इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही लिथियम-आयन बैटरी निर्यात करने की स्थिति में होगा।

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी नई दिल्ली में आयोजित सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 64वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। गडकरी ने कहा कि भारत भविष्य में दुनिया का शीर्ष वाहन विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार 2030 तक एक करोड़ इकाई सालाना तक पहुंच सकता है। इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ईवी बाजार की क्षमता वर्ष 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि लिथियम-आयन बैटरियों की लागत में और कमी आने की उम्मीद है, जिससे किफायत में मदद मिलेगी और इस प्रकार बड़े पैमाने पर इसकी स्वीकार्यता में तेजी आएगी। दरअसल एक अनुमान के मुताबिक ईवी वित्तपोषण बाजार का आकार 4 लाख करोड़ रुपये है। उल्लेखनीय है कि सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स एक गैर-लाभकारी शीर्ष निकाय है। यह देश में सभी प्रमुख वाहन और वाहन इंजन निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है।




## डिजिटल इंडिया विजन के तहत क्षमता निर्माण पहल के तीसरे चरण की शुरुआत

**नयी दिल्ली।** डिजिटल इंडिया विजन के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तौर पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने अपनी क्षमता निर्माण पहल के तीसरे चरण की शुरुआत की है। विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ये पहल डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, अनुबंध और खरीद प्रबंधन, एआई और एमएल का अनुप्रयोग, बड़ी डिजिटल परिवर्तन परियोजनाओं का प्रबंधन, डिजिटल शासन और डेटा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर अधिकारियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, देश भर में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इस श्रृंखला का दूसरा क्षेत्रीय कार्यक्रम 'डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना' पर केंद्रित है, जिसका उद्घाटन मंगलवार को यहां किया गया। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग द्वारा संचालित यह पहल, प्रशिक्षण भागीदार के रूप में राष्ट्रीय स्मार्ट गवर्नेंस संस्थान के साथ साझेदारी में है।

## एलायंस एयर 01 अक्टूबर से बेंगलुरु उड़ान का संचालन टर्मिनल-2 पर करेगी स्थानांतरित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एलायंस एयर अपने बेंगलुरु उड़ान का संचालन 01 अक्टूबर, 2024 से केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) के टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 पर स्थानांतरित करेगी।

एयरलाइन ने जारी एक बयान में कहा कि सभी यात्रियों को सूचित किया जाता है कि एक अक्टूबर, 2024 से एलायंस एयर के उड़ान का संचालन बेंगलुरु केआईए हवाई अड्डे पर टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। कंपनी ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.allianceair.in पर जाएं, या 044 42554255 या 044 3511 3511 पर संपर्क करें। दरअसल केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल-1 इंडिगो, अकासा एयर, एलायंस एयर और स्पाइसजेट की घरेलू उड़ानों के लिए परिचालन केंद्र है, जबकि टी2 एयरएशिया, एयर इंडिया, स्टार एयर और विस्तारा की घरेलू उड़ानों के साथ-साथ सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए विशेष केंद्र है। उल्लेखनीय है कि एलायंस एयर एयरलाइंस एआईएएचएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो एयर इंडिया लिमिटेड के विनिवेश के बाद भारत सरकार द्वारा गठित एक विशेष प्रयोजन विमानन कंपनी है।




# टाटा ग्रुप ने लॉकहीड मार्टिन से मिलाया हाथ, सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस का होगा निर्माण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और रक्षा उत्पाद बनाने वाली अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन के बीच एयरलिफ्टर प्रोजेक्ट को लेकर महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। दोनों कंपनियों ने सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस टैक्टिकल एयरलिफ्टर प्रोजेक्ट को लेकर साझेदारी शुरू करने का ऐलान किया है। भारतीय वायु सेना के मौजूदा बेड़े के साथ-साथ हरक्यूलिस फ्लीट की रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग फैसिलिटी का सेटअप तैयार करने की दिशा में काम किया जाएगा। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अमेरिका दौरे के समय भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर सहमति बनी थी। इसके बाद लॉकहीड मार्टिन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के बीच हुए एयरलिफ्टर प्रोजेक्ट के समझौते को काफी महत्वपूर्ण डेवलपमेंट माना जा रहा है। दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौते के मुताबिक एयरलिफ्टर प्रोजेक्ट के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा। भारतीय वायु सेना सी-130जे हरक्यूलिस का उपयोग करती है और उसके पास 12 विमानों का बेड़ा है। मौजूदा बेड़े के साथ-साथ हरक्यूलिस फ्लीट की रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग फैसिलिटी का सेटअप तैयार करने की दिशा में काम किया जाएगा। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की ओर से कहा गया है कि अगर भारत और अमेरिका की सरकारों की ओर से मंजूरी मिली तो भारत में सी-130 जे की असेंबलिंग और मैन्युफैक्चरिंग के विस्तार के साथ-साथ वायु सेना के लिए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट (एमटीए) प्रोग्राम के लिए विमान बनाने की दिशा में भी काम हो सकता है। ये इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वायु सेना आने वाले दिनों में 80 मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीदने की योजना बना रही है। इसके लिए 2023 में ग्लोबल टेंडर भी जारी किया गया था, जिसको लेकर लॉकहीड मार्टिन ने भी पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया था। दावा किया जा रहा है कि अगर मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बनाने का कॉन्ट्रैक्ट लॉकहीड मार्टिन को मिला तो ये कंपनी भारत में असेंबली कैपेसिटी और एक्स्ट्रा प्रोडक्शन के लिए यूनिट भी स्थापित करेगी।

अमेरिकी एयरोस्पेस दिग्गज लॉकहीड मार्टिन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने सी-130जे सुपर हरक्यूलिस टैक्टिकल एयरलिफ्टर के माध्यम से व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए 'टीमिंग एग्रीमेंट' की घोषणा की है। लॉकहीड मार्टिन और टाटा के पास पहले से ही 'टाटा लॉकहीड मार्टिन एयरोस्ट्रक्चर लिमिटेड' नामक एक संयुक्त उद्यम है। हैदराबाद के संयंत्र में अमेरिकी मुख्यालय वाली कंपनी की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए सी-130 जे के कुछ हिस्सों का उत्पादन किया जाता है। लॉकहीड मार्टिन ने एक बयान में कहा कि यह घोषणा भारत की रक्षा और एयरोस्पेस क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों को गहरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता भविष्य के संभावित व्यावसायिक अवसरों पर सहयोग के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।



## सर्राफा बाजार में महंगी हुई चांदी, सोने में हो रहा सपाट कारोबार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। इस चमकीली धातु की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। दूसरी ओर चांदी ने आज 700 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। सपाट स्तर पर कारोबार होने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 73,010 रुपये से लेकर 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,940 रुपये से लेकर 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं कीमत में आई तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमत 85,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने कमाए 3.49 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन शुरुआती दबाव का सामना करने के बाद मजबूती के साथ कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी लेकिन बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि, पहले घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार ने रिकवरी करके वापस हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.44 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान टेलीकॉम, आईटी, फार्मास्यूटिकल और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, हेल्थ केयर, टेक, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल, एफएमसीजी, बैंक और मीडिया इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर आज बिकवाली का शिकार हो गए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.53 प्रतिशत की छलांग लगा कर आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 463.59 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.17 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.49 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,042 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,590 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,351 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 101 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,452 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,700 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 752 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर बढ़त के साथ और 8 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 209.18 अंक की मजबूती के साथ 81,768.72 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद ही से ये सूचकांक बिकवाली के दबाव की वजह से ओपनिंग लेवल से करीब 325 अंक लुढ़क कर 114 अंक की कमजोरी के साथ 81,445.30 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 2 बजे के करीब ये सूचकांक 637.01 अंक की मजबूती के साथ 82,196.55 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स ओपनिंग लेवल से 275 अंक टूट कर 361.75 अंक की मजबूती के साथ 81,921.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



# हिंदुस्तान से लिंचिस्तान!

## भइया थोड़ी हरी मिर्च दे दो...अब नहीं मांगनी पड़ेगी ग्रीन चिली, घर में ऐसे उगा लें, 60 दिनों के अंदर लद जाएगा पौधा



**कुछ लोग सब्जी को तीखा बनाने के लिए लाल मिर्च पाउडर की बजाय हरी मिर्च डालते हैं. कुछ इसे कच्ची ही खाना पसंद करते हैं. सब्जी, चटनी, सलाद आदि में ग्रीन चिली आप डेली यूज करते होंगे. ऐसे में सब्जी वाले भइया से इसे आप मुफ्त में या 5-10 रुपये का लेते होंगे. क्यों नहीं आप इन आसान स्टेप्स से घर पर ही हरी मिर्च उगाते हैं?**

हरी मिर्च घर-घर में खूब इस्तेमाल किया जाता है. लोग इसे सब्जी, नॉनवेज आइटम, सलाद, स्प्राउट्स आदि में खूब इस्तेमाल करते हैं. इससे व्यंजन तीखा तो बनता ही है, साथ ही सेहत भी बनती है. आप अक्सर सब्जी मार्केट में सब्जी वाले भइया से 5-10 रुपये की हरी मिर्च या फिर फ्री में ही मिर्ची लेते होंगे. आप चाहें तो घर पर भी मिर्च का पौधा लगा सकते हैं. इससे आपको बार-बार हरी मिर्च खरीदने की जरूरत नहीं होगी. जब चाहे आप अपने गार्डन से मिर्ची तोड़कर भोजन में इस्तेमाल कर सकते हैं. चलिए जानते हैं हरी मिर्च को कैसे घर में उगा सकते हैं.

घर में गमले में मिर्च उगाने का आसान तरीका

ङ्क पहले आपको थोड़े से मिर्च के बीज लेने हैं. इसे छोटे गमले में मिट्टी डालकर छिड़क देंगे. अब ऊपर से हल्की मिट्टी की परत डालकर ढक देंगे. 10 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान पर मिर्ची के बीज जर्मिनेट हो जाते हैं. अब पानी देकर सूरज की रोशनी में इस गमले को रख दें. 15 दिन के बाद इसमें छोटे-छोटे पौधे निकल आएंगे.

-30 दिन के बाद ये और भी अधिक बढ़ जाएंगे. अब इसे छोटे गमले में से निकाल कर आप बड़े ग्रोबैग में इसे ट्रांसफर करें. पौधों को उगाने के लिए ग्रोबैग का इस्तेमाल करना सही होता है. 40 प्रतिशत गाय के गोबर की खाद और 50 प्रतिशत नॉर्मल मिट्टी और 10 प्रतिशत रेत मिक्स करके बैग में डाल दें. अब मिर्च के पौधे को इसमें अच्छी तरह से लगा दें. छोटे गमले से पौधे को ऐसे निकालें ताकि इसकी जड़ टूटे ना.

बालकनी में रखे पौधे होने लगे हैं खराब, तो इन घरेलू नुस्खे का करें इस्तेमाल.

बालकनी में रखे पौधे होने लगे हैं खराब, तो इन घरेलू नुस्खे का करें इस्तेमाल.आगे देखें...

ङ्क एक 12 इंच के ग्रोबैग में आप 2 पौधे लगा सकते हैं. इसे सूरज की रोशनी में रख दें. अब इसमें पानी डाल दें. सर्दियों में पौधा उगा रहे हैं तो सूरज की रोशनी में जरूर रखें. 40 दिन के बाद पौधा बढ़ जाएगा. बीच-बीच में मिट्टी की गुड़ाई भी करते रहें ताकि जड़ों तक ऑक्सीजन पहुंचे और पौधा अच्छी तरह से बढ़ता रहे.

ङ्क 50 दिन बाद आप देखेंगे कि इसमें फूल, मिर्च दोनों निकलने लगे हैं. 60 से 70 दिन बाद अच्छी तरह से पौधा मैच्योर हो जाएगा. अब आप इसमें खाद डालें. दरअसल, 45 दिन बाद से ही मिट्टी में आपको ऑर्गैनिक खाद देना शुरू कर देना चाहिए. गाय के गोबर की खाद को मिट्टी में मिक्स करके मिर्च के पौधे में डाल दें. प्रत्येक 15 से 20 दिन के गैप में आप ये खाद डाल सकते हैं.

ङ्क बर्मी कम्पोस्ट, किचन बेस्ड कम्पोस्ट, गाय के गोबर के खाद आप डालते रहेंगे तो अच्छा रिजल्ट मिलेगा. खाद डालने के बाद पानी जरूर डालें. तीन महीने के अंदर आपके पौधे में भर-भर के हरी मिर्च उग आएंगी. अच्छी तरह से इसकी देखभाल करेंगे तो आप मिर्च के पौधे को 2 साल तक हेल्दी बनाए रख सकते हैं और घर की फ्रेश मिर्ची का इस्तेमाल करें.

मिर्ची लगाने का सही समय

आप मिर्ची का पौधा अक्टूबर और नवंबर महीने में लगा सकते हैं. ये दो महीने आप हरी मिर्च लगाएंगे तो जल्दी इसकी पैदावार होगी. सर्दियों का मौसम इसे उगाने के लिए बेस्ट है. हालांकि, आप इसे सालों भर उगा सकते हैं. घर पर ही आप ऑर्गैनिक मिर्ची उगा सकते हैं और तरह-तरह के डिशेज में इस्तेमाल कर सकते हैं.

---

मुस्लिम आबादी के केंद्रीयकरण की पॉकेट, मेवात के इलाके को केंद्रित कर, गोरक्षा के नाम पर खासतौर पर हिंसक गिरोहों को संगठित किया गया है, जिनकी गतिविधियों ने मेवात के इलाके को देश की मॉब लिंचिंग की राजधानी ही बना दिया है। इसी सिलसिले के हिस्से के तौर पर, पिछले ही साल फरवरी में कथित गोरक्षकों द्वारा नासिर और जुनैद की बर्बरतापूर्वक हत्या कर दी गयी थी।

गोरक्षा के नाम पर, हरियाणा में फरीदाबाद में अठारह-उन्नीस साल के, बारहवीं कक्षा के छात्र, आर्यन मिश्र की हत्या की वारदात के बाद, अगर किसी को यह लग रहा हो कि कम से कम अब, गोरक्षा की आड़ में भीड़ हिंसा तथा भीड़ हत्याओं का सिलसिला थम जाएगा, तो अब उसकी यह गलतफहमी दूर हो जानी चाहिए। ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि जिस कार में आर्यन था उसका तीस किलोमीटर तक गोलियां चलाते हुए पीछा करने वाले और अंतत~ उसे नजदीक से गोली मारने वाले गिरोह के सरगना, अनिल कौशिश ने बाद में जब आर्यन के घरवालों के सामने अपनी गलती मानी और घटना पर पछतावा जताया, तो यह सिर्फ इसका पछतावा था कि मुसलमान के धोखे में, उनके हाथों से एक हिंदू ब्राह्मण लड़का मारा गया था! ऐसा सिर्फ इसलिए भी नहीं है कि पुलिस शुरूआत में सुलह-समझौते की कोशिश करते हुए, मृतक के परिजनों को इसी पर कन्विंस करने में लगी हुई थी कि आर्यन की मौत एक गलती थी और यह गलती करने वाले %%भले लोग थे, जिनकी शराफत का इससे बड़ा सबूत और क्या होगा कि वे खुद ही गलती होने की बात मान रहे थे!

और ऐसा सिर्फ इसलिए भी नहीं है कि सत्ताधारी संघ-भाजपा द्वारा नियंत्रित मीडिया द्वारा अनदेखी के जरिए, इस भयावह त्रासदी को कानून व व्यवस्था का मामूली मामला बनाने की ही कोशिश नहीं की गयी है, इन पंक्तियों के लिखे जाने तक न तो शासन के किसी प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार की सुध लेने की जरूरत समझी थी और न ही सत्ताधारी संघ-भाजपा जोड़ी का कोई अदना नेता तक उनसे मिलने गया था। यहां तक कि पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की रुटीन घोषणा तक नहीं की गयी थी। इस हृदय विदारक कांड के किसी खास असर को लेकर किसी गलतफहमी की गुंजाइश न होने की सबसे बड़ी वजह यह है कि खुद को गोरक्षक बताने वाले इस तरह के गोगुंडों का असली सामाजिक-राजनीतिक-वैचारिक सहारा, कथित संघ परिवार इस त्रासदी से जरा सा भी विचलित नजर नहीं आता है। उल्टे स्वघोषित संघ परिवार के निर्विवाद संचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या आरएसएस के शीर्ष नेताओं में से एक, इंद्रेश कुमार पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए, मॉब लिंचिंग की भयावह घटनाओं को यह कहकर मामूली बनाते ही दिखाई दे रहे थे कि लिंचिग किसी की भी नहीं होनी चाहिए~ न कोई इंसान की लिंचिंग और न कोई गाय की लिंचिंग! इस तरह वह नरहत्या को गोहत्या में बराबरी ही स्थापित नहीं कर रहे थे, वास्तव में गोरक्षा के लिए, मानवहत्या को वैध सही ठहराने की कोशिश कर रहे थे।



आरएसएस के आला नेता से संवाददाताओं ने जब कथित गोरक्षकों द्वारा लिंचिंग की बार-बार होती घटनाओं के बारे में पूछा, जिसके लिए विपक्षी पार्टियां भाजपा के उभार को जिम्मेदार मानती हैं, इंद्रेश कुमार का जवाब था~ %देश और दुनिया के कई हिस्सों में लोग मांस खाते हैं। लेकिन, हमें यह मानना पड़ेगा कि गायों को लेकर लोग संवेदनशील हैं। इसलिए, हमें ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश करनी चाहिए जहां कोई गाय की लिंचिंग न हो और इंसान की लिंचिंग न हो। हमें, विविधता में एकता का आनंद मनाना चाहिए। यानी जब तक गोकशी होती रहेगी, तब तक उसके जवाब में इंसानों की लिंचिंग होती रहेगी! फिर याद दिला दें कि इंद्रेश कुमार ने यह बयान, कथित गोरक्षकों द्वारा मॉब लिंचिंग की घटनाओं में मोदी-3.0 आने के साथ आयी तेजी की पृष्ठभूमि में दिया था, आर्यन मिश्रा की हत्या जिस सिलसिले की ताजातारीन कड़ी है।इससे चंद रोज ही पहले, हरियाणा में ही चरखी-दादरी में कथित गोरक्षकों ने कूड़ा बीनकर गुजारा करने वाले, दो गरीब बंगाली मुसलमान मजदूरों की दिन-दहाड़े, एक सार्वजनिक जगह पर लिंचिंग की थी, जिसमें साबिर मलिक की मौत हो गयी और असीमुद्दीन को मरा हुआ समझकर छोड़ दिया गया। इस बार मॉब लिंचिंग का बहाना कथित रूप से इसका शक था कि उन्होंने गोमांस खाया हो सकता है। वास्तव में मॉब लिंचिंग से दो-तीन रोज पहले, कथित गोरक्षकों ने इन के खिलाफ गोमांस खाने की आशंका जताते हुए शिकायत भी की थी, जिस पर पुलिस ने उनकी झोंपड़ियों पर दबिश देकर, वहां मिला मांस इसका पता लगाने के लिए जांच के लिए भेज भी दिया था कि वह किस जानवर का मांस था। लेकिन, गड़बड़ी की संभावना के इस अत्यंत स्पष्ट संकेत के बावजूद, हरियाणा पुलिस ने सतर्कता के कोई कदम उठाने की जरूरत ही नहीं समझी। कथित गोरक्षकों ने इसे अपने मन की करने का संकेत माना और मांस के परीक्षण की रिपोर्ट का इंतजार करने के बजाए, दोनों का जबरन अपरहरण कर लिया और फिर एक सार्वजनिक स्थल पर ले जाकर, लाठी-डंडों से कातिलाना पिटाई की।पुन~, अपने संघ परिवारी नेता, इंद्रेश कुमार के ही सुर में सुर मिलाते हुए, हरियाणा की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, नायब सैनी ने एक प्रकार से गोमांस खाने के शक को, नरहत्या के लिए पर्याप्त उकसावा बता दिया। इंद्रेश कुमार की ही तरह, भाजपायी मुख्यमंत्री ने लिंचिंग की घटना को %%दुर्भाग्यपूर्ण%% कहा तो जरूर, लेकिन इस दरिंदगी के लिए तथाकथित गोरक्षकों की निंदा करने की उन्होंने कोई जरूरत नहीं समझी। उल्टे सैनी ने प्रकारांतर से इस मामले में अपनी पुलिस तथा प्रशासन की घोर विफलता को एक प्रकार से स्वाभाविक ही करार देते हुए कहा कि ऐसी बातों से लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। इसीलिए, उनकी सरकार ने गोरक्षा के लिए कड़ा कानून बनाया था। इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। और अंत में यह कि गांवों में लोगों की भावनाएं भड़क जाएं, तो कौन रोक सकता है? दूसरी ओर, भाजपायी मुख्यमंत्री ने जोर देकर दावा किया कि चरखी-दादरी में जो हुआ, उसे मॉब लिंचिंग कहना गलत था। शायद सैनी के अनुसार, यह क्रिया की स्वाभाविक प्रतिक्रिया का मामला था—गोमांस खाने के शक में हत्या!

हरियाणा में लिंचिंग की इन हालिया घटनाओं से और खासतौर पर चरखी-दादरी और फरीदाबाद की कथित गोरक्षकों द्वारा हत्या की घटनाएं जिस तरह, एक के फौरन बाद दूसरी हुई हैं, उनसे इसकी आशंका होना अस्वाभाविक नहीं है कि इन घटनाओं का, अगले ही महीने के आरंभ में होने जा रहे, हरियाणा के विधानसभाई चुनावों से संबंध हो सकता है। यह किसी से भी छुपा हुआ नहीं है कि हरियाणा में भाजपा को एक खासतौर पर कठिन चुनाव का सामना करना पड़ रहा है। वास्तव में इसी राजनीतिक-सामाजिक प्रतिकूलता का पूर्वानुमान कर, संघ-भाजपा जोड़ी इस राज्य में भी, जहां मुस्लिम आबादी अधिक नहीं है, अपने पीछे हिंदुओं को गोलबंद करने के लिए, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशों में लगी रही है।

खासतौर पर मुस्लिम आबादी के केंद्रीयकरण की पॉकेट, मेवात के इलाके को केंद्रित कर, गोरक्षा के नाम पर खासतौर पर हिंसक गिरोहों को संगठित किया गया है, जिनकी गतिविधियों ने मेवात के इलाके को देश की मॉब लिंचिंग की राजधानी ही बना दिया है। इसी सिलसिले के हिस्से के तौर पर, पिछले ही साल फरवरी में कथित गोरक्षकों द्वारा नासिर और जुनैद की बर्बरतापूर्वक हत्या कर दी गयी थी। बाद में अगस्त के आरंभ में नूंह में कथित ब्रज मंडल शोभायात्रा के नाम पर, बाकायदा दंगा भी कराया गया था, जिसका समापन भाजपा सरकार की पुलिस की पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण मुस्लिम-विरोधी कार्रवाई के साथ हुआ था। उधर गुड़गांव में खुले में नमाज को रोकने के नाम पर, उकसावेपूर्ण मुस्लिमविरोधी मुहिम चलायी जाती रही है। खासतौर पर किसान आंदोलन की पृष्ठभूमि में, ध्रुवीकरण की इन कोशिशों के खास सफल न होने के बाद अब, कथित गोरक्षकों के सहारे चुनाव से ऐन पहले एक बार फिर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का दांव आजमाया जा रहा है। लेकिन, यह सब सिर्फ चुनावी चिंताओं का मामला ही नहीं है।वास्तव में आम चुनाव के नतीजे आने के बाद से, गोरक्षा के नाम पर मॉब लिंचिंग के मामलों में उल्लेखनीय तेजी आयी है। चुनाव नतीजों के बाद इसकी शुरूआत छत्तीसगढ़ से हुई थी, जहां ट्रक ड्राइवर तथा क्लीनर समेत तीन लोगों की कथित गोरक्षकों ने पीछा कर के हत्या कर दी थी। लेकिन बाद में, जैसाकि भाजपा-शासित राज्यों में आम है, पुलिस की जांच में यह नतीजा पेश कर दिया गया और तत्परता से सरकार द्वारा उसका अनुमोदन भी कर दिया गया कि दो मरने वाले, खुद ही पुल से नदी में कूद गए थे! गोरक्षकों ने तो उनका पीछा भर किया था! उसके बाद से विभिन्न राज्यों में कथित गोरक्षकों द्वारा मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं।

मॉब लिंचिंग की ये घटनाओं, जिनमें अक्सर दोषियों के खिलाफ समुचित कार्रवाई नहीं होती है और तरह-तरह के बहानों से की जाने वाली बुलडोजर कार्रवाइयों आदि से मिलकर, मुसलमानों के खिलाफ एक प्रकार से राजनीतिक-चुनावी बदला लिए जाने का वातावरण बन रहा है। भाजपा के अनेक नेताओं के मुस्लिम-विरोधी बयान और मोदी एंड कंपनी का अपनी सोची-समझी चुप्पी से इस सब को बढ़ावा देना, इस वातावरण को और दमघोंटू बना रहा है। इंद्रेश कुमार के बयान से साफ है कि आरएसएस, इस सिलसिले को आगे बढ़ाने की ही कोशिश करेगा न कि टूटने देगा।

संपादकीय

## राहुल की अमेरिकी यात्रा के सम्भावित फलितार्थ

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा एक बार फिर हमलावर हो गई है। राहुल गांधी इस समय अमेरिका की यात्रा पर हैं। इस दौरान टेक्सास प्रांत के डलास शहर में भारतीय समुदाय और टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए जो विचार राहुल गांधी ने रखे, वो भाजपा को नागवार गुजर रहे हैं। लिहाजा एक बार फिर राहुल गांधी को देशविरोधी, देशद्रोही, भारत का अपमान करने वाला, आदि कहा जा रहा है। दरअसल श्री गांधी ने अपने संबोधनों में भारत के विचार को केंद्र में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदु उठाए। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों पर भी टिप्पणी की, यही बात भाजपा नेताओं को इतनी खटक गई कि देश में निर्वाचित सांसद और नेता प्रतिपक्ष को देशविरोधी कहा गया।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय समुदाय के बीच अपने संबोधन में कहा कि उनकी भूमिका भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान और विनम्रता के मूल्यों को स्थापित करने की है। उन्होंने माना कि लगभग सभी दलों में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव नजर आता है और इसे ही दूर करने में अपनी भूमिका को उन्होंने रेखांकित किया। उन्होंने धर्म, जाति, समुदाय, राज्य या भाषा के बंधनों से परे सभी से प्रेम की जरूरत पर बल दिया, इसके साथ ही कहा कि हर उस व्यक्ति का सम्मान होना चाहिए जो भारत का निर्माण करने का प्रयास कर रहा है। विनम्रता केवल दूसरों में नहीं, बल्कि स्वयं में होनी चाहिए। राहुल गांधी ने ये भी कहा कि, आरएसएस मानता है कि भारत एक विचार है। हम मानते हैं कि भारत विचारों की विविधता वाला देश है। हम अमेरिका की तरह मानते हैं कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, सबको भागीदारी का मौक़ा मिलना चाहिए और यही लड़ाई है।

राहुल गांधी ने भारतीय परंपरा के मूल्यों के साथ-साथ संविधान की महत्ता को स्थापित किया, क्योंकि संविधान भी एक की नहीं, अनेकता में एकता की बात करता है। लेकिन भाजपा ने इस भाषण पर राहुल गांधी को घेर लिया। भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि आरएसएस को जानने के लिए राहुल गांधी को कई जन्म लेने पड़ेंगे। कोई देशद्रोही आरएसएस को नहीं जान सकता। जो विदेशों में जाकर देश की निंदा करे वो आरएसएस को नहीं जान सकता। लगता है कि राहुल गांधी भारत को बदनाम करने के लिए ही विदेश जाते हैं। भाजपा सांसद के इस तिलमिलाहट भरे प्रत्युत्तर से कुछ सवाल उपजते हैं। जैसे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर की गई किसी टिप्पणी पर संघ की ओर से बयान आने से पहले ही भाजपा क्यों जवाब दे रही है। राहुल गांधी अगर भारत में कई विचारों के सम्मान की बात करते हैं, तो भाजपा को यह बात क्यों नागवार गुजर रही है। क्या भाजपा यह मानने लगी है कि भाजपा और संघ का साथ देना देशप्रेम है और अभिव्यक्ति की आजादी के अंतर्गत अपने विचारों को प्रकट करना देशविरोधी गतिविधि है।बहरहाल, राहुल गांधी ने टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत के दौरान बेरोजगारी दूर करने के जो तरीके बताए या भारत में उत्पादन गति धीमी होने और चीन के इस मामले में आगे निकलने के जो बयान दिए, उन पर भी भाजपा ने आरोप लगाया कि ये भारत का अपमान है। भाजपा की बेचैनी उस वक्त और खुलकर सामने आ गई, जब ओवरसीज़ इंडियन कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा की एक टिप्पणी को अधूरे संदर्भ के साथ भाजपा ने पेश किया। दरअसल राहुल गांधी के बारे में सैम पित्रोदा ने कहा कि उनके पास एक दृष्टिकोण है। हालांकि भाजपा ने करोड़ों रुपये ख़र्च किए राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए, लेकिन वो पप्पू नहीं हैं, जैसा भाजपा बताती है। राहुल काफ़ी शिक्षित इंसान हैं, उन्हें मुद्दों की गहरी समझ है, वे काफी पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं और वे एक रणनीतिकार हैं।जाहिर है सैम पित्रोदा ने राहुल गांधी की तारीफ की और बताया कि भाजपा ने उनकी छवि जैसी बनाई है, वो वैसे नहीं हैं। लेकिन भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इसी बयान के एक अंश को साझा कर तंज़ कसा कि कल्पना कीजिए कि कोई राहुल गांधी का परिचय इस तरह से करा रहा हो कि वो पप्पू नहीं हैं और सैम पित्रोदा ने यह कर दिखाया है। इस टिप्पणी के साथ भाजपा ने अधूरी बातों के साथ भ्रामक जानकारी संभवत~ इस उद्देश्य से फैलाई कि इसका लाभ उसे मिलेगा।

# जम्मू-कश्मीर चुनावों के अनेक पहलू

## 18 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2024 के बीच जम्मू और कश्मीर में दस साल बाद पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे - 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल बाद पहली बार

चुनाव आयोग के लिए 1962 के चुनाव कार्यक्रम को तय करने में सबसे बड़ी बाधा जम्मू-कश्मीर में मौसम था। दूसरी चुनौती यह थी कि इन चुनावों को पूरे भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के साथ-साथ आयोजित किया जाये। हालांकि चुनाव आयोग ने महसूस किया कि बर्फ से ढंके राज्य में चुनाव कराने के लिए अप्रैल सबसे उपयुक्त महीना था।18 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2024 के बीच जम्मू और कश्मीर में दस साल बाद पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे - 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल बाद पहली बार।

5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों के साथ-साथ जम्मू और कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों के लिए भी चुनाव हो रहे हैं, जो राज्य में 1962 के विधानसभा चुनावों के समान हैं - जो केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। 1962 के चुनाव उस साल फरवरी और अप्रैल के बीच देश भर में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के साथ-साथ हुए थे। स्वतंत्रता के बाद से जम्मू-कश्मीर का तीसरा चुनाव होने के बावजूद, 1962 के चुनाव भारतके चुनाव आयोग द्वारा पहली बार कराये गये थे।1962 से पहले, 1957 में जम्मू-कश्मीर के चुनाव या 1951 में संविधान सभा (जम्मू-कश्मीर का संविधान बनाने के लिए चुने गये प्रतिनिधियों का एक निकाय) के चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार नहीं था। 17 नवंबर, 1956 को संविधान सभा ने भारत के संविधान के तहत जम्मू-कश्मीर के संविधान को अपनाया। यह निर्णय 26 जनवरी, 1957 को लागू हुआ, जबकि पूरे भारत में आम चुनाव की तैयारी चल रही थी।हालांकि, 1957 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी राज्य के संविधान के अनुसार ही हुए थे,



लेकिन उनकी देखरेख सदर-ए-रियासत द्वारा नियुक्त चुनाव आयोग द्वारा की गयी थी। 26 जनवरी, 1960 को चुनाव कार्य को चुनाव आयोग को सौंपने के लिए राज्य के संविधान में संशोधन किया गया। जम्मू-कश्मीर 2024 में होने वाले चुनावों की तरह सुर्खियों में नहीं था। 71 रिटर्निंग ऑफिसर और 40 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर चुनावों का प्रबंधन कर रहे थे, और 18 लाख से ज़्यादा मतदाता थे।विधानसभा में सीधे चुनाव से 100 सदस्य थे, लेकिन 25 सीटें खाली रखी गयीं और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के इलाके को परिसीमन से बाहर रखा गया।

दिलचस्प बात यह है कि पहले जम्मू-कश्मीर में 67 एकल-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र और चार दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र थे। लेकिन 1961 में, देश के दूसरे हिस्सों की तरह, दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों को समाप्त कर दिया गया और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए सिफ़ एक सदस्य वाली सीटों पर ही आरक्षण दिया गया।जम्मू-कश्मीर में भी चार दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों को आठ एक-सदस्यीय सीटों में विभाजित कर दिया गया जिससे कुल सदस्य सीटों की संख्या 75 हो गयी।चुनाव आयोग के लिए 1962 के चुनाव कार्यक्रम को तय करने में सबसे बड़ी बाधा जम्मू-कश्मीर में मौसम था। दूसरी चुनौती यह थी कि इन चुनावों को पूरे भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के साथ-साथ आयोजित किया जाये। हालांकि चुनाव आयोग ने महसूस किया कि बर्फ से ढंके राज्य में चुनाव कराने के लिए अप्रैल सबसे उपयुक्त महीना था, लेकिन जम्मू क्षेत्र में 24 फरवरी को मतदान हुआ, जबकि कश्मीर और लद्दाख क्षेत्रों ने 15 मार्च, 1962 को अपने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का प्रयोग किया। यह निर्णय लिया गया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया 31 मार्च से पहले पूरी कर ली जायेगी।

1957 के विधानसभा चुनावों में, राज्य की प्रमुख राजनीतिक पार्टी जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के उम्मीदवार 43 सीटों पर निर्विरोध चुने गये। उस चुनाव में 75 विधानसभा सीटों में से जेकेएनसीने 69, प्रजा परिषद ने पांच और हरिजन मंडल ने एक सीट जीती। जेकेएनसी का चुनाव चिन्ह कांग्रेस जैसा ही था- एक जूआ ढोने वाले बैलों की जोड़ी। प्रजा परिषद का चुनाव चिन्ह उगता हुआ सूरज था, जबकि हरिजन मंडल का चुनाव चिन्ह खड़ा हुआ शेर था।

1962 के चुनावों में, जेकेएनसी के उम्मीदवार 34 सीटों पर निर्विरोध चुने गये। 41 अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में 140 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। इन 41 सीटों में से जेकेएनसी ने 36, प्रजा परिषद ने तीन और दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने शेष दो सीटें जीतीं। अन्य दलों की जमानतें जब्त हो गयीं। चार निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ मतदान केंद्रों में गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के कारण नये सिरे से चुनाव कराने का आदेश दिया गया। मतदाता सूची और 1,223 मतदान केंद्रों की स्थापना सहित चुनाव पर राज्य द्वारा किया गया खर्च केवल 2,92,649 रुपये था।जेकेएनसी के चुनावों में जीत के साथ, जम्मू-कश्मीर के पीएम बख्शी गुलाम मोहम्मद राज्य का नेतृत्व करते रहे। हालांकि, ये चुनाव विवादों से अछूते नहीं रहे। कुछ विपक्षी दलों ने चुनावों का बहिष्कार करने की धमकी दी। आरोप लगाया गया कि ये %स्वतंत्र और निष्पक्ष% नहीं थे। प्रजा सोशलिस्ट पार्टी और जीएम सादिक की वामपंथी डेमोक्रेटिक नेशनल कॉफ्रें स ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा था कि %सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रांतीयवाद और क्षेत्रवाद की भावना को हवा दे रही है% और घोषणा की कि वे चुनावों का बहिष्कार कर रहे हैं। हालांकि, पीएसपी ने छह सीटों पर और डीएनसी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़े, दोनों एक भी सीट हासिल करने में असफल रहे।



अपने छोटे बच्चों को स्कूल भेजना और उसके सुनहरे भविष्य की कामना करना हर माता-पिता का हक होता है। अपने बच्चे के जन्म से ही वह उसके भविष्य के बारे में सोचने लगते हैं। प्री-स्कूलिंग, कॉलेज सब तय हो गया होता है, लेकिन विशेषज्ञों का दावा किसी और ही तरफ इशारा करता है। उनके अनुसार कम उम्र में बच्चों को स्कूल भेजना उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गलत असर डालता है।

# मेंटल और फिजिकल हेल्थ के लिए बुरा हो सकता है, कम उम्र में बच्चों को स्कूल भेजना



बच्चों को प्री-स्कूलिंग के लिए भेजना हर पेरेंट्स के लिए काफी बड़ा कार्य होता है। यह पहली बार होता है उनका नन्हा-सा बच्चा अपने जीवन को सुधारने और उससे नई चीजों को सीखने के लिए वास्तविक दुनिया में कदम रखता है। स्कूलिंग के दौरान मिलने वाली औपचारिक शिक्षा उसे उसके सुनहरे भविष्य के लिए तैयार करती है। हम में से अधिकांश लोगों का मानना है कि यदि आपका बच्चा इसके लिए तैयार है, तो उसे प्री-स्कूल में एडमिशन दिलाने का कोई सही या गलत समय नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ वास्तव में इससे सहमत नहीं हैं। एक अध्ययन के अनुसार, भले ही आपका बच्चा प्रतिभाशाली हो और उसमें जल्दी सीखने की कौशलता हो, फिर भी उन्हें बहुत जल्दी स्कूल भेजना उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। रिसर्चरों का कहना है कि आपका अपने बच्चों को प्री-स्कूल जल्दी भेजने का आग्रह स्वाभिक है, लेकिन अपने बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही समय का इंतजार करना ही बेहतर होगा।

बच्चों को जल्दी स्कूल भेजना इसलिए होता है हानिकारक नए अध्ययन के शोधकर्ता सलाह देते हैं कि माता-पिता किंडरगार्टन में अपने साथियों के साथ अपने बच्चों की उम्र पर विचार करें। एक बड़ा अंतर आपके बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। एक नए अध्ययन के अनुसार, जो बच्चे अपने साथियों से छोटे होते हैं (स्कूल शुरू करने के लिए न्यूनतम आयु कट-ऑफ के करीब), वह कक्षा में खराब प्रदर्शन करते हैं और उन्हें साथियों की तुलना में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इंग्लैंड में यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर मेडिकल स्कूल के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि बहुत जल्दी स्कूल शुरू करना आपके बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

## स्टडी क्या कहती है

अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं की टीम ने एक मौजूदा अध्ययन से एकत्र किए गए डेटा का उपयोग किया, जिसे ''स्कूल अध्ययन में सहायक शिक्षक और बच्चे'' कहा जाता है। यह अध्ययन डेवोन, इंग्लैंड के 80 विभिन्न स्कूलों के 2,075 प्राथमिक विद्यालय के पांच से नौ वर्षों के छात्रों पर किया गया था। अध्ययन में माता-पिता और शिक्षकों से पूछे गए सवालों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिससे यह पता चला कि जल्दी स्कूल भेजने से बच्चों में चिंता और भय, अपने साथियों के साथ खराब संबंध, व्यवहार और एकाग्रता के मुद्दों जैसी नकारत्मक भावनाएं जन्म लेती हैं।



## परिणाम क्या निकला

अध्ययन के अंत में, यह निष्कर्ष निकाला गया कि छोटे बच्चों में उनके साथियों की तुलना में खराब मानसिक स्वास्थ्य होने की संभावना अधिक होती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कम उम्र में बड़े साथियों के साथ रहना थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। समस्या उन बच्चों में विशेष रूप से प्रमुख थी जो नई चीजें सिखने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे और समय से पहले पैदा हुए थे। यह खोज माता-पिता को इस बारे में विचार करने में मदद कर सकती है कि औपचारिक शिक्षा सेटिंग में बच्चे का नामांकन कब करना है, ताकि उनके स्वास्थ्य के लिए कुछ भी हानिकारक सिद्ध नहीं हो।

## एडमिशन की सही उम्र

ज्यादातर लोगों का मानना है कि जितनी जल्दी वह अपने बच्चों को स्कूल भेजेंगे, उनके लिए उतना ही अच्छा होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा शुरू करने के लिए 3 साल एक आदर्श उम्र है। हालांकि, अपने बच्चे को स्कूल भेजने से पहले आपको कुछ बातों पर ध्यान देना चाहिए।

- उन्हें शौचालय प्रशिक्षित होना चाहिए।
- वह थोड़े समय के लिए स्थिर बैठ सकते हैं।
- वह अपने माता-पिता से दूर आराम से समय बिता सकते हैं।
- वह अपनी जरूरतों को बता सकते हैं और दूसरों की बातें सुन सकते हैं।



# आपके किचन में मौजूद है सन टैन हटाने के आसान नुस्खे

अगर आप भी बीच पर छुट्टियां बिताकर हॉलिडे की यादों के साथ-साथ सन टैन लेकर लौटी हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं। गर्मियों में कितना भी धूप से बचो, सन टैन हो ही जाता है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं सन टैन रिमूवल के कुछ तरीके, जिन्हें आप घर पर ही आजमा सकती हैं। खास बात ये कि ये चीजें आपके किचन में ही मिल जाएंगी.

## खीरे की फ्रेश स्लाइस



खीरे की फ्रेश स्लाइस लें। इसे फेस के साथ-साथ सन टैन प्रभावित क्षेत्रों पर हल्के हाथों से रगड़ें। लगाने के बाद तकरीबन 10 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें और फिर पानी से धो लें। टैनिंग दूर हो जाएगी।

## हल्दी, बेसन और दही का पैक

दो चम्मच बेसन, दो चम्मच हल्दी पाउडर और दो



चम्मच दही लें और इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को अपने फेस और सन टैन प्रभावित बॉडी पार्ट्स पर लगाएं। तब तक लगा रहने दें, जब तक वह पूरी तरह से सूख न जाए। जब सूख जाए, तो पानी से धो लें।

## शहद और नींबू का पैक

दो चम्मच शहद और एक चम्मच नींबू का रस लें। इसे मिक्स करके तकरीबन 15 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। अब पानी से धो लें। टैनिंग दूर करने का यह सबसे आसान तरीका है।

## कच्चा दूध

थोड़ा सा कॉटन ले लें और बिना उबले हुए कच्चे दूध में कॉटन को भिगोएं और इसे फेस पर लगाएं। इसे 10 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। फिर चेहरे को पानी से धो लें।

# बच्चे का वेट बढ़ने में पैरेंट्स का होता है इंपॉर्टेंट रोल

अक्सर ही खुद और बच्चे के वेट को लेकर टेंशन हो जाती है कि लगातार वजन कैसे बढ़ता ही जा रहा है लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चे के वेट बढ़ने में पैरेंट्स का इंपॉर्टेंट रोल होता है। हाल ही में इसपर एक स्टडी भी सामने आई। आइए जानते है.

अक्सर ही यह देखा गया है कि परिवार में अगर कोई एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है तो दूसरों का भी वजन बढ़ता ही जाता है। हालांकि अधिकतर यह पैरेंट्स और बच्चों में देखने को मिलता है। यानी कि जिन पैरेंट्स का वेट ज्यादा होता है उनके बच्चों का भी वजन बढ़ता ही जाता है। वहीं पैरेंट्स इस बात को लेकर खासे परेशान नजर आते हैं कि कैसे बच्चे का वजन कम हो। हाल ही में ऐसे मामलों पर की गई स्टडी से यह बात सामने आई है कि कैसे अपनी लाइफस्टाइल में कुछ तब्दीलियां लाकर पैरेंट्स अपने साथ ही बच्चों के वेट बढ़ने पर नियंत्रण कर सकते हैं। स्टडी के मुताबिक पैरेंट्स बच्चों को जो भी खिलाते हैं बच्चे वह खाते जाते हैं। इससे उनका वजन बढ़ने लगता है। लेकिन अगर आप अपने बच्चे को हेल्दी खाने और अच्छी आदतों के अनुसार ढालते हैं तो वह वजन बढ़ने की समस्या से निजात पा सकता है। शोधकर्ताओं ने इसके लिए (डिवलेपिंग रिलेशनशिप्स दैट इन्क्लूड वैल्यूज ऑफ इटिंग ऐंड एक्सरसाइज) रिसर्च किया। यानी कि खाने और एक्सरसाइज के जरिए बच्चों और उनके पैरेंट्स को बढ़े हुए वजन को नियंत्रित या कम करने के लिए प्रेरित किया। इस बारे में अमेरिका के लुसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी के रिसचर्स केली हॉकिन्स और कॉर्बी के मार्टिन कहते हैं कि बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव उनके माता-पिता का ही पड़ता है।

## रिसर्च में 16 परिवारों पर हुई स्टडी

पैरेंट्स और उनके बच्चों के बढ़ते वजन को कैसे नियंत्रित और कम किया जा सके इसके लिए 16 परिवारों को 19 सप्ताह तक ऑब्जर्व किया गया। हालांकि इस दौरान उन्हें अपनी और बच्चों की लाइफस्टाइल में शामिल करने की बात कही गई थी। इसके बाद स्टडी में 2 से 6 साल के बच्चों का बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) 75प्रतिशत से अधिक पाया गया। बता दें कि (डिवलेपिंग रिलेशनशिप्स दैट इन्क्लूड वैल्यूज ऑफ इटिंग ऐंड एक्सर्साइज) के सेशन्स में यह बात सामने आई कि इसमें नियमित स्नैक और खाने के साथ ही फिजिकल ऐक्टिविटीज के होने से बच्चों के बीएमआई में कमी देखी गई। साथ ही उनका वजन भी नियंत्रित था। वहीं पैरेंट्स के वजन में भी थोड़ी तब्दीलियां देखने को मिलीं। लेकिन जिन बच्चों को ड्राइव के सेशन में शामिल नहीं किया गया केवल जानकारी ही दी गई थी उनके वजन में वृद्धि दर्ज की गई। शोधकर्ताओं के मुताबिक संयमित, नियमित खानपान और एक्सर्साइज से खुद और बच्चे दोनों के ही वजन को नियंत्रित किया जा सकता है।



# बालों से डैंड्रफ दूर करने के लिए लगाएं टमाटर का जूस

टमाटर प्रकृति का दिया एक ऐसा उपहार हैं जो एंटीऑक्सीडेंट्स और विटमिन से भरपूर है। टमाटर खाना सेहत ले लिए लाभदायक है और इसे चेहरे पर लगाने से स्किन हेल्दी बनती है। इतना ही नहीं अगर आप इसे अपने बालों पर लगाएंगे तो रुखे और बेजान बाल चमकदार और रेशमी हो जाएंगे। आइए, यहां जानते हैं कि टमाटर का जूस बालों पर लगाने से क्या-क्या फायदे होते हैं.

- टमाटर का जूस बालों पर लगाने से बालों का टेक्चर स्मूद होता है और बालों की शाइनिंग में बढ़ती है।
- टमाटर का जूस बालों में पीएच लेवल बैलंस करता है, जिससे रुखे और बेजान बालों में वॉल्यूम आ जाता है।
- टमाटर में बड़ी मात्रा में विटमिन ए और विटमिन सी होता है। इसके जूस को बालों पर लगाने से बालों की स्कल्प को मजबूती मिलती है।
- टमाटर का जूस लगाने से बालों में मजबूती आती है और बाल जल्दी से दोमुहे नहीं होते हैं। साथ ही ग्रोथ अच्छी बनी रहती है।

## ऐसे बनाएं कंप्लीट पैक

अगर आपके बालों में डाईनेस बहुत ज्यादा हो गई है और डैंड्रफ से भी परेशान हैं तो टमाटर के जूस में शहद मिलाकर हेयर मास्क बनाकर बालों पर लगाएं। आधा घंटा लगाए रखने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। हो सकता है लगाने के तुरंत बाद आपको सिर में हल्की जलन महसूस हो या खुजली हो लेकिन आप परेशान न हों। ऐसा टमाटर में एसिडिक प्रॉपर्टी होने के कारण होता है।



आज के जमाने में शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा जो डियोड्रेंट और परफ्यूम का इस्तेमाल न करता हो। फिर चाहे आपकी एज कुछ भी हो और आप महिला हों या पुरुष इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता, हर कोई चाहता है कि उसके शरीर से अच्छी स्मेल आए। ऐसे में रोज, लैवेंडर और फ्रूटी स्मेल से भरपूर डियोड्रेंट और परफ्यूम गर्मी के दिनों में पसीने की बदबू से लड़ने में मदद करते हैं।



# घर में छोटे बच्चे हैं तो परफ्यूम और डियोड्रेंट यूज करते वक्त बरतें सावधानी

बॉटल पर लिखे निर्देशों का पालन न करने से नुकसान हालांकि इन परफ्यूम्स और डियोड्रेंट्स का इस्तेमाल करते वक्त जिस एक चीज का हम सब ध्यान नहीं रखते वह है बॉटल पर लिखे निर्देशों का पालन करना जो कई बार हानिकारक साबित हो सकता है। हाल ही में हुई एक स्टडी में यह बात साबित भी हो चुकी है कि बच्चों को लगने वाली चोट में 127 प्रतिशत चोटें पर्सनल केयर प्रॉडक्ट्स की वजह से लगती हैं जिनमें खुशबू और सुगंध से जुड़ी परफ्यूम और डियोड्रेंट जैसी चीजें शामिल हैं। इस तरह की चीजें बच्चों के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो सकती हैं इसलिए इनका इस्तेमाल करते वक्त माता-पिता को भी काफी सावधानी बरतनी चाहिए।

## इन चीजों को छोटे बच्चों की पहुंच से दूर रखें

परफ्यूम और डियोड्रेंट जैसी चीजों को बच्चों की पहुंच से बहुत दूर रखें क्योंकि अगर बच्चे गलती से भी इन्हें अपनी आंख, नाक, कान या मुंह में स्प्रे कर लें तो यह बच्चों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इतना ही नहीं अगर घर में बहुत ज्यादा छोटे बच्चे हैं तब भी पैरेंट्स को बहुत ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए वरना बच्चों द्वारा इन चीजों की बॉटल, ढक्कन आदि चीजों को मुंह में लेने की वजह से चोकिंग का भी खतरा रहता है।

## बच्चे अगर यूज करें तो सेहत से जुड़ी समस्याओं का खतरा

अगर आपके घर में 13 से 17 साल के बीच के किशोर हैं तो उनमें संगी-साथियों के प्रेशर की वजह से समस्याएं अलग होती हैं। बड़े बच्चे खुद भी अच्छा स्मेल करने के लिए इन प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहते हैं। ऐसे में छोटी उम्र में परफ्यूम या डियोड्रेंट का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने की वजह से बच्चों में फिजिकल हेल्थ से जुड़ी कई तरह की समस्याएं भी हो सकती हैं। साथ ही बच्चे बॉटल पर लिखे निर्देश पढ़े बिना इसे सीधे स्किन पर स्प्रे कर लेते हैं जिससे उन्हें स्किन ऐलर्जी, रिऐक्शन, अस्थमा और सांस लेने में दिक्कत जैसी कई समस्याएं भी हो सकती हैं।

# प्रेग्नेंसी में सुपरफूड की तरह काम करता है शरीफा

## शिशु का होता है तेज दिमाग

हर कोई चाहता है कि उसका बच्चा तेज दिमाग के साथ स्वस्थ रहे। इसके लिए जरूरी है कि प्रेग्नेंसी के दौरान कुछ खास चीजों खाई जाएं। शरीफा ऐसा ही फल है जो आपके शिशु का मानिसिक और शारीरिक विकास बेहतर करता है। शरीफा विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स बढ़ाते हैं इम्युनगर्भ में पल रहे शिशु के लिए अमृत समान होता है। शरीफा पोषक तत्वों का खजाना होता है। खासतौर से अगर इसे प्रेग्नेंसी में खाया जाए तो मां ही नहीं गर्भ में पल रहे शिशु के भी सारे पोषण की जरूर पूरी होती है। हालांकि शरीफा कई गभींर रोगों में भी बहुत फायदेमंद होता है। हाई और लो हाई बीपी, डायबिटीज, ह्रदय रोग के जोखिमों से बचाने के साथ ये इम्युन सिस्टम को भी मजबूत बनाता है, इससे शरीर को रोगों से लड़ने कि अपार शक्ति मिलती है।

बिटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर होने के कारण ये एलर्जी और कैंसर के जोखिम से भी बचाता है। ये शरीर को मुक्त कणों या फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करता हैं। इसमें बहुत अच्छी मात्रा में पोटैशियम और मैग्नीशियम होता है। शरीफा में विटामिन ए भी होता है जो आंखों के लिए बहुत अच्छा होता है। इतना ही नहीं अपच-गैस आदि में भी इसका सेवन लाभप्रद होता है। इसे किसी भी रूप में खाया जा सकता है। आप चाहें इसका स्मूदी बनाएं या शेक पीएं या साबुत खाएं।

### प्रेग्नेंसी में लाभदायक

प्रेग्नेंसी में शरीफा को रोज की डाइट का हिस्सा बना लें। कम से कम तीन शरीफा रोज खाएं। ऐसा करके न केवल आप अपने बच्चे का तेजी से विकास करेंगी बल्कि इससे शिशु का मस्तिष्क और प्रतिरक्षा प्रणाली प्रभावी ढंग से विकसित होगा। इसे रोज खाने गर्भपात के जोखिम भी कम होते हैं और नार्मल डिलेवरी के दौरान पीड़ा भी कम होती है। ये अंदर से शरीर को मजबूत बनाता है।

### हार्ट अटैक के खतरे करता है कम

शरीफे में मैग्नीशियम और पोटेशियम की मात्रा बहुत होती है और ये हार्ट अटैक के जोखिमों को रोकने में बहुत मददगार होते हैं। रोज यदि इसका सेवन किया जाए तो इससे मांसपेशियों मजबूत होती हैं और दर्द में भी आराम मिलता है। विटामिन बी 6 होमोसिस्टीन संग्रह को रोकता है, जिससे हृदय रोग जैसा जोखिम कम होतें हैं।

### इम्युन होता है मजबूत

रोज तीन शरीफा जरूर खाना चाहिए। इसे खाने से इम्युन जनित रोग होने की संभावना नहीं रहती है, वहीं बीमारियों से रिकवर होने में बहुत मदद मिलती है। इसे खाने से इम्युन सिस्टम बहुत मजबूत होता है जिससे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाती है।

### सुस्ती और थकान को करता है दूर

शरीफा खाने से न सिर्फ थकान, सुस्ती और कमजोरी दूर होती है मांसपेशियों में होने वाले दर्द से भी ये आराम दिलाता है।


### डायबिटीज और ब्लडप्रेशर नियंत्रित करता है

यह टाइप -2 डायबिटीज के जोखिम को कम करने के साथ शरीफा हाई और लो बीपी में भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें पोटैशियम और मैग्नीशियम काफी अच्छी मात्रा में होता है जिससे ये दो बीमारियां कंट्रोल में रहती है।
शरीफा को रोज सुबह या दोपहर में खाना ज्यादा श्रेयस्कर होता है। कोशिश करें कि एक साथ दो शरीफा जरूर खाएं।



# घनी पलकें ही नहीं दमकती, त्वचा के लिए भी फायदेमंद है एलोवेरा जेल

अगर आप अपनी लंबी घनी पलकों के साथ दमकती त्वचा का सपना देखती हैं तो एलोवेरा बिना आपकी जेब ढीली किए आपका ये सपना पूरा कर सकता है। महिलाओं की ऐसी ही सेहत और खूबसूरती से जुड़ी हर छोटी बड़ी परेशानी को ध्यान में रखते हुए वीमेन हेल्थ और केयर पर फोकस करने वाली वेलनेस साइट हेल्थ शॉट्स पर छपी रिपोर्ट के मुताबिक जानते हैं आखिर कैसे एलोवेरा का उपयोग करके आप घर पर पा सकते हैं पार्लर जैसा निखार।



### त्वचा का बचाव

एलोवेरा प्राकृतिक रूप से विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। एलोवेरा का नियमित इस्तेमाल त्वचा में कसावट लाने के साथ त्वचा की रंगत भी निखारता है।

**कैसे करें इस्तेमाल:** चेहरे को धोने के बाद रोजाना एलोवेरा रस को त्वचा पर दो बार लगाएं। आधे घंटे बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें।

### लंबी पलकों और भौंहों के लिए एलोवेरा

लंबी पलके और घनी भौंहों की चाहत अगर आप भी रखते हैं तो आपका ये सपना एलोवेरा पूरा कर सकता है।

**कैसे करें इस्तेमाल:** पलकों को घना बनाने के लिए एलोवेरा जेल को रूई या मस्करा लगाने वाली साफ छड़ी का उपयोग करते हुए पलकों और भौंहों पर लगाएं। 15 मिनट बाद इस जेल को भौंहों और पलकों से छुड़ाने के लिए ऐलोवेरा जेल में कुछ बूंदें जैतून के तेल की मिलाकर इस मिश्रण को अपनी पलकों पर लगाकर एक रूई की मदद से धीरे से पोंछ लें।

### त्वचा के लिए बेहतरीन मास्क

त्वचा में कसाव लाने के लिए एलोवेरा एक बेहतरीन मास्क है। इस मास्क को बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच बेसन दो चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल अच्छे से मिलाकर चेहरे पर लगा लें। अब 30 मिनट बाद चेहरे को धो लें।

### मुहांसों से निजात पाने के लिए एलोवेरा जेल

अगर आप भी अक्सर मुहांसों की समस्या से परेशान रहते हैं तो अब उन्हें अलविदा कहने का समय आ गया है। मुहांसों से निजात पाने के लिए सबसे पहले 40 मिली मिनरल वाटर, तीन चम्मच एलोवेरा जेल और दो बूंद टी ट्री ऑयल लें। अब इन सभी चीजों को एक छोटी सी स्प्रे बोतल में डालकर अच्छे से हिलाते हुए मिला लें। अब चेहरे पर जिस जगह मुहांसे हैं उस जगह पर इसे स्प्रे करके इसे सूखने दें। ऐसा करते समय अपनी आंखों को बचाकर रखें।

## रेसिपी



### मटर कुलचा

**सामग्री**

■ 2 कप सूखी मटर ■ बारीक कटी 2 हरी मिर्च ■ 1 कप बारीक कटा प्याज ■ 1 कप बारीक कटा टमाटर ■ एक नींबू का रस ■ 1/2 चम्मच अमचूर पाउडर ■ 2 चम्मच चाट मसाला ■ 3 चुटकी मीठा सोडा पाउडर ■ 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर ■ स्वादानुसार नमक ■ आधा कप बारीक कटा हरा धनिया

**विधि**

मटर को 6 से 7 घंटे पानी में भिगो दें। अब इसे प्रेशर कूकर में पानी डालकर मीठा सोडा पाउडर, हल्दी पाउडर और थोड़ा नमक मिलाकर उबाल लें। कूकर में 3-4 सीटी आने के बाद गैस धीमी कर दें और फिर 2 से 3 सीटी आने के बाद गैस बंद कर दें। कूकर का प्रेशर खत्म होने पर ही उसका ढक्कन खोलें और मटर को एक बड़ी चम्मच से अच्छी तरह चलाकर मैश कर लें। अब इसमें बारीक कटा प्याज, हरी मिर्च, टमाटर, चाट मसाला, अमचूर पाउडर और स्वादानुसार नमक मिलाकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। फिर मटर में नींबू का रस मिलाकर 5 मिनट और मध्यम आंच में गैस पर रखकर पकाएं। गैस बंद कर दें, चटपटे मटर तैयार हैं, कुलचे के साथ इसे सर्व करें।

## रेसिपी



### मॉलिगेटॉनी सूप

**सामग्री**

■ 2 टीस्पून कुकिंग ऑयल ■ 2.5 कप रेडीमेड वेजिटेबल ब्रोथ ■ ½ कप लाल मसूर की दाल ■ ¼ कप चावल ■ 2 टुकड़ों में कटी गाजर ■ 2 बारीक कटी सेलेरी स्ट्रिक्स ■ 2 बारीक कटे टमाटर ■ 1 बारीक कटा सेब ■ ½ कप बारीक कटा प्याज ■ 1 टीस्पून गार्लिक पेस्ट ■ गार्निशिंग के लिए कुछ भुने हुए करी पत्ते।

**विधि**

2 टीस्पून कुकिंग ऑयल, 2.5 कप रेडीमेड वेजिटेबल ब्रोथ, ½ कप लाल मसूर की दाल, द कप चावल, 2 टुकड़ों में कटी गाजर, 2 बारीक कटी सेलेरी स्ट्रिक्स, 2 बारीक कटे टमाटर, 1 बारीक कटा सेब, ½ कप बारीक कटा प्याज, 1 टीस्पून गार्लिक पेस्ट, गार्निशिंग के लिए कुछ भुने हुए करी पत्ते।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 1835




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 1834 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मालकिन ने नई नौकरानी से पूछा- 'देखो ! मैं ज्यादा बातचीत नहीं करती. अगर मैं अंगुली से इशारा करूँ तो समझ लो कि मैं बुला रही हूँ.'

इस पर नौकरानी बोली- 'जी ! मैं भी बहुत कम बोलना पसन्द करती हूँ. अगर मैं अपना सिर हिला दूं तो समझ जाइये कि मैं नहीं आ सकती.'

□ □ □

जेल की एक कोठरी में बैठे तीन कैदी बता रहे थे कि वे क्यों पकड़कर बन्द कर दिये गए ?

पहला- 'मै चुनाव में राजनारायण के पास में काम कर रहा था !'

दूसरा- 'और मैं राजनारायण के खिलाफ काम कर रहा था !'

तीसरा- 'राजनारायण मैं खुद हूँ.'

□ □ □


प्रेमिका बोली, ''मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह न करूंगी जो झूठ बोलता हो.''

प्रेमी बोला, ''तब तो तुम सारा जीवन कुंवारी रहोगी.''

□ □ □

मंत्री जी ने अस्पताल के नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा- ''भाइयों, ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एक अच्छी बात है. इतने बड़े अस्पताल में रोगियों के मनोरंजन के लिए उनका अपना थिएटर होना बहुत जरूरी है.''

## फिल्म वर्ग पहेली- 1835



**बायें से दायें:-**

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पल पल दिल के पास' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरान, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कहीं थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
९. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२
१०. राकेश रोशन, योगिता बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्ही रहनुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, राधा सलूजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेंमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जां' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली गोविंदा, सोनाली, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-२
२७.शाहरुख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
२९. फरदीनखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
३. 'ओ नचलै नचलै' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, पद्मिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
१२. 'हाथी मेरे साथी' की नायिका ?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६ संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी रातें प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'यशोदा का नंदलाला' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीच बजरिया' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
२५.विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
२६. 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज सरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1834



## सूडोकु -1835


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | 9 | 2 | 3 |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1834 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 1835



**बाएँ से दाएँ**

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.बीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखार,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

शब्द पहेली - 1834 का हल



## भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में पंचायती राज संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं : ललन सिंह

एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने पटना में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में पंचायती राज संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है और इसमें पंचायती राज संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ललन सिंह ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में पीआरआई बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत के एक गांव को गोबर गैस परियोजना के लिए चुनना चाहिए। गुजरात के सहकारी समिति से प्रेरित ललन सिंह ने अपने गांव में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गोबर गैस परियोजना शुरू करने की घोषणा की।

## हेमंत सरकार में जल जीवन मिशन के पैसे की बर्बादी, भ्रष्टाचार की अति और अन्याय की पराकाष्ठा: शिवराज

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक गिद्ध वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि हम इस तरह की भाषा नहीं बोलते लेकिन सत्ताधारी दल के लोग झारखंड को चील कौवे की तरह नोंच-नोंच कर खा रहे हैं। जल जीवन मिशन के पैसे को बर्बाद कर दिया गया। यह भ्रष्टाचार की अति है और अन्याय की पराकाष्ठा है। यहां सत्ताधारी दल के लोगों के पास से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं। वह रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शिवराज ने कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी है कि कोई सुरक्षित नहीं है। रेत, बालू से लेकर खनिज तक में भ्रष्टाचार है। जल जीवन मिशन का पैसा पूरा बर्बाद कर दिया। प्रधानमंत्री ने हर घर जल नल योजना के लिए पैसा भेजा, एक गांव में भी पैसा नहीं पहुंचा। आखिर ये पैसा कहां गया? शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पांच साल तक सरकार ने एक भी नौकरी नहीं दी और अब चुनाव के समय 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा रहे हैं। युवाओं की जान जा रही है। डेमोग्राफी चेंज होना भयावह है। इसलिए झारखंड को बचाना भाजपा का कर्तव्य है। पांच साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। दो हजार रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, अब चुनाव के समय केवल एक हजार रुपए पकड़ाकर जाल बिछा रहे हैं। हम इसे उजागर करेंगे। इस सरकार को भाजपा उखाड़ कर फेंकेगी।

## मणिपुर ड्रोन हमले की जांच एनआईए को सौंपेगी सरकार

**इंफाल।** मणिपुर में बीते सप्ताह हुए ड्रोन हमले की जांच का जिम्मा एनआईए को सौंपने का विचार राज्य सरकार कर रही है। आज इंफाल में संवाददाता सम्मेलन के दौरान मणिपुर के पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) आइके मुइवा ने ड्रोन हमले में विदेशी लिंक होने की पुष्टि की। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, हम घटनास्थल से बरामद ड्रोन के टुकड़ों सहित विभिन्न साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। बमों में इस्तेमाल किए गए रसायनों का विश्लेषण करने के लिए इन्हें फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। उन्होंने मामले को बेहद गंभीर बताया। फॉरेंसिक टीमें बम विस्फोट स्थलों से एकत्र किये गये टुकड़ों सहित तमाम साक्ष्यों का विश्लेषण कर रही हैं। आईजीपी मुइवा ने कहा कि पुलिस इन हमलों से संबंधित हर पहलू के जांच कर रही है। जांच के काम में फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ ही बम से संबंधित कई विशेषज्ञ जुटे हुए हैं।



## सच को छिपाने का ममता बनर्जी का प्रयास अपने आप में एक आपराधिक कृत्य है : चुघ

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने ममता बनर्जी की सरकार से स्पष्टीकरण मांगा कि उनकी पुलिस द्वारा आरजी कर हॉस्पिटल में हुए रेप और मर्डर केस में एफआईआर दर्ज करने में 14 घंटे का विलंब क्यों हुआ था? उन्होंने कहा कि ममता सरकार किसी न किसी तरह से जांच को बाधित करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि पुलिस द्वारा दायर की गई चार्जशीट से पोस्टमार्टम रिपोर्ट क्यों गायब है? भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव चुघ ने आज राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने चहेते कोलकाता पुलिस कमिश्नर और आरजी कर मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप घोष को बचाने के लिए जांच में बाधा डाली और सबूतों के साथ छेड़छाड़ की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भाजपा की मांग है कि ममता बनर्जी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर का पॉलिग्राफी टेस्ट हो तथा ममता बनर्जी, पुलिस कमिश्नर और आरजी कर मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिसिंपल संदीप घोष के कॉल रिकार्ड की जांच कर सार्वजनिक की जाए, ताकि पीड़िता व उसके परिवार को न्याय मिल सके और देश के सामने सच आ सके।

## आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में सड़क हादसा, सात कृषि मजदूरों की मौत

एजेंसी

**एलुरु (देवरापल्ली)।** आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में आधी रात बाद हुए सड़क हादसे में सात कृषि मजदूरों की मौत हो गई।दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा मिनी लॉरी के पलटने से हुआ।

पुलिस ने बताया की मिनी लॉरी एलुरु जिले के टी.नरसापुरम मंडल के बोर्रामपलेम गांव से काजू के बीज बोरियों में भरकर पूर्वी गोदावरी जिले के निदादावोलु मंडल के ताड़ीमल्ला के लिए रवाना हुई। अरिपतिदिब्बालु-चिन्नईगुडेम रोड पर देवरापल्ली मंडल के चिलकावरिपकालु के पास वाहन ने नियंत्रण खो दिया और रेलिंग से टकरा कर पलट गया। हादसा होते ही ड्राइवर कूदकर भाग गए। वाहन में सवार नौ लोगों में से सात की मौत हो गई। दो घायल हो गए। घायलों में एक की पहचान घंटा मधु (ताडिमल्ला) के रूप में हुई।



डीएसपी देवकुमार का कहना है कि एसएसआई श्रीहरि राव और सुब्रमण्यम के साथ वह मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के नाम देवबट्टुला बूरैया (40), तम्मीरेड्डी सत्यनारायण (45), पी. चिनमुसलाया (35), कट्टव कृष्णा (40), कट्टव सत्तीपांडु (40), ताडिमल्ला के ताड़ी कृष्णा (45) और कटकोटेश्वर के समिशरागुडेम मंडल हैं।

## बरसाना राधारानी मंदिर भीड़ के चलते दो महिला श्रद्धालु हुई बेहोश

एजेंसी

**मथुरा।** बरसाना राधारानी मंदिर में मंगलवार शाम दिल्ली एवं बरेली की दो महिला श्रद्धालु भीड़ के दबाव में बेहोश हो गईं। मंदिर में तैनात गार्ड व पुलिसकर्मियों ने भीड़ में दबी महिलाओं को स्वास्थ्य कैम्प तक पहुंचाया। इलाज के बाद स्वस्थ्य होकर दोनों अपने परिजनों के साथ चली गईं।

शाम को अष्टमी की पूर्व संध्या पर मंदिर के अंदर भीड़ का दबाव बढ़ गया था। 67 वर्षीय जगदम्बा पत्नी रामगोपाल निवासी सोनिया विहार दिल्ली बेहोश हो गई। मंदिर में तैनात डॉक्टर मौजूद नहीं थे। बेहोश महिला का इलाज वार्ड बॉय हंसराज ने ओआरएस का घोल पिलाकर किया। वहीं उसके कुछ देर बाद ही आकांक्षा पत्नी सत्यम निवासी सुरेंद्र नगर दर्शन के दौरान भीड़ बढ़ने से बेहोश हो गई। इसका चेकअप डॉक्टर रवि पालीवाल व फार्मासिस्ट जितेंद्र शर्मा ने किया। दोनों महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद स्वस्थ्य होने पर अपने परिवार के साथ चली गई। इन दो महिलाओं के अचेत होने की खबर से स्वास्थ्य महकमे में हलचल मच गई।



## मध्यप्रदेश को दुग्ध उत्पादन में बनाएंगे अग्रणी: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एजेंसी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 9 से 10 प्रतिशत उत्पादन करते हुए देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश के अनेक ग्रामों में किसान भाइयों को पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए सुविधाएं प्रदान कर प्रदेश को देश में अग्रणी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में मध्यप्रदेश में डेयरी विकास योजना, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं सांची दुग्ध संघ के कार्यों के संबंध में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में भारत सरकार की पशुपालन एवं डेयरी सचिव अलका उपाध्याय, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आनंद (गुजरात) के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक मीनेश शाह भी उपस्थित थे। बैठक में मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन एवं एकत्रीकरण तथा सांची दुग्ध संघ के विषय में कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मध्यप्रदेश राज्य कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और उससे जुड़े दुग्ध संघों का प्रबंधन और संचालन अगले पांच वर्ष के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा किए जाने पर सहमति बनी। इसके लिए आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर विधि संगत कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाकर किसानों और पुशपालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय बोर्ड को दायित्व देने पर सहमति बनी है। आवश्यक हुआ तो इस कार्य के उद्देश्य से सहकारिता अधिनियम में आवश्यक संशोधन की कार्यवाही भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान के पश्चात मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में अग्रणी है। प्रदेश में प्रतिदिन साढ़े पांच करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन हो रहा है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता के मामले में मध्यप्रदेश की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। जहां देश में प्रति व्यक्ति 459 ग्राम प्रतिदिन दूध की उपलब्धता है वहीं मध्यप्रदेश में यह 644 ग्राम है।




उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में प्रदेश का दुग्ध उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य है। इसके लिए सहकारी आन्दोलन को मजबूत करने और किसानों एवं पशुपालकों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य होगा। प्रदेश के करीब चालीस हजार ग्रामों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास होंगे।

वर्तमान में 10 से 15 हजार ग्रामों में दुग्ध उत्पादन की स्थिति संतोषजनक है। शेष ग्रामों में विभिन्न उपायों से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय से मिल रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। प्रारंभ में केन्द्रीय सचिव अलका उपाध्याय और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की ओर से प्रजेंटेशन दिया गया।

## एलआईसी देहरादून के इंजीनियर को सीबीआई ने रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एलआईसी ( देहरादून) के असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) भगवती प्रसाद को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने यह जानकारी साझा की। सीबीआई ने आरोपित असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल), एलआईसी, मंडल कार्यालय, हरिद्वार रोड, देहरादून के विरुद्ध एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। जिसमें शिकायतकर्ता से उसके बकाया बिलों के भुगतान व पहले से भुगतान किए गए बिलों के कमीशन के तौर पर 57,000/- रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता के अनुरोध पर 40,000/- रुपये रिश्वत की रकम तय हुई।सीबीआई ने शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये रिश्वत की अग्रिम राशि लेते रंगे हाथों पकड़ लिया ।आरोपित (लोक सेवक) के आवासीय परिसर की तलाशी ली जा रही है सीबीआई के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत, देहरादून में बुधवार को पेश किया जाएगा।




## स्वास्थ्य भवन अभियान को लेकर जूनियर डॉक्टरों का विरोध, सरकार के मेल को बताया अपमानजनक

एजेंसी

कोलकाता। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टर तक स्वास्थ्य भवन के पास बैठे हैं। हालांकि, उन्हें स्वास्थ्य सचिव की ओर से बातचीत के लिए मेल प्राप्त हुआ है। डॉक्टरों ने इसे अपमानजनक बताया है। मेल में कहा गया है कि 10 से कम प्रतिनिधियों के एक दल को बातचीत के लिए नवान्न आने की अनुमति दी जाएगी। डॉक्टर इस मेल को सकारात्मक संदेश के रूप में नहीं देख रहे हैं और इसका कड़ा विरोध किया है। डॉक्टरों का कहना है कि उन्होंने सरकार से कई बार अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद जताई थी लेकिन स्वास्थ्य सचिव की ओर से मिले इस मेल को वे किसी भी प्रकार का सकारात्मक कदम नहीं मानते। डॉक्टरों का आरोप है कि सरकार की ओर से नवान्न से किसी तरह का आधिकारिक निमंत्रण या मेल उन्हें बातचीत के लिए नहीं भेजा गया है। उनका मानना है कि अगर सरकार सच में बातचीत करना चाहती, तो वह उनके साथ और लचीले तरीके से संवाद स्थापित करती। जूनियर डॉक्टरों ने आगे कहा कि 10 से कम प्रतिनिधियों के दल को बातचीत के लिए बुलाना उनके प्रति अपमानजनक है। उनके अनुसार, हर कॉलेज से प्रतिनिधियों का दल बातचीत में शामिल होना चाहिए, और वे इसके लिए तैयार हैं। लेकिन केवल 10 प्रतिनिधि भेजने के प्रस्ताव को वे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।




## एसएसकेएम अस्पताल में डॉक्टर अभीक डे पर लगा बैन, ऑपरेशन थिएटर से लेकर हॉस्टल तक कोई सुविधा नहीं मिलेगी

एजेंसी

**कोलकाता।** एसएसकेएम अस्पताल में 'दादागिरी' के आरोपों का सामना कर रहे डॉक्टर अभीक डे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। अस्पताल प्रशासन ने आदेश दिया है कि अभीक डे अब एसएसकेएम अस्पताल में कोई भी काम नहीं कर पाएंगे। उन्हें ऑपरेशन थिएटर (ओटी) और इमरजेंसी डिपार्टमेंट में भी ड्यूटी करने से मना किया गया है। इसके अलावा, अभीक को हॉस्टल में भी कोई कमरा नहीं मिलेगा। इस फैसले की घोषणा सोमवार को कॉलेज काउंसिल की बैठक में की गई और इसका आदेश जारी किया गया। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग ने भी अभीक को निलंबित कर दिया था। अब, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी उन्हें सस्पेंड कर दिया है। अभीक डे के अलावा, डॉक्टर बिरुपाक्ष विश्वास और डॉक्टर सुशांत राय को भी आईएमए ने निलंबित कर दिया है, जिन पर सरकारी अस्पतालों में 'दादागिरी' के आरोप लगे हैं।

आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक डॉक्टर के खिलाफ रेप और मर्डर के आरोपों के बीच अस्पताल में आर्थिक भ्रष्टाचार और अन्य अनियमितताओं के भी आरोप उठे हैं। हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग में हो रही अनियमितताओं के बीच बर्दवान मेडिकल कॉलेज का भी नाम सामने आया है। आरोप है कि एसएसकेएम के डॉक्टर-पढ़ाई कर रहे अभीक इस बर्दवान सिंडिकेट के प्रमुख थे। अभीक डे पहले बर्दवान मेडिकल कॉलेज के आरएमओ रह चुके हैं। आर.जी .कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार रूम में उनकी उपस्थिति को लेकर भी सवाल उठे हैं, जहां वे उस समय उपस्थित थे जबकि उनका उस अस्पताल से कोई सीधा संबंध नहीं था। कई चिकित्सा संगठनों ने एसएसकेएम में अभीक के पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी) होने पर भी सवाल उठाए थे। इस बीच, तृणमूल छात्र परिषद ने भी अभीक को अपने संगठन से निलंबित कर दिया है और उन्हें बर्दवान मेडिकल कॉलेज में प्रवेश करने से रोक दिया गया है, जब तक जांच पूरी नहीं होती। पांच सितंबर को अभीक और बिरुपाक्ष को स्वास्थ्य भवन द्वारा निलंबित किया गया था। अब, आईएमए ने भी दोनों को सस्पेंड कर दिया है, और एसएसकेएम अस्पताल ने अभीक को काम करने से रोक दिया है।

## नौसेना के दो जहाज 'मालपे और मुल्की' एक साथ कोच्चि में लॉन्च किये गए

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'मालपे और मुल्की' को एक साथ कोच्चि में लॉन्च किया गया। समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की उपस्थिति में उनकी पत्नी विजया श्रीनिवास ने लॉन्च किया। भारतीय नौसेना को ये 'साइलेंट हंटर्स' मिलने पर तटीय सीमाओं पर दुश्मनों की पनडुब्बियों का पता लगाने में आसानी होगी। रक्षा मंत्रालय ने मेसर्स कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ 30 अप्रैल, 2019 को आठ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

## मणिपुर में दो दिन स्कूल-कॉलेज और पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद, तीन जिलों में निषेधाज्ञा

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में अपनी मांगों को लेकर चल रहे छात्रों का आंदोलन दोपहर बाद उग्र हो गया। पुलिस को आक्रोशित छात्रों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल के साथ आंसू गैस का प्रयोग करना पड़ा। इससे घायल हुए कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार ने गंभीर स्थिति देखते हुए 11 व 12 सितंबर को पूरे राज्य के स्कूल कॉलेजों को बंद करने और पांच दिन के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने का निर्णय लिया है। साथ ही तीन प्रभावित तीन जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। इसी बीच मणिपुर के पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) आइके मुइवा ने ड्रोन हमले में विदेशी लिंक होने की पुष्टि की है। इंफाल में छात्रों का सोमवार से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन भी जारी रहा। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात के दौरान छात्रों ने अपनी मांगों की सूची उन्हें सौंपी थी। साथ ही छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। अल्टीमेट की अवधि पूरी होने के बाद इमा मार्केट के सामने धरने पर बैठे छात्र उग्र हो गए और इमा मार्केट के सामने से उठकर मणिपुर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। वहां पहले से ही तैनात सुरक्षा बलों ने उन्हें रोकने की कोशिशें कीं, लेकिन छात्र किसी भी कीमत पर रुकने के लिए तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बल का प्रयोग किया। पुलिस ने गंभीर स्थिति को देखते हुए आंसू गैस के गोल दागे। इसके बाद हिंसा पर उतारू छात्रों को तितर-बितर कर दिया। पुलिस के बल प्रयोग से कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद राजधानी इंफाल में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई है। राज्य सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूरे राज्य के सरकारी और निजी स्कूल व कॉलेजों को 11 व 12 सितंबर के लिए बंद कर दिया है। इसके साथ ही सरकार ने पूरे राज्य में पांच दिन के लिए इंटरसेवा को बंद कर दिया है। इंफाल के आसपास के तीन जिले इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट तथा थौबल के जिला मजिस्ट्रेटों ने बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा का आदेश फिर से लागू कर दी है।



## पर्यटकों के लिए खोली गयी भारत-नेपाल सीमा

एजेंसी

**लखनऊ।** भारत और नेपाल के मध्य अंतरराष्ट्रीय सीमा को पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय सीमा कोविड-19 के प्रकोप के दौरान बंद कर दी गयी थी। पर्यटन के दृष्टिकोण से यह सीमा भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके खुलने से पर्यटक भारत तथा नेपाल के प्राकृतिक एवं रमणीक स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। इससे दोनों देशों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक सम्बंधों को मजबूती मिलेगी। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। जयवीर सिंह ने बताया कि भारत नेपाल के बीच स्थित धनगढ़ी और गौरीफंटा क्रासिंग दो वर्षों से बंद थी। गौरीफंटा-धनगढ़ी सीमा को फिर से खोला जाना प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष महत्व है। यह मार्ग विभिन्न परिदृश्यों तथा विविध वन्य जीवन तक सीधी पहुंच प्रदान करता है। उप्र के लखीमपुर जनपद में स्थित दुधवा राष्ट्रीय उद्यान संरक्षित वन क्षेत्र है। घने जंगलों से घिरा यह इलाका रॉयल बंगाल टाइगर के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र है। हर साल बड़ी संख्या में वन्य जीव प्रेमी यहां पहुंचते हैं। यह राष्ट्रीय उद्यान नेपाल के धनगढ़ी शहर से लगा हुआ है।



पर्यटन मंत्री ने बताया कि भारत की ओर से नेपाल जाने के इच्छुक पर्यटकों को बर्दिया राष्ट्रीय उद्यान खासा आकर्षित करता है। नेपाल की सैर पर जाने वालों को बर्दिया उद्यान में बाघों और एक सींग वाले गैंडों की वृहद आबादी देखने को मिलती है। शुक्ला फांटा राष्ट्रीय पार्क लुभावने दृश्य और जैव विविधता का जीता-जागता उदाहरण है। यह एशिया का दूसरा सबसे बड़ा घास का मैदान है। वहीं, नेपाल में चितवन राष्ट्रीय उद्यान, जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी है, जो पर्यटकों की पहली पसंद है। यह घने जंगलों, वन्यजीव सफारी और अद्भुत जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। लम्बे समय बाद भारत और नेपाल के पर्यटकों को एक-दूसरे देश में फिर से जाने और घूमने का अवसर मिलेगा। नेपाल में मौजूद पर्यटन स्थल न केवल प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग समान है, बल्कि दोनों (भारत और नेपाल) देशों के बीच आध्यात्मिक साधकों के लिए एक प्रवेश द्वार भी है। जयवीर सिंह ने बताया कि गौरीफंटा-धनगढ़ी अंतरराष्ट्रीय सीमा का एक बार फिर खुलना बौद्ध पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। यह मार्ग नेपाल से आने वाले पर्यटकों को उत्तर प्रदेश के विभिन्न वन्य जीव अभ्यारण्यों तथा सारनाथ, कुशीनगर जैसे पवित्र बौद्ध स्थलों की यात्रा का अवसर प्रदान करता है। वहीं, बौद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले डेस्टिनेशन की रोमांचक यात्रा को प्रेरित करता है। इस द्विपक्षीय प्रवेश द्वार से निकट भविष्य में भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक सम्बंधों को मजबूती मिलेगी।

## वैश्विक बाजार में उत्तर प्रदेश की बढ़ती धाक का माध्यम बनेगा 'प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024'

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार वैश्विक बाजार में अपनी बढ़ती धाक को और प्रशस्त करने के लिए सेमीकॉन इंडिया 2024, इलेक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 के साथ ही प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 का भी आयोजन करने जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट व प्रोडक्शन के इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के तौर पर ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 11 से 13 सितंबर के बीच यह आयोजन होगा। कुल 35हजार स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न पवेलियंस के माध्यम से यह आयोजन अद्भुत छटा बिखेरेगा जिसमें दुनियाभर के 589 एग्जिबिटर्स हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन में भी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते महत्व पर योगी सरकार का विशेष फोकस होगा और योगी सरकार प्रदेश के निवेश परक माहौल, गुड गवर्नेंस के साथ ही सेक्टर फेवरेबल पॉलिसीज के प्रमोशन को सबसे ज्यादा महत्व दे रही है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश मोबाइल विनिर्माण उद्योग में अग्रणी है और इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग में भी विशिष्ट योगदान रखता है। ऐसे में, प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 के आयोजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश वैश्विक बाजार में अपनी बुलंद उपस्थिति को दर्ज कराने के साथ ही निवेश व रोजगार सृजन के भी नए अवसरों को तलाशने के माध्यम के तौर पर कार्य कर रहा है।


-मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट होगा उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ का विजन प्रदेश को अगले कुछ वर्षों में वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने पर है। ऐसे में, प्रदेश में सेमीकंडक्टर सेक्टर का विस्तार हो, चिप बिल्डिंग की बड़ी कंपनियां यहां प्लांट लगाएं और इलेक्ट्रॉनिक गुड्स मैन्युफैक्चरिंग के प्रदेश भर में विभिन्न क्लस्टर्स क्रियान्वित हो सकें, इसके लिए बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मौजूदा आयोजन में भी इन्हीं फैक्टर्स पर योगी सरकार का सबसे ज्यादा फोकस है। उत्तर प्रदेश में नोएडा व ग्रेटर नोएडा की अगुआई में कुछ क्लस्टर्स कार्यरत हैं और इनके माध्यम से ही उत्तर प्रदेश देश के मोबाइल विनिर्माण में 55वि तथा मोबाइल घटक निर्माण में 50 प्रतिशत तक का योगदान दे रहा है। उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2020 में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति लाई गई थी जिसके जरिए प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बढ़ावा देने, इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर्स की स्थापना व ईएमसी स्ट्रक्चर के विकास पर सब्सिडी समेत अन्य लाभ देने के प्रावधान किए गए हैं। ऐसे में, प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया के माध्यम से कार्यक्रम में हिस्सा ले रही दुनियाभर की तमाम दिग्गज कंपनियों और निवेशकों का ध्यान उत्तर प्रदेश की सशक्त स्थिति की ओर आकृष्ट कराते हुए उसे मोस्ट फेवरेबल डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाएगा। प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 के अंतर्गत 11 से 13 सितंबर के बीच कई प्रकार के टॉपिक्स व विषयों पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इसमें पीसीबी व ईएमएस, सर्फेस माउंट टेक्नोलॉजी (एसएमटी), केबल्स-क्वॉयल्स व हाइब्रिड, सेमीकंडक्टर, फ्यूचर प्रोडक्शन व ओवरऑल प्रोडक्शन सपोर्ट जैसे विषयों को कवर किया जाएगा। इस दौरान कंपनियों द्वारा अपने प्रोडक्ट्स की नुमाइश भी की जाएगी और दुनियाभर के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां व देशों के एक्सपर्ट्स हिस्सा लेंगे।



आ गया है मानसून। मतलब खूब सारी बारिश और टर्र-टर्र करते मेंढक, मम्मी के हाथ का बना गर्म सूप और कागज की नाव तैराने का समय। ऊपर से सोने पर सुहागा यह कि स्कूल भी अभी बंद ही हैं, इसलिए तुम्हारे तो वारे-न्यारे हो गए हैं। तुम तो इस मौसम में खूब मस्ती करते हो, ये हमें पता है, पर क्या तुम्हें पता है कि जानवर-पक्षी क्या करते हैं? वो कैसे मजे करते हैं। चलो आज जरा घर से बाहर निकलें और इनकी दुनिया में चलें...

# मानसून में ये भी गाते गुनगुनाते नहाते हैं..



यूं तो बारिश में ज्यादातर जानवर और पक्षी छांव वाली जगह की तलाश में रहते हैं, जहां उन पर पानी न गिरे। इसके लिए वे किसी पेड़ के तने, गुफा, पत्ते के नीचे या जमीन के नीचे चले जाते हैं। लेकिन कई जानवर इस बारिश को खूब पसंद करते हैं। खासकर कुछ खास किस्म की चिड़िया गाना गाती हैं तो कुछ पंख फैलाकर नहाती हैं। बारिश के समय मैना, कोयल खूब गाना गाती हैं। चिड़ियों को बारिश खूब पसंद होती है। वो पेड़ की डाली पर बैठकर बारिश का मजा लेती हैं। पत्तों से टपकता पानी उन्हें खूब पसंद है। लेकिन कई तरह की चिड़िया इस मौसम के आने से पहले दूसरे इलाकों में कूच कर जाती हैं। इनमें व्हाइट रफड मनाकिंस खास है। अमेरिका में रहने वाली ये चिड़िया फल खाती है और दो-तीन घंटे से अधिक समय तक भोजन के बिना नहीं रह सकती। जैसे ही बारिश का मौसम आता है ये दूसरे इलाकों की ओर चली जाती हैं।

## ऐसे बचाओ अपने पेट्स को

बारिश के समय तुम यह सुनिश्चित करो कि तुम्हारे पेट्स भीगें नहीं। अगर वो भीग भी गए हैं तो उन्हें तुरंत पोंछ दो। अगर उन्हें ठंड लग रही है तो किसी कंबल से ढंककर रखो। जैसे ही बारिश बंद हो तो उन्हें घुमाने कहीं बाहर ले जाओ। उनके साथ खूब खेलो, जिससे वे सुस्त न पड़ें। उनके फर और पंजों को साफ करते रहो। इस मौसम में सबसे ज्यादा जानवर बीमार होते हैं, इसलिए तुम उन पर नजर रखो। अगर उन्हें जलन-खुजलाहट हो रही है या बाल झड़ने लगे हैं तो यह इन्फेक्शन के पनपने की निशानी है। समय से वेक्सिनेशन करवाना जरूरी है।

मौसम बदलेगा, ये पहले से जान लेते हैं: भारी बारिश या तूफान आने से पहले ब्लैक कोकाटूस पहाड़ों से नीचे आना आरंभ कर देते हैं। ऐसा ये सुबह के समय करते हैं।

बिल्लियां अपने पैरों को चाटती हैं और उससे अपनी आंखों को साफ करती हैं। ऐसा माना जाता है कि बिल्ली के कान काफी तेज होते हैं और उन्हें मौसम बदलने से पहले ही कुछ ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं, जिससे उनमें यह बदलाव आ जाता है। गाय का बछड़ा यदि ज्यादा एक्टिव दिख रहा हो तो इसका मतलब है कि बारिश आने वाली है। बछड़ा ऐसे में अपनी आंखों क ो खुजलाना आरंभ करता है। अगर कुत्ता अपनी पीठ के बल सोने लगे तो समझ लेना चाहिए कि मौसम बदल सकता है। अगर मेंढक चिल्लाने लगें तो मान लें कि 24 से 48 घंटे में बारिश गिरेगी। तोते बारिश होने से पहले खास तरह की आवाजें निकालना आरंभ कर देते हैं। कछुए अगर नदी को छोड़कर मैदानी इलाकों की ओर आएं तो समझ लीजिए कि बारिश या बाढ़ आने वाली है।

## तुम्हारे लिए मस्ती का समय है ये...

स्कूल अभी कुछ दिन पहले ही खुले हैं और बारिश शुरू हो चुकी है। मतलब फुल टू मस्ती और धमाल करने का समय है ये। तुम बारिश में खूब नहा सकते हो, खेल सकते हो और चाहो तो घर की खिड़की से इसके नजारे देख सकते हो। पानी में छप-छप करना, दोस्तों को भिगोना, उन्हें छींटे मारना, नाव बनाकर तैराना कितना मजेदार होगा ना। हल्की बारिश में फुटबॉल खेलो, वॉलीबॉल खेलो, क्रिकेट खेलो और मस्ती करो। अगर मां घर से न निकलने दें तो पेंटिंग बनाओ या सूप पियो।



## क्या करते हैं जानवर

तोता चुप रहता है और कोई जगह ढूंढकर वहां छिप जाता है। गिलहरी और चुहिया गर्म जगह की तलाश करते हैं और वहां से छिपकर बारिश देखते हैं। मेंढक, कछुए और मछली तालाब या झील के नीचे के भाग में स्थित पत्थरों में शरण लेते हैं। रेंगने वाले जीवों जैसे सांप आदि की खासियत होती है उनकी चमड़ी। चमड़ी पर प्रोटीन होता है, जिसे केरेटिन कहा जाता है। ये उनकी त्वचा को वॉटरप्रूफ बना देता है, इसलिए ये खूब नहाते हैं। ओरंगुटान किसी पेड़ के पत्तों से अपने सिर को ढंककर बैठ जाता है। पीले रंग की चिडिया अमेरिकन गोल्डफिंचेस जरा सी देर भी गीला होकर नहीं रह सकती। बारिश शुरू होते ही वह सूखी जगह की तलाश कर वहां छिप जाती है। मोर बारिश शुरू होने से पहले नाचना शुरू कर देता है। मॉरनिंग डव्स को नहाना पसंद होता है। कठफोड़वा भी खूब नहाता है। बारिश के समय मेंढक तेज आवाजें निकालता है। तोता बारिश बंद होने के बाद एक डाली से दूसरी डाली तक आता-जाता है और नाचता है।

## मानसून बोलो या काल वर्षा

मानसून शब्द अरबी भाषा के शब्द 'मौसिम' से बना है। केरल में मानसून को 'काल वर्षा' कहा जाता है। 'मानसून' उन मौसमी पवनों को कहते हैं, जो ठंड में महाद्वीपों से महासागरों की ओर और गर्मी में महासागरों से महाद्वीप की ओर चलती हैं।





## बारिश में भीगो पर...

बारिश में भीगने में सभी को मजा आता है। चुभती-जलती गर्मी से राहत मिलती है, प्रकृति और भी सुंदर हो जाती है। जगह-जगह बहते झरने, नदियां कितने सुंदर लगते हैं। वैसे तो मम्मी-पापा भी बारिश को पसंद करते हैं, पर जब बारी बच्चों की आती है तो मम्मी ज्यादा देर बारिश में नहाने नहीं देतीं। जल्दी से घर में आ जाओ, बारिश में मत भीगो, बस इसी बात की रट लगाये रहती हैं। उनका कहना सही भी है, क्योंकि बारिश बच्चों के लिए बीमारियों का कारण भी बन सकती है। हां, अगर तुम इन बातों को ध्यान में रखो तो तुम बारिश का मजा भी ले सकते हो और बीमार भी नहीं पड़ोगे। इस मौसम में सबसे ज्यादा मच्छर पैदा होते हैं, जो कई बीमारियों को जन्म देते हैं। इसलिए घर में पानी इकट्ठा मत होने दो। इसके लिए तुम घर में नीम की सूखी पत्तियों का धुंआ कर सकते हो। मानसून में पीने के पानी में अक्सर गंदगी आ जाती है, जो टायफाइड, कॉलरा जैसी बीमारियां फैलाती है। इसलिए पानी उबालकर ही पीएं। बाहर का खाना न खाएं। बारिश के पानी में ज्यादा देर तक मत रहो। इससे तुम्हें स्किन की बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए तुम रेनकोट, रेनबूट पहनो और छाता लेकर ही निकलो। जब भी भीगो तो जल्दी से कपड़े बदलो। इस समय गटर या मेनहोल्स के पास मत जाओ, क्योंकि ये सभी ओवरफ्लो होते हैं। मानसून में सर्दी-जुकाम और खांसी हो जाती है। इसलिए मम्मी जो दें वो ही खाओ। नाखूनों को काटकर रखो, क्योंकि बहुत सारी बीमारियां इन नाखूनों से ही पेट के अंदर जाती हैं। इस मौसम में तुम्हें बार-बार हाथ धोने चाहिये। अगर बारिश में तुम्हारे मोजे गीले हो जाएं तो उन्हें उतार दो, नहीं तो फंगल इन्फेक्शन हो सकता है। अगर तुम्हारे घर में एसी लगा है तो नहा कर सीधे उस कमरे में मत जाना, बीमार पड़ सकते हो। गीले बिजली के तारों को मत छूना और न ही उन पर फंसी कोई चीज लोहे के डंडे से निकालने की कोशिश करना।





# जानो आइसक्रीम की हिस्ट्री

**बच्चों! आइसक्रीम हर किसी को ललचाती है। आज बाजार में आइसक्रीम वनीला, चॉकलेट, स्ट्रॉबेरी, मैंगो, पाइनऐपल आदि के स्वाद के साथ कोन, कप, स्टिक आदि के आकर्षक पैकेज में मौजूद है, लेकिन क्या आपको पता है कि आखिर तरह-तरह की वेरायटी वाली आइसक्रीम बनी कैसे, इसकी शुरुआत कब और कैसे हुई? आइए जानें इस बारे में..**

वैसे यह निश्चित रूप से मालूम नहीं है कि सबसे पहले आइसक्रीम कैसे बनी और इसकी शुरुआत कैसे हुई, लेकिन एक किंवदंती के अनुसार, लगभग दो हजार साल पहले रोमन सम्राट नीरो ने अपने गुलामों से कहा था कि वे पास के पहाड़ों से बर्फ ले आयें। नीरो ने उस बर्फ में फलों का रस, शहद आदि मिलाया और उसका आनंद लिया. इसे ही आइसक्रीम की शुरुआत माना जा सकता है। समय बीतने के साथ लोग बर्फ में अन्य स्वादिष्ट चीजें मिलाकर खाने लगे और सन् 1600 तक आइसक्रीम काफी लोकप्रिय हो चुकी थी। इसके बाद लोग अनेक प्रकार के प्रयोग करके इसे नया-नया रूप, आकार व स्वाद देकर और लोकप्रिय बनाते चले गये। एक बार पार्टियों में वेटर का काम करने वाले रॉबर्ट ग्रीन नामक व्यक्ति ने मजबूरीवश एक प्रयोग कर डाला। उस समय क्रीम और कार्बरेनेटेड पानी मिला कर एक पेय बनाया जाता था जो कई दशकों तक खासा लोकप्रिय रहा था। एक पार्टी में उस पेय के लिए क्रीम कम पड़ गई। ग्रीन ने उसकी जगह वनीला आइसक्रीम डाल दी। आइसक्रीम एक फोम के रूप में गिलास में ऊपर तक भर गई और वह घोल काफी स्वादिष्ट बन पड़ा था और जल्दी ही वह लोकप्रिय हो गया। इसे आइसक्रीम सोडा के नाम से पुकारा जाने लगा। इसी तरह के मजबूरीवश किये प्रयोगों ने अन्य प्रकार की आइसक्रीम्स को जन्म दिया।

## संडे आइसक्रीम

स्मिथसन नामक व्यक्ति के पास एक छोटा-सा रेस्त्रं था, जिसमें लोग आइसक्रीम खाने अक्सर आते थे. 1890 के एक रविवार के दिन उसके रेस्त्रं में आइसक्रीम कम पड़ने लगी और दूसरी चीजें, जैसे फल, विभिन्न प्रकार की चॉकलेटें, क्रीमें आदि काफी थीं। रविवार को आइसक्रीम की आपूर्ति नहीं होती थी इसलिए स्मिथसन ने आइसक्रीम की मात्र कम कर दी तथा उसके ऊपर फल, चॉकलेट सिरप और दूसरी गाढ़ी क्रीम डालना प्रारंभ कर दिया। जब ग्राहकों ने इसकी तारीफ करना प्रारंभ कर दिया तो उसने इस आइसक्रीम का नाम संडे आइसक्रीम रख दिया। अब वह हर रविवार को संडे आइसक्रीम देने लगा। धार्मिक कारणों से कुछ लोगों द्वारा संडे नाम का विरोध करने पर स्मिथसन ने संडे आइसक्रीम में संडे की स्पेलिंग बदल डाली।

## कोन वाली आइसक्रीम

कुरकुरे कोन में आइसक्रीम खाने का अलग ही आनंद है। इसकी शुरुआत भी मजबूरी में ही हुई। 1904 में सेंट लुई मेले में दो व्यक्ति खाने की वस्तुओं के काऊंटर पर अगल-बगल खड़े थे। एक पेपर की प्लेटों में आइसक्रीम बेच रहा था और दूसरा वेफर पर (पेस्ट्री जैसा लगने वाला) जिसके ऊपर चीनी के दाने चिपके हुए थे। अगस्त का महीना था और लोग धड़ाधड़ आइसक्रीम ले रहे थे। वेफर बेचने वाला मुंह ताक रहा था। तभी अचानक कागज की प्लेटें कम पड़ गईं और आइसक्रीम वाले को लगा कि अब उसे अपना काऊंटर बंद करना पड़ेगा। तभी वेफर बेचने वाला उसकी मदद के लिए आगे आया। उसने वेफल से कोन बनाया और दोनों उसमें आइसक्रीम भर कर बेचने लगे। लोगों को कुरकुरा वेफ र आइसक्रीम के साथ बहुत भाया तथा अब वह खूब बिकने लगा। 1920 तक एक-तिहाई आइसक्रीम कोन में बिकने लगी।

## चॉकलेट आइसक्रीम

एक दिन क्रिश्चियन नेल्सन नामक व्यक्ति अमेरिका के आयोवा में स्थित अपनी दुकान में आइसक्रीम व चॉकलेट बेच रहा था। तभी एक बालक हाथ में सिक्के लिए दुकान में आया और आइसक्रीम की फरमाइश की। फिर उसने इरादा बदल दिया और चॉकलेट की फरमाइश कर डाली। नेल्सन को लगा कि यह बालक तभी संतुष्ट हो पायेगा जब उसे दोनों स्वाद मिलेंगे। उसने आइसक्रीम की एक स्लाइस काटी तथा उसके दोनों ओर चॉकलेट की पतली परत चिपका दी और तभी चॉकलेट आइसक्रीम की खोज हो गयी। अब वह नयी चॉकलेट वाली आइसक्रीम जमाने लगा। उसने इस दिशा में अनेक प्रयोग भी कर डाले ताकि चॉकलेट उसकी आइसक्रीम से भली प्रकार चिपक जाये। उसे सफलता आसानी से नहीं मिल रही थी। तभी उसको एक सेल्समैन ने सलाह दी कि वह कोको बटर का प्रयोग करे। अब नेल्सन ने नये सिरे से प्रयोग प्रारंभ कि ये। 1920 में एक रात उसने आइसक्रीम की एक स्लाइस चॉकलेट के मिश्रण में डाली। कुछ देर बाद चॉकलेट ठंडा होकर आइसक्रीम के चारों ओर जम गया। इसके साथ ही चॉकलेट लगी आइसक्रीम खासी लोकप्रिय हो गई।





## प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 18 से, टेबिल टेनिस की भी होगी प्रतियोगिता

एजेंसी

**लखनऊ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष पर राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 सितम्बर तक गोंडा में किया जाएगा। इसके लिए जिला और मंडल स्तर पर चयन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। वहीं कौशांबी में प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगी होगी। वहीं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 26 से 28 सितम्बर को अलीगढ़ में होगा। इस संबंध में खेल निदेशक डॉ. आर.पी. सिंह ने बताया कि शासन स्तर से खेलों पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस माह प्रदेश स्तर पर तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इसमें एक कौशांबी, दूसरा अलीगढ़ और तीसरा गोंडा में होगा। इस प्रतियोगिताओं में सभी मंडलों से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसके लिए पहले जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया होनी है। इसके बाद मंडल स्तर पर और फिर मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिला और मंडल स्तर पर चयन प्रक्रिया के लिए निर्देश दिये जा चुके हैं। हर जगह तैयारियां चल रही हैं। चयन के बाद सभी मंडल स्तर के खिलाड़ियों का नाम प्रदेश स्तर पर आ जाएगा।

## दलीप ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे दौर के लिए कुछ बदलावों के साथ टीमें घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 12 सितंबर से अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के लिए कुछ बदलावों के साथ टीमों की घोषणा कर दी है। मयंक अग्रवाल को इंडिया ए का कप्तान बनाया गया है। इंडिया ए के कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव और आकाश दीप को बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम में नामित किया गया है और वे आगामी दौर में शामिल नहीं होंगे। चयनकर्ताओं ने गिल के स्थान पर प्रथम सिंह (रेलवे), केएल राहुल के स्थान पर अक्षय वाडकर (विदर्भ सीए) और जुरेल के स्थान पर एसके रशीद (आंध्र सीए) को नामित किया है। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे, जबकि आकिब खान (यूपीसीए) आकाश दीप की जगह टीम में शामिल होंगे। इंडिया बी में शामिल यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत को भारत की टीम में नामित किया गया है और चयनकर्ताओं ने क्रमशः सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया है। तेज गेंदबाज यश दयाल को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि सरफराज खान को भी भारत की टीम में शामिल किया गया है। हालांकि वह दूसरे दौर के खेल में शामिल होंगे। हिमांशु मंत्री (मध्य प्रदेश सीए) को यश दयाल की जगह टीम में शामिल किया गया है। अक्षर पटेल टीम डी से भारतीय टीम में शामिल होंगे। उनकी जगह निशांत सिंधु (हरियाणा सीए) लेंगे। तुषार देशपांडे चोट के कारण दूसरे दौर से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत ए के विदवथ कावेरप्पा लेंगे।

## टीम एसजी गेंद के व्यवहार के तरीके को अपनाने का प्रयास कर रही है : लिटन

**नयी दिल्ली।** बंगलादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास ने बताया है कि उनकी टीम भारत के साथ होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए एसजी गेंद के व्यवहार के तरीके को अपनाने का प्रयास कर रही है। लिटन ने कहा, भारत में गेंद अलग होगी। उन्होंने कहा, एसजी गेंद के खिलाफ खेलना थोड़ा कठिन है। कूकाबुरा गेंद पुरानी होने पर खेलना आसान होता है। एसजी गेंद के साथ यह उलट है। पुरानी एसजी गेंद के खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, हमने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा क्रिकेट खेला, लेकिन यह अतीत की बात हो चुकी है। उन्होंने कहा, हमारे लिए आगे की ओर देखना महत्वपूर्ण है। हमें आपकी (मीडिया की) मदद की आवश्यकता होगी। यदि आप पाकिस्तान श्रृंखला के बारे में बात नहीं करते हैं तो यह मददगार होगा। एक खिलाड़ी के रूप में यह मेरे लिए अतीत की बात हो चुकी है। उन्होंने कहा, यह प्रेरणादायक है कि अगर आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो लोग आपको जानेंगे। उन्होंने कहा, इससे बेहतर कुछ नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह दबाव है। हम टेस्ट में सुधार कर रहे हैं, इसलिए हमें इस प्रारूप में और अधिक निरंतरता लानी होगी। यही मुख्य चुनौती है।

## पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम में दो नये खिलाड़ी

**लंदन।** इंग्लैंड ने सात अक्टूबर से पाकिस्तान के खिलाफ शुरु होने वाली तीन टेस्ट मैचों सीरीज के लिए दो अनकैप्ड खिलाड़ियों सहित 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तान दौरे के लिए हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरे बेन स्टोक्स और उंगली में फ्रैक्चर वाले सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली भी रिकवरी के बाद टीम में वापस आए हैं। ब्रायडन कार्स और जॉर्डन कॉक्स की अनकैप्ड जोड़ी भी इस टीम में शामिल है। वहीं श्रीलंका के खिलाफ अंतिम टेस्ट में पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज जोश हल को उनके पहले विदेशी दौरे के लिए बरकरार रखा गया है। स्पिन आक्रमण की जिम्मेदारी शोएब बशीर के साथ रेहान अहमद और जैक लीच पर होगी। पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम इस प्रकार हैः- बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जॉर्डन कॉक्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जोश हल, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ, ओली स्टोन और क्रिस वोक्स।

## यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग के फ्रेंचाइजियों ने तीसरे सत्र के लिए रिटेन किए गए खिलाड़ियों की घोषणा की

एजेंसी

**फ्लोरिडा।** यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग के तीसरे सत्र की शुरुआत के उत्साह की बढ़ोतरी के साथ-साथ टीमों ने अपनी खिलाड़ी रिटेंशन रणनीतियों को अंतिम रूप दे दिया है। नवंबर में फ्लोरिडा के ब्रावर्ड काउंटी स्टेडियम में लीग के शुरू होने से पहले टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। अमेरिका और वैश्विक क्रिकेट के कुछ बड़े नामों की वापसी के साथ इस सत्र में रोमांचक क्रिकेट और शीर्ष स्तर के प्रदर्शन की उम्मीद है।

स्टार खिलाड़ियों का रिटेंशन इस बात को दर्शाता है कि टीमें अपने वर्तमान खिलाड़ियों में कितना भरोसा करती हैं। वे प्रतिष्ठित यूएसपीएल खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रही हैं। पांचों फ्रेंचाइजी– एनजे टाइटंस, न्यूयार्क काउबायज, मैरीलैंड मैवरिक्स, कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने अपनी कोर टीम को बनाए रखने के लिए रणनीतिक फैसले लिए हैं, जिससे आगामी सत्र के लिए निरंतरता और स्थिरता सुनिश्चित हो सके। एनजे टाइटंस ने छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें आलराउंडर हरमीत सिंह, विस्फोटक बल्लेबाज एंड्रीस गौस और अमेरिका के पूर्व कप्तान सौरभ नेत्रावल्कर भी शामिल हैं। ये खिलाड़ी पिछले सत्र में




टीम के मजबूत प्रदर्शन के प्रमुख स्तंभ थे, और उनके रिटेंशन से यह स्पष्ट होता है कि टाइटंस अपनी इस लय को आगे बढ़ाना चाहते हैं। आक्रामक खेल के लिए प्रसिद्ध न्यूयार्क काउबायज ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जलाध दुआ, मुख्तार अहमद और तजिंदर सिंह ढिल्लों शामिल हैं। ये खिलाड़ी उस बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ हैं जिसने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, मैरीलैंड मैवरिक्स ने अनुभवी आलराउंडर ड्वेन स्मिथ, अमेरिकी खिलाड़ी नास्थुश केनजिगे, उभरते सितारे साईतेजा मुक्कामल्ला और नील ब्रूम को रिटेन किया है। इससे वे अपने अनुभव और कौशल का लाभ उठाते हुए एक और मजबूत अभियान की उम्मीद कर रहे हैं।

कैरोलिना ईगल्स ने गजनंद सिंह, केसरिक विलियम्स और शयान जहांगीर सहित छह प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है। उनका यह निर्णय एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है। इससे इस सत्र में एक शक्तिशाली प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है। कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें उन्मुक्त चंद, चैतन्य बिश्नोई और जुनैद सिद्दीकी शामिल हैं। ये खिलाड़ी अपने निरंतर प्रदर्शन और मैदान पर नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। यूएसपीएल के संस्थापक जयदीप सिंह ने कहा, 'हम इस सत्र में टीमों की ओर से रिटेन किए गए खिलाड़ियों के लेकर बेहद उत्साहित हैं। प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन करने का निर्णय इस बात को दर्शाता है कि फ्रेंचाइजी मजबूत और प्रतिस्पर्धी स्क्वाड बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस ठोस आधार के साथ तीसरा सत्र रोमांचक होने वाला है, जहां हमारे प्रशंसक मैदान पर और अपने मोबाइल और टीवी सेट पर हमारे साझेदार प्रसारकों और स्ट्रीमर्स के साथ उच्च गुणवत्ता का क्रिकेट देखेंगे।' रिटेन किए गए खिलाड़ियों के साथ, प्रत्येक फ्रेंचाइजी आने वाली नीलामी में अपनी टीम को और मजबूत करने की उम्मीद कर रही है। इसमें विश्वभर के बड़े नाम भी शामिल होंगे और लीग में कई नई प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। प्रशंसक यूएसपीएल के तीसरे सत्र में फ्लोरिडा, मियामी के शानदार मैदानों पर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का शानदार सीजन देखने की उम्मीद कर सकते हैं।

## पैरालिंपिक खेलों के पदक विजेताओं को केंद्रीय खेल मंत्री ने नकद पुरस्कार से किया सम्मानित



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने पेरिस में हाल ही में संपन्न पैरालिंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख रुपये और कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय एथलीटों को 30 लाख रुपये के नकद पुरस्कार दिए। इसके अलावा मिश्रित टीम स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को 22.5 लाख रुपये दिये गए।

मंडाविया ने पैरा-एथलीटों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया, जिससे उन्हें 2028 लॉस एंजिल्स पैरालिंपिक में अधिक पदक जीतने का लक्ष्य रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंडाविया ने कहा, देश पैरालिंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में 4 पदकों में से, भारत ने टोक्यो में 19 और पेरिस में 29 पदक जीते हैं, और 18वें स्थान पर रहा। उन्होने कहा, हम अपने सभी पैरा-एथलीटों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालिंपिक में अधिक पदक और स्वर्ण पदक जीत सकें।

भारत ने अपने ऐतिहासिक पेरिस पैरालिंपिक अभियान का समापन सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदकों के साथ किया, जो प्रतियोगिता के इतिहास में देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस बेहतरीन प्रदर्शन से पैरालंपिक खेलों के इतिहास में 50 पदक का आंकड़ा भी पार कर लिया। सैकड़ों समर्थकों से भरे भारत के पैरालंपिक पदक विजेता फ्रांस की राजधानी में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करने के बाद जोरदार स्वागत के साथ लौटे।

## ब्रुसेल्स डायमंड लीग फाइनल में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा, अविनाश साबले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 13 और 14 सितंबर को बेल्जियम के ब्रुसेल्स में डायमंड लीग सीज़न के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहने के बाद सीज़न के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने लुसाने और दोहा में शानदार प्रदर्शन किया और दोनों ही मुकाबलों में दूसरे स्थान पर रहे।

लुसाने डायमंड लीग में, उन्होंने 89.49 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि दोहा में, यह 88.36 मीटर था। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लेंगे। हाल ही में, वे पोलैंड में सिलेसिया डायमंड लीग 2024 में 14वें स्थान पर रहे।

**पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा की अंतिम प्रविष्टि सूची–**

नीरज चोपड़ा (भारत), जेनकी रॉड्रिक डीन (जापान), आर्टट फेल्नर (यूक्रेन), टिमोथी हरमन (बेल्जियम), एंड्रियन मार्डेरे (मोल्दोवन), एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जैकब वडलेज (चेक रिपब्लिक), जूलियन वेबर (जर्मनी)।




**पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ की अंतिम प्रविष्टि सूची–**

डैनियल आर्से (स्पेन), एबडेराफिया बौसेल (मोरक्को), सौफ़ियान बक्काली (मोरक्को), सैमुअल फ़िरेवु (इथियोपिया), मोहम्मद अमीन झिनौई (ट्यूनीशिया), अब्राहम किबिवोट (सेंट किट्स और नेविस), विलबरफ़ोर्स केमियाट कोन्स (सेंट किट्स और नेविस), अविनाश मुकुंद सेबल (भारत), अमोस सेरेम (सेंट किट्स और नेविस),अब्राहम सिमे (इथियोपिया), मोहम्मद टिंडौफ़्ट (मोरक्को), गेटनेट वेले (इथियोपिया)।

## पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक के अनुबंध नवीनीकरण प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराएगा एआईएफएफ

एजेंसी

**नई दिल्ली,।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक के अनुबंध नवीनीकरण में अपनाई गई आंतरिक प्रक्रियाओं और इसमें शामिल कर्मियों की स्वतंत्र जांच की मांग की है। स्टिमक का अनुबंध 17 जून को समाप्त कर दिया गया था, जब एआईएफएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्रोएशियाई प्रबंधक के साथ एक आभासी बैठक की थी। अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद स्टिमक ने फीफा फुटबॉल ट्रिब्यूनल के समक्ष 920,000 डॉलर का दावा दायर किया था। स्टिमक और एआईएफएफ ने हाल ही में क्रोएशियाई को मुख्य कोच के पद से हटाने के लिए मुआवजे के समझौते पर सहमति व्यक्त की।

एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने सोमवार को हैदराबाद में एक बैठक की। बैठक के दौरान, सदस्यों ने महासंघ के अनुबंध के तहत दावों के नवीनीकरण, समाप्ति और अंतिम निपटान पर चर्चा की। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, यह देखते हुए कि पूर्व मुख्य कोच ने अंततः एआईएफएफ के साथ पूर्ण और अंतिम समझौता करने से पहले फीफा फुटबॉल ट्रिब्यूनल के समक्ष



920,000 डॉलर का दावा दायर किया था, सदस्यों ने 2023 में हेड कोच के अनुबंध को अस्वीकृत और प्रतिकूल शर्तों पर नवीनीकृत करने के दौरान शामिल कर्मियों के, जिसने अंततः एआईएफएफ को समझौता करने की स्थिति में छोड़ दिया, जिससे दावे के निपटान में महासंघ को महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान हुआ, आंतरिक प्रक्रियाओं की स्वतंत्र जांच की मांग की। एआईएफएफ ने कहा, सदस्यों ने यह भी आशंका व्यक्त की कि कैसे एक पूर्व कर्मचारी, जो अब भारतीय फुटबॉल में किसी भी पद पर नहीं है, दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ और एशियाई फुटबॉल परिसंघ की विभिन्न समितियों में एआईएफएफ का प्रतिनिधित्व करना जारी रखता है और एआईएफएफ एक्ससीओ से इन निकायों को लिखने और इस तरह की प्रथाओं को रोकने के लिए कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

## पेरिस पैरालिंपिक से स्वदेश लौटने पर भारतीय दल का हुआ जोरदार स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालिंपिक में इतिहास रचने के बाद भारतीय दल आज नई दिल्ली लौट आया है। आईजीआई एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत हुआ। भारतीय दल ने पैरालिंपिक में 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदक जीते। ऐतिहासिक अभियान के समापन के बाद, भारत ने 2020 में टोक्यो में 19 पदक के अपने पिछले रिकॉर्ड पदक को पार कर लिया, जो टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में हासिल किया गया था। भारत इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को 18वें स्थान पर रहा।

पैरा-शूटर अवनि लेखरा दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, वह 249.7 अंकों के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 शूटिंग खिताब का बचाव करने में सफल रहीं। भारत ने पहली बार पैरा-एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एक-द्वितीय स्थान दर्ज किया, जिसमें धरमबीर और परनव सूरमा ने पुरुषों की क्लब थ्रो एफ 51 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। यह इस खेल में भारत के पहले पदकों में से एक था। धर्मबीर ने 34.92 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। टी64 ऊंची कूद स्पर्धा में, प्रवीण कुमार 2.08 मीटर की एशियाई रिकॉर्ड-तोड़ छलांग के साथ पोडियम के शीर्ष पर रहे, जिससे भारत को छठा स्वर्ण पदक मिला।

## सोफी और सूजी नौवीं बार खेलेंगी महिला टी-20 विश्वकप में

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए कप्तान सोफी डिवाइन की अगुवाई में अनुभवी 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है और यह नौवीं बार होगा जब सोफी डिवाइन तथा सूजी बेट्स इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज इजी गेज का यह पहला टी-20 विश्वकप है।न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स के लिए यह नौवां महिला टी-20 विश्वकप है। इसके अलावा चोटिल तेज गेंदबाज रोजमेरी मैयर की भी टीम में वापसी हुई है। 24 टी-20 मैचों में 18 विकेट लेने वाली रोजमेरी मैयर, ली ताहूहू, जेस केर, हन्ना रोवे और मौली पेनफोल्ड के हाथों में तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान होगी। वहीं बेट्स और ब्रुक हॉलिडे को तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया गया हैं।

## अफगानिस्तान–न्यूजीलैंड टेस्ट : बारिश और तैयारियों में कमी बनी बाधा, अब पूरा मैच ही रद्द होने की आशंका

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान में कई जगह कीचड़ होने के साथ-साथ बारिश के कारण नालियाँ भर गई हैं, जिसके कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच शुरू नहीं हो पाया है। लगातार दूसरे दिन खेल नहीं हो पाया, यहाँ तक कि टॉस भी नहीं हो पाया और इस बात का डर बढ़ रहा है कि अब कहीं पूरा खेल ही बिना टॉस के न खत्म हो जाए। अफ़गानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने माना कि स्थिति गंभीर है और कहा कि वह टेस्ट शुरू करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है, लेकिन बारिश का मौसम असहनीय साबित हो रहा है। हालांकि दिन में बारिश नहीं हुई, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि मैच क्यों शुरू नहीं हो पाया। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, आउटफील्ड रेत आधारित



नहीं है, जो नमी को सोखने में बेहतर होती और सूखने में भी तेज होती। ग्रेटर नोएडा में भारी बारिश के कारण जल निकासी व्यवस्था पर भी काफी दबाव पड़ा है, जो राष्ट्रीय राजधानी से लगभग दो घंटे की दूरी पर है।मैदान का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही इस खराब मौसम से सुरक्षित रह सका - मुख्य चौक, जिसमें खेल की सतह और अभ्यास पिच तथा 30 गज का घेरा है। यह समझा जाता है कि आउटफील्ड पर बहुत सारे पॉकेट और यहां तककि इनर सर्कल के अंदर और आसपास के कुछ पॉकेट - मिडविकेट, मिड-ऑफ और कवर - फिसलन भरे हैं। आयोजन स्थल पर मौजूद एक अधिकारी ने कहा कि ऊपरी परत पैरों के नीचे हिलने लगी थी, जिससे यह जोखिम भरा और खेलने के लिए अनुपयुक्त हो गया।

अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान अभ्यास के दौरान फिसल गए और उनका टखना मुड़ गया, जिसके कारण उन्हें टेस्ट से बाहर होना पड़ा। जबकि एसीबी ने चोट के बारे में मीडिया को एक बयान भेजा, अधिकारी का मानना ??है कि यह आउटफील्ड के खराब होने का परिणाम था। मेजबान होने के नाते, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी एसीबी की है कि स्थल मैच के लिए उपयुक्त हो।

एक बयान में एसीबी ने कहा कि बीसीसीआई मैच शुरू करने के लिए परिस्थितियों को आदर्श बनाने के लिए अतिरिक्त मशीनरी प्रदान करके सहायता कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि भारतीय बोर्ड के कहने पर दिल्ली के फिरोज शाह कोटला के क्यूरेटर अंकित दत्ता ग्रेटर नोएडा पहुंचे। मैदान पर गेंद सुखाने के लिए सुपर सोपर भी भेजा गया। ऐसा माना जा रहा है कि दत्ता ने मैदान के अधिकारियों और एसीबी से कहा है कि उन्हें तत्काल कोई उपाय नहीं दिख रहा है।

## पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने मान लिया कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है : देवेंद्र झाझरिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने ये मान लिया कि है कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है।

भारतीय दल ने पेरिस में अपने पैरालिंपिक अभियान का समापन सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदकों के साथ किया। पैरालिंपिक के इतिहास में भारत द्वारा जीते गए 29 पदक सबसे अधिक हैं। इस ऐतिहासिक अभियान के समापन के बाद, भारत ने टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में हासिल किए गए 19 पदकों के अपने रिकॉर्ड को भी पार कर लिया। भारत ने इस मार्की इवेंट का समापन 18वें स्थान पर किया।

इससे पहले पेरिस पैरालिंपिक में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय दल भारत वापस लौट आया। हिन्दुस्थान समाचार को दिये साक्षात्कार में झाझरिया ने कहा कि



पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने ये मान लिया कि है कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है। उन्होंने कहा, पेरिस में हमारे खिलाड़ियों ने इतिहास बनाया है सबसे बड़ा मैसैज ये है कि पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने ये मान लिया कि है कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है, क्यों कि हम पदक तालिका में शीर्ष 20 में शामिल हो गए हैं, जो बड़ी बात है। झाझरिया ने कहा, जब हम भारत से रवाना हुए थे, तो हमने सोचा था कि हम 25 से ज़्यादा पदक जीतेंगे और शीर्ष 17-18 देशों में शामिल होंगे। भारत अब एक खेल राष्ट्र बन गया है। हमने इतिहास रच दिया है। दूसरे देशों को भी अब एहसास हो गया है कि भारत ने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की योजनाओं की वजह से ही भारत ने बहु-खेल आयोजन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा, पिछले 10 सालों में खेलों में काफ़ी काम हुआ है, चाहे वह टॉप्स हो, खेलो इंडिया हो, प्रशिक्षण केंद्र हो आदि। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र की योजनाओं की वजह से ही हमने इतिहास रच दिया है।

झाझरिया ने आगे कहा, हमने तीरंदाज़ी में पहला स्वर्ण पदक जीता। हमने ब्लाइंड जूडो में भी पहला पदक जीता। यह शानदार प्रदर्शन था। हमने 12 महीने पहले से ही पेरिस पैरालिंपिक की तैयारी शुरु कर दी थी, हमने पेरिस में पहले ही देख लिया था कि इंडियन फूड रेस्टोरेंट कौन से अच्छे हैं। तो ये एकदिन का परिणाम नहीं है, मैं उन लोगों का भी आभार जताता हूं, जिन्होंने हमारे एथलिटों के लिए हरसंभव मेहनत की, पूरे पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया परिवार को भी बधाई देता हूं क्योंकि ये किसी एक का नहीं, बल्कि सबका योगदान है मसाजर से लेकर प्रधानमंत्री तक सभी इस सफलता के भागीदार हैं। झाझरिया ने प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार जताया, उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने पिछले 10 साल में पैरा स्पोर्टस के लिए जो काम किया है वो असाधारण रहा है, उन्होंने हौसला भी बढ़ाया है और सुविधाएं भी दी हैं, उन्होंने दोनों काम किया है, समय से खिलाड़ियों से बात करना उनका हौसला अफजाई करना वो करते आ रहे हैं, जब हम पेरिस जा रहे थे तो उन्होंने सभी से मुलाकात की और हौसला बढ़ाया, सभी खिलाड़ियों के प्रति उनका उत्साह रहता है, उनके एक-एक शब्दों से खिलाड़ी हौसला लेते हैं।

## सुब्रतो कप जूनियर बॉयज अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी नई दिल्ली के अंबेडकर स्टेडियम में 63वें सुब्रतो कप जूनियर बॉयज अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल में मेघालय के माइनकेन क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल और मणिपुर के बिष्णुपुर के टीजी इंग्लिश स्कूल की टक्कर होगी। यह मैच दोपहर 3ः30 बजे शुरू होगा। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, एडीसी, सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इसके अलावा प्रसिद्ध एथलीट और 2023 एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता हरमिलन बैंस विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी। टीजी इंग्लिश स्कूल, मणिपुर से सुब्रतो कप जीतने वाला दूसरा स्कूल बनने की कोशिश करेगा। इससे पहले इबेमचा एचएसएस ने 1979 और 1980 में लगातार दो खिताब जीते थे। बिष्णुपुर का यह स्कूल पिछले वर्ष के प्रदर्शन को बेहतर करते हुए फाइनल में पहुंचा है, जहां 2023 के संस्करण में वह सेमीफाइनल में अंततः चैंपियंस गवर्नमेंट मॉडल एसएसएस से हार गया था। इस साल उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार तरीके से की। पहले ग्रुप मैच में मध्य प्रदेश के इंदौर पब्लिक स्कूल को 7-0 से हराया और फिर नेपाल के सैनिक आवासीय महाविद्यालय को 4-0 से हराया। अपने अंतिम ग्रुप मैच में पश्चिम बंगाल के चौबागा हाई स्कूल के खिलाफ 1-1 की बराबरी के साथ बेहतर गोल अंतर के आधार पर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। क्वार्टरफाइनल में, उन्होंने उत्तराखंड के अमेनिटी पब्लिक स्कूल को 1-0 से मात दी। सेमीफाइनल में श्रीलंका स्कूल्स फुटबॉल एसोसिएशन को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। टीजी इंग्लिश स्कूल के कोच एच. इमो सिंह ने कहा कि हम मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार हैं और कल के फाइनल को लेकर आश्वस्त हैं। हमारा लक्ष्य ट्रॉफी को मणिपुर वापस ले जाना है। हम मेघालय की टीम का सम्मान करते हैं और उन्हें हल्के में नहीं लेंगे। मैंने चार बार सुब्रतो कप में भाग लिया है और यह हमेशा एक शानदार अनुभव रहा है। वहीं, माइनकेन क्रिश्चियन एचएसएस अपने दूसरे सुब्रतो कप फाइनल में खेलेगा। उनका पिछला फाइनल 2011 में था, जब वह एनसीसी पश्चिम बंगाल और सिक्किम बटालियन से 2-1 से हार गया था। इस बार उसका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है और मेघालय से सुब्रतो कप जीतने वाली पांचवीं टीम बनने की कोशिश करेंगे। मेघालय से पहले सेंट एंथनी एचएसएस, शिलॉन्ग (1978), गवर्नमेंट बॉयज एचएस, शिलॉन्ग (1999), ओम रॉय मेमोरियल स्कूल, शिलॉन्ग (2013) और होपवेल एलियास एचएसएस, शिलॉन्ग (2013) ने यह खिताब जीता है। माइनकेन क्रिश्चियन एचएसएस ने अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की थी। दादरा और नगर हवेली के सेंट फ्रांसिस जेवियर हाई स्कूल को 23-0 से हरा कर और फिर गत चैंपियन गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 37-बी, चंडीगढ़ को 1-0 से मात दी।

## उन पर ध्यान दो जो आपकी खुशी में खुश होते

# मलाइका अरोड़ा


## ने अर्जुन से ब्रेकअप की खबरों के बीच किया पोस्ट



फिल्मी दुनिया में सेलिब्रिटीज जितना अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में रहते हैं, उससे कई ज्यादा उनके ब्रेकअप की खबरें लाइमलाइट बटोरती हैं। पिछले कुछ समय से मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का भी यही हाल है। दोनों के ब्रेकअप की खबरें पिछले कई महीनों से सुर्खियों में है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूरने इसी साल अपनी राहें जुदा कर ली हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने कुछ महीने पहले ही अपना 6 साल का रिश्ता खत्म कर दिया है। हालांकि, इसके पीछे क्या वजह है, यह सामने नहीं आया है। अर्जुन और मलाइका ने अभी तक अपने ब्रेकअप की पुष्टि नहीं की है और ना ही उन्होंने इसे खारिज किया है।

**मलाइका अरोड़ा का क्रिप्टिक पोस्ट**

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर तो कुछ नहीं कहा है, लेकिन वे क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए इन खबरों को हवा देते रहते हैं। एक बार फिर छैया छैया एक्ट्रेस ने डिजर्विंग लोगों के बारे में एक पोस्ट शेयर किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी



पर मलाइका ने एक क्वोट शेयर किया है, जिसमें लिखा है, हमेशा उन लोगों पर ध्यान दें जो आपकी खुशी में खुश होते हैं और आपके दुख में दुखी होते हैं। वे ही लोग हैं जो आपके दिल में एक खास जगह के हकदार हैं।

**6 साल से कर रहे थे डेटिंग**

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर पिछले 6 सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। 2018 में उन्होंने डेटिंग शुरू की थी, तब से दोनों ने कभी अपने रिश्ते को सीक्रेट नहीं रखा। दोनो के बीच 12 साल उम्र का फासला है। इस वजह से उन्हें बहुत ट्रोल किया गया, लेकिन दोनों ने कभी उन पर ध्यान नहीं दिया और हमेशा ट्रोल्स को करारा जवाब दिया। फिलहाल, जब से मलाइका और अर्जुन के ब्रेकअप की खबरें आई हैं, तब से दोनों साथ में स्पॉट नहीं हुए हैं।

## नितेश तिवारी की रामायण में रणबीर कपूर का 90 फीसदी काम पूरा, यश और सनी देओल कब शुरू करेंगे शूटिंग?



नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही रामायण लंबे वक्त से सुर्खियां बटोर रही है. जब से फिल्म की चर्चा शुरू हुई है तभी से लोग इसका बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं. फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम और साउथ एक्ट्रेस सई पल्लवी माता-सीता के रोल में दिखाई देने वाली हैं. बताया जा रहा है कि रणबीर कपूर ने रामायण पार्ट 1 की अपने हिस्से की 90 फीसदी शूटिंग पूरी कर ली है. अब खबर है कि फिल्म में रावण का किरदार निभाने वाले साउथ सुपरस्टार यश इसी साल के अंत में अपने हिस्से की शूटिंग शुरू करेंगे.यश फिल्म रामायण में रावण का किरदार निभाने के साथ-साथ इसके को-प्रोड्यूसर भी हैं. बॉलीवुड में उनकी एंट्री माइथोलॉजी के सबसे दमदार और खूंखार विलेन के किरदार से हो रही है. ऐसे में यश के फैंस भी उनको रावण के रोल में देखने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. पिंकविला की रिपोर्ट में बताया गया है कि यश इसी साल दिसंबर में फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे. रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से कहा गया, यश रामायण में अपने कैरेक्टर के लिए कई लुक टेस्ट से गुज़रे हैं और वो दिसंबर में शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं. वो अपनी अगली फिल्म टॉक्सिक के अहम हिस्से की शूटिंग के बाद रामायण पार्ट 1 की टीम के साथ जुड़ जाएंगे. वो रामायण के सबसे कॉम्प्लैक्स रोल को प्ले करने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं.

**सनी देओल कब शुरू करेंगे शूटिंग ?**

यश फिल्म की शूटिंग 2025 की पहली तिमाही तक कर लेंगे. इसके बाद सनी देओल अगले साल की गर्मी में अपने हिस्से की शूटिंग शुरू करेंगे. सनी देओल इस रामायण में हनुमान का किरदार निभाने वाले हैं. बॉर्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 की शूटिंग खत्म करने के बाद सनी देओल नितेश की रामायण से जुड़ेंगे. उन्होंने नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा को शूटिंग के लिए बल्क में डेट्स दे दी हैं. इसके अलावा रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि 2025 के बीच में किसी वक्त रणबीर कपूर के सनी देओल और यश के साथ सीन्स को फिल्माया जाएगा.

**रामायण पार्ट 1 कब होगी रिलीज़ ?**

बताया गया है कि फिल्ममेकर इस बात को लेकर कॉन्फिडेंट हैं कि वो इस फिल्म को 2026 में रिलीज़ कर देंगे. इस फिल्म के ज़रिए मेकर्स देश को ग्लोबल लेवल पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं. रामायण के हर किरदार की शूटिंग अगस्त 2025 तक पूरी कर ली जाएगी.

## सलमान खान की Sikandar में उस एक्ट्रेस की हुई एंट्री, जिसकी फिल्म ने कभी राम चरण को बना दिया था सुपरस्टार



Sikandar के लिए Salman Khan पसलियों में लगी चोट के बावजूद शूट कर रहे हैं. ऐसा कहा रहा था कि उनकी दो पसलियों में चोट है. इस वजह से फिल्म का शूट टल सकता है. लेकिन फिल्म को अगले साल ईद पर लाने के लिए सलमान डटे हुए हैं. फिल्म का शूट फुल स्विंग में मुंबई में चल रहा है. इसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं. अब खबर है कि उनके साथ एक और एक्ट्रेस की फिल्म में एंट्री हुई है, और वो एक्ट्रेस हैं काजल अग्रवाल.'सिकंदर' को अगले साल रिलीज किया जाना है. इस फिल्म से सलमान खान को बहुत उम्मीदें हैं. चूंकि बहुत दिनों से सलमान की फिल्मों ने उनकी साख के अनुसार परफ़ॉर्म नहीं किया है. ऐसे में इस फिल्म में वो तो अपना सबकुछ झोंक ही रहे हैं, साथ ही मेकर्स भी इसे ग्रैंड बनाने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते.

**दूसरी साउथ एक्ट्रेस की एंट्री**

चूंकि फिल्म के डायरेक्टर एआर मुरुगदास हैं. वो मूल रूप से साउथ फिल्मों के डायरेक्ट हैं. उन्होंने हिंदी में सिर्फ 'गजनी' और 'हॉलीवडे' बनाई है. 'सिंकदर' उनकी तीसरी ही हिंदी फिल्म होगी. अब उनकी साउथ में अच्छी पैठ है, ऐसे में इस फिल्म में साउथ के कई चेहरे दिखने स्वाभाविक हैं. रश्मिका मंदाना थीं ही. सत्याराज( कटप्पा) भी थे. अब काजल अग्रवाल भी आ चुकी हैं. हालांकि उन्होंने बॉलीवुड की 'सिंघम' जैसी फिल्म में भी काम किया है, लेकिन उनका बॉडी ऑफ वर्क ज्यादातर साउथ की भाषाओं का ही है. राजामौली की जिस 'मगधीरा' नाम की फिल्म ने राम चरण को साउथ सिनेमा का सुपरस्टार बनाया, उसी से काजल को भी पहचान मिली.

**सिकंदर' में होंगे दो ग्रैंड गाने**

बहरहाल, अब दो साउथ की हीरोइन लेने से संभव है 'सिकंदर' साउथ इंडिया में भी ठीक बिजनेस करे. बाकी आने वाला वक्त बताएगा कि होता क्या है. बस 2025 की ईद तक का इंतजार करना होगा. 'सिकंदर' में दो बड़े गाने रखने की बात कही जा रही है.

ऐसा कहा जा रहा है कि इस फिल्म में एक डांस नंबर होगा और एक रोमांटिक सॉन्ग होगा. प्रीतम ने ये गाने बनाए हैं. मेकर्स 'दबंग' वाला फॉर्मूला अपना रहे हैं. उसमें 'तेरे मस्त मस्त दो नैन' जैसा एक बढ़िया रोमांटिक सॉन्ग था और 'हमका पीनी है' जैसा डांस के लिए मजबूर कर देने वाला गाना. 'सिकंदर' के दोनों गानों को यूरोप में शूट किए जाने का प्लान है. दरअसल फिल्म के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला चाहते हैं कि ये गाने सिर्फ सुनने में न अच्छे हों, बल्कि देखने में भी एक से बढ़कर एक हों, क्योंकि ये वीडियो का जमाना है. फिल्म की रिलीज से पहले आए गाने ही पिक्चर के लिए माहौल सेट करते हैं.

# जिस जगह विराट-अनुष्का ने रचाई शादी, वहां शूट होगा ऋतिक-कियारा का रोमांटिक सॉन्ग

ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'वॉर 2' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. ये फिल्म 2019 में आई फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है. फिल्म को लेकर अब ऐसी जानकारी सामने आई है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है. जानकारी के मुताबिक 'वॉर 2' में कियारा और ऋतिक का एक रोमांटिक ट्रैक होगा, जिसकी शूटिंग इटली में होगी. ऐसे में दोनों स्टार जल्द ही इटली रवाना हो सकते हैं. गाने की शूटिंग इटली में 18 सितंबर से शुरू होगी और ये 15 दिनों तक चलेगी.इटली में दोनों स्टार्स वेनिस, टस्कनी, लेक कोमो, नेपल्स, अमाल्फी कोस्ट और सोरेंटो प्रायद्वीप जैसे खूबसूरत जगहों पर इस गाने की शूटिंग करेंगे. खास बात ये है कि विराट और अनुष्का ने इटली के टस्कनी में 11 दिसंबर 2017 में शादी की थी. इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है. वहीं इसमें ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी का ग्लैमर अवतार नजर आएगा. गाने की शूटिंग के बाद सभी अक्टूबर में भारत वापस आ सकते हैं.

**सुरक्षा के किए गए हैं पुख्ता इंतजाम**

गाने की शूटिंग के फोटो और वीडियो लीक न हो पाए इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. इसके लिए सुरक्षाकर्मियों को काम पर रखा गया है. ये सुरक्षाकर्मी शूटिंग वाली जगह मौजूद रहेंगे, जिससे ऑफिशियल रिलीज से पहले शूटिंग की कोई भी फोटो लीक न हो पाए. 'वॉर 2' को अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म में ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी पहली बार साथ काम कर रहे हैं. इसके अलावा 'वॉर 2' में जूनियर एनटीआर भी नजर आएंगे. फिल्म में एनटीआर



विलेन बने हुए हैं. ऐसे में ऋतिक और एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा. 'वॉर 2' 14 अगस्त 2025 को रिलीज होने वाली है.

**वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है फिल्म**

वॉर 2 को लेकर फैन्स काफी एक्साइटेड हैं. फिल्म आदित्य चोपड़ा के वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है और ये यूनिवर्स की छठी फिल्म है. इससे पहले इस यूनिवर्स की 'एक था टाइगर' (2012), 'टाइगर जिंदा है' (2017), वॉर (2019), 'पठान' (2023) और 'टाइगर 3' (2023) आ चुकी हैं. फिल्म का पहला पार्ट साल 2019 में आया था. फिल्म को लोगों ने काफी पसंद किया था. 'वॉर' ने भारत में 375 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं दुनियाभर में इसने 471 करोड़ रुपये का बिज़नेस किया था.वॉर में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिकाओं में थे. फिल्म में टाइगर शिष्य होते हैं वहीं ऋतिक उनके गुरु. दूसरी फिल्मों की तरह इस फिल्म में भी देश बचाने की कहानी है. फिल्म में ऋतिक रोशन एजेंट बने हैं, जिसे पता चलता है कि देश पर बड़ा आतंकी हमला होने वाला है. ऐसे में वो इसके लिए मिशन पर जाते हैं, जहां उन्हें कुछ ऐसा पता चलता है, जिससे वो अपने लोगों के ही दुश्मन बन जाते हैं. ऐसें ये मिशन टाइगर श्रॉफ को दिया जाता है और कहा जाता है कि वो कबीर को मार दे. इसके बाद दोनों में 'वॉर' शुरू होती है.

वर्क फ्रंट की बात करें तो 'वॉर 2' के अलावा कियारा फिल्म गेम चेंजर में राम चरण के साथ नजर आएंगी. साथ ही 'डॉन 3' में भी वो नजर आएंगी. इसमें वो रणवीर सिंह के अपोजिट होंगी. वहीं जूनियर एनटीआर फिल्म देवरा में डबल रोल में नजर आएंगे. इस फिल्म में उनके साथ जाह्नवी कपूर नजर आएंगी.